

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112

■ रायपुर,सोमवार 27 मई 2024 ■ ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष-4 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-059 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 28 मई 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.


## संक्षेप

### सौम्या चौरसिया को हाईकोर्ट से राहत नहीं

**रायपुर,27 मई।** छत्तीसगढ़ में कोयला घोटाले और मनी लॉन्ड्रिंग केस में जेल में बंद पूर्व सीएम भूपेश बघेल की उप सचिव रहीं सौम्या चौरसिया की जमानत अर्जी पर हाईकोर्ट ने अंतरिम राहत देने से इनकार कर दिया है। वहीं, इस मामले में प्रवर्तन निदेशालय ) को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। केस की अगली सुनवाई ग्रीष्मकालीन अवकाश 10 जून के बाद होगी। सौम्या चौरसिया की तरफ से पैरवी कर रहे एडवोकेट हर्षवर्धन परघनिया के साथ ही दिल्ली के सुप्रीम कोर्ट के एडवोकेट ने ऑनलाइन पैरवी की। उन्होंने सौम्या चौरसिया को अपने बच्चों की परवरिश के आधार पर जमानत मांगी है, लेकिन जस्टिस एनके व्यास ने अंतरिम राहत देने से इनकार कर दिया। साथ ही प्रवर्तन निदेशालय को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। वहीं छत्तीसगढ़ में कोयला घोटाला केस में ईओडब्लू की रिमांड पर निलंबित आईएएस रानू साहू और सौम्या चौरसिया 4 दिन की रिमांड पूरी होने के बाद आज दोपहर रायपुर के स्पेशल कोर्ट में पेश किया जाएगा। ईओडब्लू की टीम फिर से आज दोनों की रिमांड लेने की कोशिश करेगी।

### महिला थाना के 7 काउंसलरों को एसपी ने किया कार्यमुक्त

**दुर्ग,27 मई।** महिला थाने में पारिवारिक मामलों की काउंसिलिंग करने वाले 7 काउंसलरों की काउंसिलिंग में दुर्व्यवहार और पक्षपात करने की शिकायत दुर्ग एसपी के पहुंच रही थी. इस पर कार्रवाई करते हुए एसपी ने 7 काउंसलरों को हटाने के आदेश जारी कर दिए है. मिली जानकारी के अनुसार महिला थाना में पहुंचने वाले पारिवारिक मामलों की काउंसलिंग के लिए काउंसलरों की नियुक्ति की गई है. जहां पारिवारिक मामलों को परामर्श के माध्यम से सुलझाने का प्रयास किया जाता है, लेकिन दुर्ग पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र शुक्ला के पास लगातार महिला थाने में काउंसलरों द्वारा दुर्व्यवहार किए जाने और पश्नपात किये जाने की शिकायत पहुंच रही थी. एसपी ने श्रीमती विभा सिंह, श्रीमती संगीता सिंह, श्रीमती गौरी चक्रवर्ती को दुर्व्यवहार और पक्षपात की शिकायत पर हटा दिया. वहीं श्रीमती सरिता सिंह, श्रीमती अनीस सुल्ताना, श्रीमती मीना सुशील और श्रीमती प्रभा गुप्ता को लगातार अनुपस्थिति के चलते हटाया गया है. गौरतलब हो कि महिला थाने में पूर्व में 18 पुलिसकर्मियों की तैनाती थी. जिसमें से दो को हाल ही में सस्पेंड किया गया है. दो मैटरनिटी और अन्य अवकाश पर हैं. दो नाइट ड्यूटी करते हैं. शेष 12 जनरल शिफ्ट वाले हैं. वहीं थाने में काउंसलरों की संख्या 18 थी जो कि थाने के बल से काफी ज्यादा है.

### केजरीवाल ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर जमानत 7 दिन बढ़ाने की मांग की

**नई दिल्ली,27 मई।** सुप्रीम कोर्ट में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने एक नई याचिका दायर कर अपनी अंतरिम जमानत 7 दिन बढ़ाने की मांग की है. केजरीवाल ने अपनी नई याचिका में स्वास्थ्य कारणों का हवाला देकर कुछ दिन का और वक्त मांगा है. आम आदमी पार्टी ने सोमवार को बताया कि दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर अपनी अंतरिम जमानत 7 दिन बढ़ाने की गुहार लगाई है. 'आप' ने कहा कि केजरीवाल को PET-CT स्कैन और अन्य टेस्ट कराने हैं, इसलिए जांच कराने के लिए उन्होंने 7 दिन का और समय मांगा है.

गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दिपांकर दत्ता की बेंच ने बीती 10 मई को कथित शराब नीति घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में तिहाड़ जेल में बंद केजरीवाल को 1 जून तक के लिए अंतरिम जमानत दे दी थी.

# पद्मश्री वैद्यराज मांझी को नक्सलियों ने दी जान से मारने की धमकी

### मांझी का पद्मश्री लौटाने व उपचार बंद करने का निर्णय

**रायपुर,27 मई।** पद्मश्री से सम्मानित विख्यात वैद्यराज हेमचंद मांझी को नक्सलवादियों ने जान से मारने की धमकी दी है। इसको लेकर नारायणपुर इलाके में सनसनी फैल गई है। ज्ञात हो कि नक्सल धमकी के कारण हेमचंद अपने गांव को छोड़कर नारायणपुर में रह रहे हैं। वे जड़ी-बूटी से विभिन्न रोगों का इलाज करते हैं। मांझी कैंसर का भी उपचार करते हैं। प्रतिदिन बड़ी संख्या में ग्रामीण व आदिवासी सहित शहरी क्षेत्रों के लोग भी अपनी बीमारी का उपचार कराने मांझी के पास आते हैं। वे गत 50 वर्षों से निःशुल्क उपचार कर रहे हैं। सैकड़ों लोग उनकी जड़ी-बूटी से निर्मित औषधि से स्वस्थ हो चुके हैं। बताया जाता है कि विधानसभा चुनाव के समय भी उनको माओवादियों ने धमकी दी थी। दहशत में मांझी गांव छोड़कर नारायणपुर आ गए हैं। वे नारायणपुर में उपचार



कर रहे हैं। उनको नक्सली लगातार धमकी दे रहे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार मांझी को पद्मश्री मिलने से नक्सली नाराज हैं। पूर्व में मांझी के भतीजे कोमल की नक्सलवादियों ने हत्या कर दी थी। कोमल के दो दोस्तों को भी मौत के घाट उतार दिया गया था। धमकी से वैद्यराज दहशत में है। उनका कहना है कि वे तो समाज सेवा कर रहे हैं। सरकार की ओर से उन्हें कोई सुरक्षा नहीं मिली है। छः माह से धमकी मिल रही है। मांझी ने कहा कि नक्सली धमकी के कारण वे न केवल पद्मश्री सम्मान को लौटा देंगे बल्कि अब इलाज करना भी बंद कर देंगे। उन्हें जड़ी-बूटी लाने जंगल जाना पड़ता है। नक्सलियों की धमकी के कारण वे जंगल नहीं जाएंगे तो जड़ी-बूटी कहां से लाएंगे। ऐसे में मरीजों का उपचार करने का प्रश्न ही पैदा नहीं होता है। नक्सलियों ने बीएसएनएल के टावर को आग के हवाले कर पोस्टर लगाया था। पोस्टर में पद्मश्री हेमचंद मांझी को जान से मारने की धमकी दी थी। पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने बताया कि रविवार देर रात छोटेडोंगर पुलिस थाने से 4 किमी दूर चमेली गांव और गौरदण्ड में दस्तक देकर दो बीएसएनएल टावर को आग के हवाले कर दिया हैं। वहीं नक्सलियों ने मौके पर कई बैनर पोस्टर भी लगाए। उनमें छोटेडोंगर के पद्मश्री वैधराज हेमचंद्र मांझी को आमदई खदान का दलाल बताते हुए देश से मार भगाने की धमकी दी है।

## नक्सल उन्मूलन अभियान के नाम पर निर्दोषों को मार रहे : कुंजाम

**रायपुर, 27 मई।** पूर्व विधायक मनीष कुंजाम ने कहा है कि नक्सलियों के खिलाफ अभियान के नाम पर फर्जी मुठभेड़ों में निर्दोष आदिवासियों की हत्या की जा रही है। उन्होंने बस्तर में तेज़ी से बढ़ रही मुठभेड़ और आये दिन निर्दोष आदिवासियों की हत्याओं के समाचारों पर गहरी चिंता व्यक्त की है। पहले भी फर्जी मुठभेड़ होती थी, पर अब उनकी आवृत्ति ख़तरनाक रूप से बढ़ गई है। हाल ही में हुई बीजापुर के पीड़िया और इतवार गाँव में 12 आदिवासी मारे गए जबकि सच तो यह है कि 12 में से 10 आदिवासी थे। इन सभी पर तेंदूपत्ता संग्रहण करते समय दौड़ा-दौड़ा कर गोलियां बरसाई गई। घायलों में एक 16 साल का बच्चा तीन गोलियों का शिकार था जो उस वक्त गाँव में ही मौजूद था जब हम घटना की जाँच करने गए थे। इनके आलावा तक़रीबन 50 से अधिक ग्रामीणों को पुलिस बंधक बनाकर अपने साथ ले गई थी जिनमे से अधिकतर की रिहाई हो गई है और कुछ को जेल भेज दिया गया । सीबीए का मानना है कि किसी भी निहत्थे व्यक्ति को मारना गलत है, चाहे वह कितना ही बड़ा माओवादी क्यों न हो। सुरक्षा बल केवल आत्म सुरक्षा में ही गोली चला सकते हैं, पर आये दिन जो वारदातें हो रही हैं, उनमें दिखने को आ रहा है कि माओवादी या साओबादी होने के संदेह पर ही निहत्थे लोगों की हत्या कर रहे हैं जो कि गैर कानूनी है। यह भी चिंता का विषय है कि इतनी सारी फर्जी मुठभेड़ो की शिकायतों के बावजूद शासन प्रशासन से कोई जवाब नहीं मिलता है।



## 135किमी. की रफ्तार से सुंदरबन के पास तट से टकराया चक्रवाती तूफान 'रेमल'

### तटीय इलाकों में हुई भारी तबाही, कई राज्यों में बारिश का अलर्ट

**कोलकाता,27 मई।** चक्रवाती तूफान 'रेमल' रविवार रात बांग्लादेश और पश्चिम बंगाल के बीच स्थित सुंदरबन के पास तट से टकरा गया है। बंगाल तट पर तीन से चार घंटे तक लैंडफॉल चला। रात 12.30 बजे लैंडफॉल खत्म हो गया। मौसम विभाग ने बताया कि चक्रवात 'रेमल' उत्तर-पूर्व की ओर बढ़ रहा है। वहीं तूफान के कारण पश्चिम बंगाल के तटीय इलाकों में भारी तबाही हुई है। कई इलाकों में पेड़ उखड़ गए, घर ढह गए, बिजली के खंभे भी उखड़ गए। साइक्लोन का सबसे ज्यादा कहर बांग्लादेश, दक्षिण 24 परगना के तटीय क्षेत्र दीघा, सुंदरबन और पश्चिम बंगाल के तटीय क्षेत्र में देखने को मिल रहा है। वहीं कोलकाता में भारी बारिश हो रही है। रविवार रात 8.30 बजे बांग्लादेश के मोंगला के दक्षिण-पश्चिम के पास सागर आईलैंड (पश्चिम बंगाल) और खेपुपारा (बांग्लादेश) के बीच पश्चिम बंगाल और बांग्लादेश के नजदीकी तटों पर लैंडफॉल शुरू हुआ था। जो तीन से चार घंटे से ज्यादा जारी रहा। इधर बंगाल की खाड़ी में आए चक्रवात रेमल का असर कोलकाता में देखने को मिल रहा है। कोलकाता शहर में जबरदस्त बारिश हो रही है। शहर के बीचोबीच पानी घुस गया है। कोलकाता में तेज आंधी और तूफान के साथ भारी बारिश हो रही है। इसके कारण कुछ जगहों पर बिजली बंद कर दी गई है। कलकत्ता इलेक्ट्रिक सप्लाई कॉर्पोरेशन ने भारी बारिश और हवाओं के कारण एहतियात के तौर पर निर्णय लिया है।

## मोदी ने राजनीति के प्रति लोगों में किया विश्वास पैदा: नड्डा

**वाराणसी,27 मई।** भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने उत्तर प्रदेश के वाराणसी में विद्वत बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि 10 साल पहले देश का नागरिक राजनीति के प्रति उदासीन हो चुका था, उसका विश्वास टूट चुका था। जब राजनीति में लोकमत उदासीन हो जाए, तो वो प्रजातंत्र के लिए खतरा बन जाता है। लेकिन 10 साल में प्रधानमंत्री मोदी जी ने साधारण नागरिक में एक विश्वास पैदा किया। आज इस विश्वास के कारण ही हम विकसित भारत के संकल्प को लेकर आगे बढ़ रहे हैं।

नड्डा ने कहा कि लंबे समय तक भारतीय राजनीति का अर्थ था, फूट डालो राज करो और सबके नाम पर वोट मांगो और सरकार बन जाए, तो किसी जाति के बन जाओ। उत्तर प्रदेश इसका प्रमाण है। यहां आपने दो पार्टियों की सरकार देखी है, जिन्होंने सबका मत लिया और बाद में एक जाति का बन के रह गईं। उन्होंने कहा कि आज दवाई मैन्युफैक्चरिंग में भारत दूसरे नंबर पर खड़ा है। सबसे सस्ती और असरदार दवाएं भारत बना रहा है। 126% एक्सपोर्ट बढ़ गया है। जेपी नड्डा ने कहा कि गांव, गरीब, वंचित, शोषित, पीड़ित, किसान, युवा, महिला... मोदी जी के नेतृत्व में सबका सशक्तिकरण हुआ है। आज 2 लाख पंचायतों में ऑप्टिकल फाइबर बिछाया गया है। आज 2 लाख कॉमन सर्विस सेंटर चल रहे हैं। ये बदलते भारत के बदलते गांव है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और अखिलेश यादव ने कहा कि भारत तो अनपढ़ है, यहा डिजिटल क्या करोगे, लेकिन मोदी जी भारत का सामर्थ्य जानते थे। आज यहां सब्जी बेचने वाला भी डिजिटल ट्रांजैक्शन कर रहा है। दुनिया का 40 प्रतिशत डिजिटल ट्रांजैक्शन आज भारत में होता है। वाराणसी लोकसभा से भाजपा के प्रत्याशी और प्रधानमंत्री मोदी के चुनाव प्रचार के लिए यहां पहुंचे नड्डा ने काल भैरव मंदिर में पूजा-अर्चना करने के बाद संवाददाताओं से बातचीत में विपक्ष के बारे में पूछे गये एक सवाल पर कहा, विपक्ष को आप देख ही लेंगे कि चार जून (लोकसभा चुनाव परिणाम की घोषणा की तिथि) को उसका क्या हाल होगा। उन्होंने विपक्ष पर धर्म के आधार पर आरक्षण देने का मंसूबा रखने का आरोप लगाते हुए कहा, संविधान में स्पष्ट लिखा हुआ है कि धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं होगा और जब तक मोदी जी हैं और भारतीय जनता पार्टी है, तब तक धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं होने देंगे। हम अपने दलित, आदिवासी, पिछड़े और अति पिछड़े वर्गों के आरक्षण पर किसी को डाका नहीं डालने देंगे।

## अगले पांच सालों के भीतर पूरे देश में यूसीसी लागू करेंगे: अमित शाह

**नई दिल्ली,27 मई।** लोकसभा चुनाव 2024 में समान नागरिक संहिता यानी यूसीसी का मुद्दा छाया हुआ है। पीएम नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह तीसरी बार सरकार बनने पर पूरे देश में समान नागरिक संहिता लागू करने की बात कह रहे हैं। तो वहीं विपक्षी गठबंधन सरकार बनने पर इसे हटाने की बात कह रही है। वहींयूसीसी को लेकर अमित शाह ने बड़ा ऐलान किया है। वहीं वन नेशन वन इलेक्शन पर भी प्रतिक्रिया दी है। गृह मंत्री ने कहा कि सत्ता में लौटे तो अगले पांच सालों के भीतर पूरे देश में यूसीसी लागू करेंगे। वहीं वन नेशन-वन इलेक्शन पर कहा कि देश में एक देश, एक चुनाव कराने का समय आ गया है। मोदी सरकार अपने अगले कार्यकाल में 'एक देश, एक चुनाव' को लागू करेगी। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि बीजेपी ने उत्तराखंड में एक प्रयोग किया है, जहां उसकी बहुमत की सरकार है, क्योंकि



यह राज्य और केंद्र का विषय है। यूसीसी 1950 के दशक से ही बीजेपी के एजेंडे में रही है और हाल ही में इसे बीजेपी शासित उत्तराखंड में लागू किया गया है। उन्होंने कहा कि मेरा मानना है कि समान नागरिक संहिता एक बहुत बड़ा सामाजिक, कानूनी और धार्मिक सुधार है। उत्तराखंड सरकार की ओर से बनाए गए कानून की सामाजिक और कानूनी जांच होनी चाहिए। धार्मिक नेताओं से भी सलाह ली जानी चाहिए। बीजेपी की सरकार आई तो अगले पांच साल में पूरे देश में यूसीसी लागू करेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार में आने पर हम एक देश, एक चुनाव के लक्ष्य को हासिल करने के लिए भी हरसंभव प्रयास करेंगे। इस पर भी चर्चा होनी चाहिए। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री ने रामनाथ कोविंद समिति बनाई है। मैं भी इसका सदस्य हूं। इसकी रिपोर्ट सौंप दी गई है। अब समय आ गया है कि देश में एक साथ चुनाव कराए जाएं।

## बलरामपुर में बजरंग दल के नेता और युवती की हत्या

**बलरामपुर,27 मई।** बजरंग दल के जिला सह संयोजक सुजीत सोनी और एक युवती को बलरामपुर-अंबिकापुर मुख्यमार्ग के किनारे मार कर शवों को फेंक दिया गया है। बताया जा रहा है कि युवक और युवती के शव आस-पास ही मिले हैं। पूरा मामला बलरामपुर थाना क्षेत्र के ग्राम डुमरखी जंगल का है। घटना के विरोध में शहर व्यापारियों ने शहर बंद कर दिया है वहीं लोगों ने चांदो चौक पर चक्काजाम कर दिया है। मिली जानकारी के मुताबिक डुमरखी ढाबे से करीब 100 मीटर दूर जंगल में दोनों की लाश मिली है। युवक की पहचान व्यवसायी परिवार के सुजीत सोनी और युवती की पहचान किरण काशी (निवासी बलरामपुर के रूप में की गई है। युवक और युवती की लाश को जलाने की कोशिश की गई है। प्रेम-प्रसंग को लेकर हत्या की आशंका जताई जा रही है। वहीं मर्डर को लेकर लोगों में आक्रोश है। बलरामपुर के चांदो चौक पर नगरवासिंयों ने चक्काजाम कर दिया है। घटना की सूचना पर बलरामपुर एसपी डॉ. लाल उमेद सिंह मौके पर पहुंचे। एसपी ने बताया कि शुरुआती जांच में दोनों की हत्या की गई है। दोनों के गले और हाथ में निशान मिले हैं। अंबिकापुर से स्नस्रुकी टीम बलरामपुर पहुंच रही है। जांच के बाद स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। बलरामपुर थाना प्रभारी नरेंद्र त्रिपाठी की टीम मौके पर पहुंची। युवक-युवती की हत्या के पीछे प्रेम प्रसंग का मामला होने का अंदेशा है। सुजीत सोनी के पिता नंदलाल सोनी बलरामपुर के बड़े व्यवसायी हैं। वहीं युवती कॉलेज की छात्रा बताई गई है।



## तेंदूपत्ता लदे पिकअप में आग

**महासमुंद,27 मई।** झलप के गुडेलाभाठा के पास तेंदूपत्ता से लदी पिकअप में आग लग गई. आग के कारण वाहन पूरी तरह से जलकर खाक हो गया. वाहन चालक ने गाड़ी से कूदकर अपनी जान बचाई. ग्रामीणों ने बताया कि पिकअप 33 केवी विद्युत का तार नीचे था और संभवत बिजली के तार टच होने के कारण वाहन में लदे तेंदूपता में आग लग गई. इससे पिकअप पर लदा तेंदूपता सहित वाहन पूरी तरह जलकर खाक हो गया. तपती और भीषण गर्मी में बीच सड़क पर वाहन जल गया और आग बुझाने का मौका भी नहीं मिल पाया. मामला पटेवा थाना क्षेत्र का है

## इस बार मोदी 400 नहीं 500 पार हो रहे हैं : उमा भारती

**ग्वालियर,27 मई।** मध्य प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री और बीजेपी की फायर ब्रांड नेता उमा भारती का बड़ा बयान सामने आया है. उमा भारती ने इंडिया गठबंधन को घेरते हुए बताया कि बीजेपी की इस लोकसभा चुनाव में कितनी सीटें आ रही हैं. उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन ने उन मुद्दों को उठाया ही नहीं है, जिन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खड़े हैं. ये मोदी विरोधी एकता है, मोदी विचार विरोधी एकता नहीं है. मुझे लगता है कि इस चुनाव में विपक्ष का सूपड़ा पूरी तरह से साफ हो जाएगा. दरअसल, उमा भारती कल रविवार को ग्वालियर पहुंची थीं, यहां उन्होंने जयविलास पैलेस पहुंचकर केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की मां माधवी राजे सिंधिया के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की. इस दौरान मीडिया से बातचीत में उन्होंने विपक्ष की एकता को मोदी विरोधी एकता करार दिया है. उन्होंने कहा कि यह मोदी के विचार विरोधी एकता नहीं है, जब तक यह किसी विचार की अधिष्ठान पर खड़े नहीं होंगे, तब तक यह मोदी का मुकाबला नहीं कर पाएंगे. उमा भारती ने दावा किया है कि इस चुनाव में विपक्ष का पूरी तरह सुपड़ा साफ हो जाएगा. विपक्ष की सीटें और कांग्रेस की सीटें पहले से भी कम हो जाएगी. उन्होंने बड़ा दावा करते हुए कहा कि इस बार मोदी 400 नहीं 500 पार हो रहे हैं. विपक्ष के मोदी पर अडानी-अंबानी को लाभ पहुंचाने के आरोपों का भी उमा भारती ने जवाब दिया है.




## 4 जून के बाद ईडी से बचने मोदी ने गढ़ दी परमात्मा वाली कहानी : राहुल गांधी

**पटना,27 मई।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बिहार के बख्तियारपुर में एक रैली को संबोधित करते हुए पीएम नरेंद्र मोदी पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी इसलिए परमात्मा वाली कहानी लेकर आए हैं ताकि 4 जून के बाद ईडी द्वारा उनसे सवाल पूछे जाएं तो वह कहें कि मुझे कुछ नहीं पता है। मुझसे तो परमात्मा ने काम के लिए कहा था। राहुल गांधी ने कहा, उन्होंने पता है परमात्मा वाली कहानी क्यों निकाली है। ऐसा इसलिए ताकि वही ईडी के लोग जब 4 जून के बाद नरेंद्र मोदी से गौतम अडानी के बारे में पूछेंगे तो वह कहेंगे कि मैं नहीं जानता। परमात्मा ने कहा था। राहुल गांधी ने कहा कि आप लंबे-लंबे भाषण देना बंद करिए। आप पहले बिहार और देश के युवाओं को यह बताइए कि कितने लोगों को रोजगार दिया। उन्होंने कहा कि आप देश को बांटने की बजाय युवाओं को रोजगार न देने पर जवाब दें। उन्होंने कहा कि पहले आपके लिए अलग-अलग रास्ते थे। आप सेना, सरकारी नौकरी और प्राइवेट सेक्टर में जा सकते थे। लेकिन इन्होंने नोटबंदी और जीएसटी लागू करके रोजगार के अवसर छीन लिए। इसके बाद सेना में भर्ती के लिए अग्निवीर स्कीम लेकर आए और देश के जवानों को मजदूर बना दिया। राहुल गांधी ने कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार की कोशिश है कि राजाओं वाला दौर लाया जाए। ये लोग चाहते हैं कि एससी, एसटी और ओबीसी के अधिकार छीन लिए जाएं। नरेंद्र मोदी ने 22 से 25 महाराजा बना दिए हैं। इनके नए नाम हैं। इनके नाम हैं अडानी और अंबानी। नरेंद्र मोदी इनके लिए काम करता है। इन लोगों के 16 लाख करोड़ रुपये माफ किए गए हैं। राहुल गांधी ने इस रैली में तीन बड़े वादे भी किए। उन्होंने कहा कि यदि इंडी अलायंस की सरकार बनती है तो सेना में भर्ती के लिए बनी अग्निपथ स्कीम को खत्म कर दिया जाएगा। इसके अलावा सभी महिलाओं को हर महीने 8500 रुपये की रकम दी जाएगी। कांग्रेस लीडर ने कहा कि हमारी सरकार आई तो हम उन सभी उद्योगों को चालू करेंगे, जो बंद पड़े हैं। हम कुल 30 लाख सरकारी नौकरियां देंगे।



### पिता ने बेटे के साथ मिलकर दूसरे बेटे को पेड़ पर उल्टा लटकाया,मौत

**सूरजपुर,27 मई।** छत्तीसगढ़ के सूरजपुर के पर्रि गांव से एक दर्दनाक घटना सामने आई हैं. यहां गांव में एक पिता ने अपने बेटे के साथ मिलकर अपने दूसरे बेटे की पहले जमकर पिटाई की और फिर उसे घर के पास ही एक पेड़ पर उल्टा लटका दिया. जिससे उसकी मौत हो गई. मृतक का नाम जगन्नाथ सिंह (26) और आरोपी पिता का नाम रामभरोस सिंह बताया जा रहा है. पुलिस की प्रारंभिक जांच में नशे में किसी विवाद के बाद इस घटना को अंजाम दिए जाने की बात सामने आई है. हालांकि अभी विवाद की असल वजह स्पष्ट नहीं हो सकी है. वहीं पुलिस शव को उतारकर पोस्टमार्टम कराने की तैयारी है. आरोपी पिता-पुत्र से भी पुलिस पूछताछ कर रही है, जिससे ये स्पष्ट होगा कि उन्होंने अपने परिवार के सदस्य की क्यों हत्या की.



## भाजपा को सुप्रीम कोर्ट से बड़ा झटका

### टीएमसी के खिलाफ विज्ञापन मामले में सुनवाई से इंकार

**नई दिल्ली,27 मई।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) द्वारा दायर एक याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया, जिसमें एकल-न्यायाधीश के फैसले में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया गया था। इसमें पार्टी को आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने वाले किसी भी विज्ञापन को प्रकाशित नहीं करने का निर्देश दिया गया था। न्यायमूर्ति जेके माहेश्वरी और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की अवकाश पीठ ने हाई कोर्ट के आदेश में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया।

अधिवक्ता सौरभ मिश्रा ने पीठ को बताया कि उच्च न्यायालय की एक खंडपीठ ने 22 मई को आदेश पारित किया। आप अगली अवकाश पीठ का रुख क्यों नहीं करते? वकील ने पीठ को बताया कि उच्च न्यायालय ने भाजपा को लोकसभा चुनाव के दौरान चार जून तक विज्ञापन जारी करने से रोक दिया है। वकील ने पीठ से अनुरोध किया, ''कृपया इसे सोमवार (27 मई) को दिया जाए।' पीठ ने जवाब में कहा कि हम देखेंगे। इस महीने की शुरुआत में भाजपा ने स्थानीय दैनिक समाचार पत्रों में कम से कम चार विज्ञापन प्रकाशित किए थे, जिसमें सत्तारूढ़ पार्टी तृणमूल कांग्रेस को भ्रष्ट और हिंदुओं के खिलाफ बताया गया था। टीएमसी ने चुनाव आयोग के समक्ष कई शिकायतें दर्ज कीं और बाद में चुनाव आयोग द्वारा कथित निष्क्रियता के बाद उच्च न्यायालय का रुख किया। एमसीसी राजनीतिक दलों, नेताओं और उम्मीदवारों को असत्यापित आरोपों के आधार पर अपने विरोधियों की आलोचना करने से रोकता है। पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के खिलाफभारतीय जनता पार्टी (भाजपा) द्वारा प्रकाशित अपमानजनक विज्ञापनों के बारे में शिकायतों का समाधान करने में घोर विफलता के लिए चुनाव आयोग (ईसी) की खिंचाई की और उस पर रोक लगा दी। विपक्षी दल को आदर्श आचार संहिता (एमसीसी) का उल्लंघन करने वाली सामग्री ले जाने से रोकें।



## एक नजर

### रॉड खरीदने का झांसा देकर धोखाधड़ी मामले में एफआईआर

**भिलाई, 27 मई।** उतई थाना क्षेत्र रॉड खरीदने का झांसा देकर धोखाधड़ी करने का मामला सामने आया है शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 420 के तहत जुर्म दर्ज किया है। उतई पुलिस ने बताया कि ग्राम सेलूद मानिकचौरी रोड निवासी प्रदीप कुमार ठाकुर खेती किसानी का काम करता है। घरेलू काम से उरला चरोदा गया था। घर में उसके माता पिता थे। अज्ञात व्यक्ति घर आया और उसके पिता को रॉड खरीदने का झांसा देकर पाटन रोड दौर चौक के पास ले गया। पीड़ित के पिता को वहीं छोड़कर अपनी बाइक से घर आ गया। अज्ञात आरोपी ने मां से उसके पति ने रॉड खरीदने के लिए पैसा मंगाया है। कहकर अज्ञात ने घर से 28 हजार रुपए लेकर फरार हो गया। कंशराम ठाकुर घर पहुंचा तो उसे पता चला कि अज्ञात ने उनके साथ ठगी कर दिया।

### लोकसभा निर्वाचन, अब तक 859 डाक मतपत्र हुए प्राप्त

**भिलाई, 27 मई।** लोकसभा निर्वाचन 2024 में संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 07 दुर्ग के अंतर्गत सैन्य एवं केन्द्रीय सशस्त्र सेवाओं में तैनात सेवा मतदाताओं से ईटीपीबीएस के माध्यम से डाक मतपत्र मुख्य जिला दुर्ग को 24 मई 2024 तक 8×8 डाक मतपत्र प्राप्त हुये थे । 25 मई 2024 को 21 डाक मतपत्र प्राप्त हुये है, अब तक कुल 859 डाक मतपत्र प्राप्त हुए है। अब केवल सेवा मतदाताओं से प्राप्त ईटीपीबीएस के माध्यम से डाक मतपत्र मतगणना तिथि 04 जून 2024 को सुबह 7.59 बजे तक प्राप्त किये जायेंगे ।

### दीपका परियोजना के प्रभावित गांव में कराया सुरक्षा बल के जवानों का मार्च पास्ट

**कोरबा, 27 मई ।** साऊथ ईस्टर्न कोलफिल्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) दीपका परियोजना के प्रभावित गांव मलगांव व अमगांव में सीआइएसएफव त्रिपुरा राइफल्स (टीएसआर) के जवानों का मार्च कराया जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि भू- विस्थापितों की ओर से मुआवजा लेने से इंकार करने और मकान खाली नही करने के बाद उन्हें डराने- धमकाने का काम किया जा रहा है। विरोध को दबाने के लिए मार्चपास्ट कर डरा रहे हैं।दीपका परियोजना के प्रभावित ग्राम मलगांव की परिसंपत्तियों का मुआवजा का मामला विवादित है और सुर्खियों में बना हुआ है। प्रबंधन जबरदस्ती मकान खाली कराने के लिए कई हथकंडे अपना रहा। दूसरी ओर एसईसीएल गेवरा क्षेत्र में अर्जित ग्राम अमगांव के आश्रित मोहल्ला दर्राखांचा के मकानों का नापी पूर्ण किया जा चुका है, किंतु नापी का मूल्यांकन पावती देने में आनाकानी किया जा रहा है क्योंकि प्रबंधन मुआवजा में कटौती करना चाह रही है जिसका भारी विरोध से सामना करना पड़ेगा। ग्रामीणों ने कहा कि ग्राम पंचायत अमगांव के एक मोहल्ला जोकाही डबरी के मकानों का वर्ष 2014- 15 में मूल्यांकन किया गया था। राजस्व विभाग द्वारा बेवजह अपात्र घोषित कर दिए जाने का खामियाजा भुगत रहे भू- विस्थापितों को अभी तक मुआवजा का भुगतान नहीं हो पाया है। इसके खिलाफ जनवरी माह से धरना प्रदर्शन किया जा रहा है। यहां के 9× प्रभावितों की मुआवजा लंबित है और प्रबंधन व प्रशासन एक दूसरे पर जि मेदारी थोप रहे हैं। उन्होंने कहा कि जोकाही तालाब का मेड़ रात के अंधेरे में काट दिया गया,

### बीमार तेंदुए को वन विभाग ने रेस्क्यू कर भेजा कानन पेंडारी

**कोरबा , 27 मई ।** कटघोरा वन मंडल की ऐतमा वन परिक्षेत्र के ग्राम कोनकोना में एक देखा गया। हाव भाव से बीमार नजर आ रहे तेंदुआ के शिकार की आशंका बनी थी। वन विभाग ने सुरक्षा और इलाज के लिए तेंदुआ को रेस्क्यू कर पकड़ा और कानन पेंडारी भेजा गया है।

कोनकोना के जंगल में तेंदुआ को खेत में टहलते देख ग्रामीणों और वन विभाग में सुबह को हड़कंप मच गया। कुछ दिन पहले चैतमा वन परिक्षेत्र के राह में तेंदुए की हत्या के बाद थी अलर्ट तेंदुए पर नजर रखे जाने लागये गए थे। कैमरे घटना की सूचना पर वन विभग की टीम मौके पर डीएफओ निशान में खुद से संभाला मोर्चा घण्टो रेस्कयू करने के बाद तेंदुए को पकड़ा गया। बिलासपुर कानन पेंडारी से बुलाई गई थी टीम को पशु चिकित्सक को भी बुलाया गया। मौके पर जहां तेंदुए को भीषण गर्मी हीट स्ट्रोक के चलते बीमार होना बताया गया कटघोरा डीएफओ निशांत कुमार ने बताया कि सुबह नौ बजे से सूचना ग्रामीणों के द्वारा मिली जहां मौके पर पहुंच बिलासपुर से टीम बुलाकर तेंदुए को पकड़ा गया है जहां उ'च अधिकारियों की निगरानी में आगे की कार्रवाई की जाएगी।


### कैबिनेट मंत्री लखनलाल देवांगन ने कोरबा के सबसे बुजुर्ग खिलाड़ी को दी शुभकामना

**कोरबा, 27 मई ।** एम पी नगर मे निवास करने वाले श्री बी एल रॉय कोरबा के एक प्रतिभावान खिलाडी है जिन्होंने अनेक खेल प्रतियोगिताओं मे भाग लेकर पदक जीते है, साथ ही वो अब कोरबा के सबसे अधिक उम्र के खिलाडी है जो 80 वर्ष की उम्र मे खेल प्रतियोगिता मे भाग ले रहे है व इसी कड़ी मे 2 जून को अयोध्या मे आयोजित होने वाली खेल प्रतियोगिता मे भाग लेने जाने वाले है। इसी कड़ी मे कैबिनेट मंत्री श्री लखन लाल देवांगन जी से शिष्टाचार भेंट हुई लखन लाल देवांगन जी ने उन्हें गमछा कर पहनाकर शुभकामनाएं प्रेषित की व उनसे मेडल लेकर आने की शुभकामना दी. इस अवसर पर भाजपा कोसाबाड़ी मंडल अध्यक्ष अजय विश्वकर्मा उपाध्यक्ष राजेश सोनी विलास बुटोलिया उपस्थित रहे ।

### कमर्शियल माइनिंग योजना: हिंडाल्को व गुजरात इलेक्ट्रिसिटी कारपोरेशन ने लौटाए कोल ब्लाक

**कोरबा , 27 मई ।** हिंडाल्को इंडस्ट्रीज व गुजरात स्टेट इलेक्ट्रिसिटी कारपोरेशन ने कोयला मंत्रालय को छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले के दो कोल ब्लाक लौटा दिए हैं। हिंडाल्को को रायगढ़ जिले के गारे-पेलमा स्थित कोल ब्लाक आवंटित किया गया था। इस भूमिगत कोयला खदान को पहले मोनेट को आबंटित किया गया था।

# जलपुरुष राजेंद्र का सानिध्य मिला शर्मा को



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भिलाई, 27 मई। साहित्याचार्य एवं शिक्षाविद् डॉ महेश चन्द्र शर्मा सेवानिवृत्ति के उपरांत अपनी सृजनशीलता, बागवानी, क्रियाशीलता, गीत-संगीत और लेखन आदि के पूरी तरह सक्रिय हैं। पर्यावरण के संदर्भ में विश्व जल पुरुष और रेमन मैग्सेसे अवार्डी. राजेन्द्र सिंह का सान्निध्य लाभ पिछले दिनों डा.शर्मा को मिला। डा.राजेन्द्र सिंह के साथ एक पर्यावरण कार्यक्रम में आचार्य डा.महेश चन्द्र शर्मा साहित्याचार्य डा.शर्मा ने प्रकृति संतुलन पर सार्थक चर्चा की। डा.शर्मा का यह प्रकृति, पशु-पक्षी या पर्यावरण प्रेम केवल भाषण, लेखन या उपदेशों में ही नहीं अपितु व्यवहार में भी है और सेवानिवृत्ति पूर्व करोना काल से जारी है। घर के दरबाजे पर प्रतिदिन प्रातः कालीन दाना-पानी की व्यवस्था विगत तीन-चार साल, कोविड काल से आज तक जारी है। पक्षी-आवास, घोंसला भी है। छत पर और बाहर नाना प्रकार के पेड़-पौधे हैं। सपरिवार नियमित उनकी देखभाल और लालन-पालन किया जाता है । फूलों-फलों और औषधियों के अलावा हरा-भर और शुद्ध स्वास्थ्यवर्धक पर्यावरण मिलता है। आचार्य डा.शर्मा के अनुसार इसी की बदौलत अर्थराइटिस, ब्रेन स्ट्रोक, कोरोना- कोविड और पैरालिसिस से काफी राहत मिली ,और मिलेगी। रा'य अलंकरण आदि से सम्मानित डा. शर्मा को छत्तीसगढ़ी स्वाभिमान संस्थान, रायपुर एवं दाऊ उदयप्रसाद उदय साहित्यशोध संस्थान, दुर्ग आदि ने उनके भिलाई स्थित आवास में आकर उन्हें सम्मानित किया। इस प्रकार देश-प्रदेश की उ'चशिक्षा, साहित्य,संस्कृति, पर्यावरण और रोज़गारोन्मुख मार्गदर्शन में व्यस्त आचार्य डा.शर्मा ने थाईलैण्ड और कुबैत से प्राप्त आमन्त्रण प्रवास प्रस्तावों के प्रति भी असमर्थता व्यक्त कर दी है।



## हमें प्रकाश की ओर ले जाता है बुद्ध का मार्ग

**भिलाई, 27 मई।** बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन झिरिया पारा रूआबांधा बस्ती में किया गया। इस दौरान भगवान बुद्ध और बाबासाहेब आंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर बुद्ध वंदना की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व पार्षद एवं छत्तीसगढ़ रजक विकास बोर्ड छत्तीसगढ़ शासन के सदस्य राजेन्द्र रजक ने कहा कि अंधकार के दौर में महात्मा बुद्ध का मार्ग ही हमें प्रकाश की ओर ले जाता है। सभा को संबोधित करते हुए डॉक्टर उदय धाबर्डे ने भगवान बुद्ध के उपदेशों को विश्व के लिए उपयोगी बताया साथ ही बुद्ध के मार्ग पर चलने की अपील की। इस दौरान आमंत्रित लोगों को खीर-पूड़ी वितरित की गई और प्रेरणा धाबर्डे ने उपस्थित जनसमुदाय को आइसक्रीम खिलाई। उपस्थित लोगों को बौद्ध समाज के अध्यक्ष सुभाषिनी चौहान, पेनुक नेताम संयुक्त महामंत्री जिला कांग्रेस कमेटी, सामुएल समद समाजसेवी, विकास कन्नौजिया, हर्ष राव, ऋतिक रंजन, गौरव रजक और गुलाब दास समाज सेवी आमंत्रित थे। वहीं समिति के कार्यकारिणी सदस्य सुख चंद गजभिए . कुसुम मेश्राम, मुन्नी चौहान,एशुका गजभिए और सविता बंसोड आदि भी उपस्थित थे।

## हंसिया से पत्नी पर जानलेवा हमला, आरोपित गिरफ्तार

**भिलाई, 27 मई।** जेवरा सिरसा चौकी क्षेत्र ग्राम निवासी एक व्यक्ति ने अपनी हंसिया से जानलेवा हमला कर दिया। रसोई गैस सिलेंडर खत्म होने पत्नी रोजाना पति से उसे बोल रही थी लेकिन वह शराब आदी था और हर दिन बहाना बनाकर बात को घुमा देता था। पत्नी ने सिलेंडर भरवाने के लिए बोला तो इस बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हो गया और पति ने पत्नी की पीठ में हंसिया घोंप दिया। पत्नी को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की शिकायत पर जेवरा सिरसा चौकी पुलिस ने आरोपित के खिलाफ हत्या का प्रयास की धारा के तहत प्राथमिकी कर गिरफ्तार किया है। ग्राम जेवरा वार्ड दो निवासी आरोपित राकेश यादव (×9 साल ) ने पत्नी रुकमणी यादव (×6 साल ) पर हंसिया से जानलेवा हमला किया। जेवरा सिरसा चौकी प्रभारी खगेन्द्र पठारे ने बताया कि घर का रसोई गैस सिलेंडर काफी दिनों से खाली था खानाँ पकाने में पीड़िता को परेशानी हो रही थी। वह रोजाना आरोपित से गैस सिलेंडर में गैस भरवाने के बोल रही थी, लेकिन रोजाना उसे नजरअंदाज कर दे रहा था। पीड़िता ने आरोपित से कहा तो उसने फिर से उसकी बात को नजरअंदाज किया। इस पर पीड़िता ने आरोपित को खरी-खोटी सुना दी। इसी बात से नाराज होकर आरोपित ने घर में पड़े हंसिया उसके पीठ में घोंप दिया। महिला को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां स्थिति अभी खतरे के बाहर है।

## मां कल्याणी शीतला समिति का पुनर्गठन, शैलेंद्र बने अध्यक्ष



भिलाई, 27 मई। मां कल्याणी शीतला समिति का पुनर्गठन शनिवार को किया गया। इसके लिए समिति के प्रमुख संरक्षक व चुनाव अधिकारी पुन्नू यादव के मार्गदर्शन में चुनाव हुए, जिसमें सर्वसम्मति से शैलेंद्र शेण्डे शैली अध्यक्ष, अश्वनी वनपाल रमेश वर्मा उपाध्यक्ष, चोवाराम निषाद सचिव, सुरेंद्र शर्मा प्रचार सचिव, पूनमचंद सपहा सहसचिव, विमल दास मानिकपुरी सांस्कृतिक सचिव, मुख्तार यादव कोषाध्यक्ष तथा कार्यकारिणी सदस्य विधि यादव पार्षद ,शंभू पटेल ,संतोष यादव, माधव माझी एवं संतोष चंद्राकर चुने गए। नई कार्यकारिणी ने प्रमुख संरक्षक पुन्नू यादव, प्रमुख सलाहकार व संरक्षक अरुण वर्मा तथा संरक्षक मंडल सदस्य के रूप में तेजराम साहू, विलासराव बोरकर तथा मूलचंद वर्मा को मनोनीत किया। मंदिर प्रबंधन हेतु रविंद्र किलोर, शरद बिस्वाल तथा देव कुमार शर्मा का मनोनयन किया गया। चुनाव प्रक्रिया में नगीना यादव, हेमलाल चंद्रवंशी, दद्दू ठाकुर, मुकेश यादव एवं सुक्खू ठाकुर का विशेष योगदान रहा । इस दौरान नई कार्यकारिणी के पदाधिकारी एवं सदस्यों ने सामंजस्य का निर्माण कर समिति एवं समाज हित में कार्य करने का संकल्प लिया।

## पुलिस अधीक्षिक ने लापरवाह पक्षपाती काउंसलरों को हटाया

**भिलाई, 27 मई।** महिला थाने में पारिवारिक मामलों की काउंसलिंग करने वाले 7 काउंसलरों को महिलाओं से बेहतर व्यवहार नहीं करने और पक्षपात करने की शिकायत मिलने पर दुर्ग एसपी जितेन्द्र शुक्ला ने कार्रवाई करते हुए हटाने के आदेश जारी किया है। मिली जानकारी के मुताबिक सेक्टर-6 स्थित महिला थाना में पहुंचने वाले पारिवारिक मामलों की काउंसलिंग के लिए काउंसलरों की नियुक्ति की गई है। जहां पारिवारिक मामलों को परामर्श के माध्यम से सुलझाने का प्रयास किया जाता है। लेकिन एसपी जितेन्द्र शुक्ला के पास लगातार महिला थाने में काउंसलरों द्वारा किए जाने वाले दुर्व्यवहार की शिकायत मिल रही थी। एसपी ने विभा सिंह, संगीता सिंह, गौरी चक्रवर्ती को दुर्व्यवहार और पक्षपात की शिकायत के कारण हटाया गया है वहीं सरिता सिंह, अनीस सुल्ताना, मीना सुशील और प्रभा गुप्ता को लगातार अनुपस्थिति के चलते हटाया गया है। गौरतलब हो कि महिला थाने में पूर्व में थाने के स्टाफ की तैनाती 18 पुलिस कर्मियों की थी। जिसमें से दो को हाल ही में सस्पेंड किया गया है। दो मैटरनिटी और अन्य अवकाश पर है दो नाइट ड्यूटी करते है शेष 12 जनरल शिफ्ट वाले है वहीं थाने में काउंसलरों की संख्या 18 थी।

## ठेकेदार की हत्या के मामले में दो गिरफ्तार

**भिलाई, 27 मई।** भिलाई ठेकेदार मंत्री यादव की हत्या मामले में फरार आरोपी हिस्ट्रीशीटर अजय दुबे और उसके भतीजे अमिताभ दुबे को एसीसीयू और सिटी कोतवाली पुलिस ने कोंडागांव से गिरफ्तार किया है पुलिस पूर्व में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। थाना दुर्ग के गुण्डा बदमाश पूर्व पार्षद अजय दुबे ने षड़यंत्र रचने और आरोपी को छुपाने में सहयोग किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों का जुलूस भी निकाला दुर्ग सिटी कोतवाली टीआई महेश ध्रुव ने बताया कि 21 मई को गंजपारा में पार्किंग ठेकेदार मंत्री यादव की पुरानी रंजिश के चलते उसकी चाकू मारकर हत्या कर दी गई। इसके बाद पुलिस ने इस मामले के अक्षत दुबे उर्फ मान्य, शुभम शर्मा और वंश राजपूत को गिरफ्तार कर लिया था। वहीं साजिश कर्ता पूर्व पार्षद अजय दुबे और उसका भतीजा अमिताभ फरार थे। फरार आरोपियों की तलाश के लिए एसीसीयू और पुलिस की अलग-अलग टीमें आरोपियों की तलाश में लगी। इस बीच सूचना मिली कि आरोपी अमिताभ दुबे उर्फ चंदू और अजय दुबे कोंडागांव में छिपे हुए हैं इसके बाद पुलिस टीम कोंडागांव पहुंची और वहां से दोनों को गिरफ्तार किया घटना के बाद चंदू दुबे अपने चाचा अजय दुबे के घर



(गणपति विहार) गया था, और वहां से अपने चाचा अजय दुबे के साथ गिरफ्तारी से बचने के लिए ग्राम कोण्डगांव में जाकर छुपा हुआ था पुलिस ने इस मामले में अमिताभ दुबे उर्फ चंदू व षड़यंत्र रचने व आरोपी को छिपाने के मामले में अजय दुबे को भी गिरफ्तार किया है

## कांग्रेस के मेनिफेस्टों के सामने भाजपा के सारे दावे फीके: विनोद चंद्राकर

### 4 जून को जुमला साबित होगा भाजपा के 400 पार का नारा

**महासमुंद।** पूर्व संसदीय सचिव व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का 400 पार का नारा 4 जून को जुमला साबित होने वाला है। भाजपा 200 का आंकड़ा भी पार नहीं कर पाएगी। इस बार बीजेपी के नारे को जुमला साबित करने की बारी जनता की है और जनता ने बदलाव का मन बना लिया है। चुनाव घोषित होने से पहले ओवर कॉन्फिडेंस में भाजपा ने 400 पार का नारा दिया था लेकिन, चुनाव में जनता का रुख देखकर भाजपा नेताओं का आत्मविश्वास भी डोलने लगा और वे भी इस नारे को बोलना छोड़ गए है।

श्री चंद्राकर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित भाजपा के तमाम बड़े नेता राहुल गांधी व प्रियंका गांधी के धुआंधार प्रचार से



परेशान हो गए हैं, सवालों के जवाब दे नहीं दे रहे हैं। कांग्रेस के मेनिफेस्टो के सामने भाजपा के दावे फिके पड़ने लगे हैं। राहुल गांधी ने कश्मीर से कन्याकुमारी तक 4 हजार किमी पैदल यात्रा कर जनता के सुझावों को ध्यान में रखकर घोषणा पत्र तैयार किया। श्री चंद्राकर ने कहा कि 100 दिन में काला धन लाकर सबको 15-15 लाख बांटने वाले प्रधानमंत्री मोदी ने 10 साल के कार्यकाल में 15 रूपए तक जनता के खाते में नहीं डाले। हर साल 2 करोड़ युवाओं को रोजगार देने का वादा था, जो केवल जुमला साबित हुआ। पिछले 4 साल से पेट्रोल 100 पार है, डीजल 80रु से अधिक है। रसोई गैस के दाम 2014 से पहले 400 के आसपास था जो आज 1100 रूपए है। इन सवालों पर मोदी व भाजपा के नेता भागते हैं। श्री चंद्राकर ने कहा कि महिला सुरक्षा के नाम पर ढोंग रचने वाले जुमलेबाजों ने महिला अपराधों से जुड़े लोगों को ही प्रत्याशी बनाया है। महिला पहलवानों के साथ दुव्यर्वहार व यौन शोषण के आरोपी कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के बेटे तथा हजारों महिलाओं के यौन शोषण के आरोपी प्रज्ज्वल रेवन्ना जैसे अपराधियों को भाजपा टिकट देती है, और प्रधानमंत्री भरे सभा में इनके पक्ष में प्रचार करते हैं।

## युवती ने घर में फांसी लगाकर खुदकुशी की

**भिलाई, 27 मई।** भिलाई स्मृति नगर चौकी क्षेत्र प्रापर्टी कंस्लटेंसी में काम करने वाली युवती ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली है घर में उसके कमरे पर फांसी के फंदे पर लटकती हुई लाश मिलने से परिजनों में सनसनी फैल गई युवती ने पंखे में अपनी दुपट्टा के सहारे फांसी लगाकर जान दे दी स्मृति नगर चौकी पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले विवेचना शुरू कर दिया है पुरानी बस्ती कोहका में रहने वाली काजल चंदेल पिता संतोष चंदेल ( 27 वर्ष ) ने अपने घर पर फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली काजल के उठाए इस अप्रत्याशित कदम से परिजन हतप्रभ हैं पुलिस को कोई सुसाइडल नोट नहीं मिला है जिससे काजल के खुदकुशी जैसा कदम उठाने का



कारण फिलहाल पता नहीं चल पाया है रात में शव को पुलिस ने मर्च्यूरी में रखवा दिया था वहीं आज पोस्ट मार्टम के बाद काजल का शव अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया गया स्मृति नगर चौकी प्रभारी पुरषोत्तम कुर्रे ने बताया कि काजल तीन बहनों में सबसे बड़ी है उसके पिता संतोष चंदेल लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग राजिम में एसडीओ के पद पर हैं काजल चंदेल प्रापर्टी खरीदी - बिक्री करने वाली सूर्या कंस्लटेंसी में काम करती थी पुलिस ने सूर्या कंस्लटेंसी के संचालक हरी नगर दुर्ग निवासी सूर्यकांत गिरी से भी काजल की खुदकुशी मामले में पूछताछ की है। काजल के खुदकुशी करने के कारण को लेकर सूर्यकांत गिरी ने जानकारी नहीं होने की बात कही है मामले में परिजनों से भी पूछताछ की जाएगी ।

## नाबालिग सहित तीन व्यापारियों की मौत के रहस्य का नहीं उठा पर्दा

**कोरबा, 27 मई ।** डिजनीलैंड मेले के एक नाबालिग समेत तीन व्यापारियों की मौत का रहस्य अभी भी नहीं खुल सका है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट नहीं होने की वजह से चिकित्सकों ने बिसरा प्रीजर्व कर दिया है। इसकी रिपोर्ट आने में अब वक्त लगेगा। उधर सीन आफक्राइम यूनिट के वैज्ञानिक ने दो मृतकों के शरीर पर जहरीले जंतु के काटने जैसे निशान मिलने की बात कही है।

बुधवारी स्थित मैदान में संचालित डिजनीलैंड मेला में मध्य प्रदेश निवासी समीर बेग और सोहेल बेग साड़ी की दुकान तथा उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ निवासी अनिल कुमार पांडेय कपड़ा दुकान का संचालन करता था। शुक्रवार की रात तीनों भोजन उपरांत अपने दुकान में सोए हुए थे। इसी दौरान रात लगभग तीन बजे पेट दर्द के साथ उल्टी की शिकायत शुरू हुई, इसकी जानकारी होने पर मेला में उपस्थित अन्य लोगों ने सुबह पांच बजे समीर और अनिल पांडे को मेडिकल कालेज अस्पताल दाखिल कराया, जहां इलाज के दौरान दोनों की मौत हो गई। इधर डिजनीलैंड मेले के भीतर दुकान में सो रहे सोहेल बेग की मौत हो चुकी थी।

प्रारंभिक तौर पर बात सामने आई थी कि इन तीनों सहित दो अन्य ने रात में चिकन और अंडा की सब्जी के साथ खाना खाया था। साथ में चिकन खाने वाले देवेंद्र व रियाज पूरी तरह स्वस्थ्य रहे। ऐसे में सवाल यह उठ रहा है कि फिर केवल तीन ही फूट पाइजनिंग का शिकार कैसे हुए। यदि इस बिंदु को छोड़ कर दूसरे बिंदु पर चल रही जांच की बात की जाए, तो घटनास्थल व मृतकों के शरीर का सूक्ष्म निरीक्षण करने के बाद सीन आफ क्राइम यूनिट के वैज्ञानिक डा सत्यजीत सिंह कोसरिया का कहना है कि दो मृतकों के शरीर में किसी विषैले जंतु के काटने के निशान मिले हैं। ऐसे में सर्पदंश की आशंका भी व्यक्त की जाने लगी है। इस मामले में सर्प मित्र जितेंद्र सारथी का कहना है कि जहां पर मेला चल रहा, उसके पीछे झाड़ियों में करैत प्रजाति के जहरीले सांप पाए जाते हैं। इस सांप की प्रवृति भी कई लोगों को एकसाथ काटने की होती है। बहरहाल मौत के कारणों को लेकर केवल कवायद ही लगाया जा रहा। पुलिस का अब इस मामले में कहना है कि बिसरा रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा। तीन व्यापारियों की मौत की घटना की वजह से शनिवार को मेले का संचालन बंद रहा। इसकी जानकारी लोगों को नहीं थी, इस वजह से मेला देखने पहुंचे लोगों को उल्टे पांव वापस लौटना पड़ा। इधर मेला के संचालक कुलदीप वस्त्रकर ने बताया कि इस घटना के बाद सभी कर्मचारियों और दुकानदारों को सुरक्षा की दृष्टि से जमीन पर नहीं सोने कहा गया है। इसके लिए बाजार से किराए पर टेबल मंगा लिया गया है और सभी को ऊंचाई पर निर्मित स्टेज में ही रात्रि विश्राम पूरी सावधानी से करने कहा गया है। इसके साथ ही मेला स्थल के बाहरी क्षेत्र में चारों तरफकीटनाशक दवा का छिड़काव भी कराया जा रहा है।इस मामले में सामाजिक कार्यकर्ता विनोद सिन्हा ने कहा है कि तीन व्यापारियों की मौत की इस घटना को दुर्भाग्यजनक बताते हुए दंडाधिकारी जांच किए जाने की मांग की है, ताकि घटना की स'चाई सामने आ सके। उन्होंने कहा है कि इस तरह के मेले की अनुमति देने के बाद निगम व प्रशासन का दायित्व बनता है कि लगातार मौके की निगरानी करें, ताकि कोई बड़ा हादसा न हो। सिन्हा ने अस्थाई रूप से लगाए गए दुकानों के टीने के शेड आंधी तूफान में उड़ने से हादसा होने की आशंका भी जाहिर की है।

## एक नजर

### उच्च न्यायालय से दोषसिद्ध आरोपी अनुक दास उर्फ अनुप दास को गिरफ्तार कर सजा भुगतने के लिए भेजा गया जेल



**डोंगरगढ़ 27 मई।** थाना डोंगरगढ़ के अपराध क्र0- 214/2010 धारा- 341, 294, 506, 323, 325, 427 भादवि0 में आरोपी अनुक दास उर्फ अनुप दास पिता अघनूदास निवासी धुसेरा थाना डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव छ0ग0 के विरूद्ध दिनांक- 12.08.2010 को अभियोग पत्र प्रस्तुत किया गया था जिस पर मान0 जे0एम0एफ0सी0 न्यायालय द्वारा दिनांक- 02.05.2013 को आरोपी को दोषमुक्त किया गया था। उक्त दोषमुक्ति के विरूद्ध किये गये अपील में माननीय छ0ग0 उच्च न्यायालय बिलासपुर द्वारा ए0सी0क्यू0ए0 नबंर- 119/2014 निर्णय दिनांक- 09.04.2024 छ0ग0 शासन वि0 आरोपी अनुक दास उर्फ अनुप दास में आरोपी को धारा- 325 भादवि0 के तहत दोषसिद्ध करते हुये 02 माह का सश्रम करावास तथा 10000/-रू0 के अर्थदण्ड से दंण्डित किया गया। अर्थदण्ड के भुगतान में व्यक्तिक्रम किये जाने पर आरोपी को 06 माह का अतिरिक्त सश्रम कारावास भुगताये जाने का निर्णय पारित किया गया। जिस पर आरोपी को जेल भेजने हेतु दिनांक- 26.05.2024 को जे0एम0एफ0सी0 न्यायालय में पेश करने हेतु वारंट जारी होने पर थाना डोंगरगढ़ पुलिस द्वारा उक्त आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश कर आरोपी को सजा भुगतने हेतु जेल दाखिल किया गया है। आरोपी को पकड़ने में थाना प्रभारी निरीक्षक सी0आर0 चन्द्रा के मार्ग दर्शन में सउनि गणेश चौहान, आरक्षक मिलकन वाल्टर, चमन साहू एवं म0 आर0 सुषमा मराठे का विशेष योगदान रहा।

### जिला बॉक्सिंग संघ के डाकलिया अध्यक्ष बने



**राजनांदगांव 27 मई।** विगत दिनों राजनांदगांव जिला एमोचर बॉक्सिंग एसोसिएशन के गठन हेतु बैठक आयोजित की गई जिसमें सर्वसम्मति से श्री नरेश डाकलिया 'पूर्व महापौर' को अध्यक्ष बनाया गया तथा सी.एम. ठाकुर राष्ट्रीय बॉक्सिंग प्लेयर को सचिव एवं हॉकी खिलाड़ी ज्ञानचंद जैन को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। संघ के संरक्षकगण - पदम श्री डॉ. पुखराज बाफना जी, श्री बहादुर अली जी, श्री सुशील कोठारी जी, श्री जितेन्द्र मिश्रा जी संस्था की अन्य समिति निम्नानुसार गठित की गई। उपाध्यक्ष- प्रवीण मेश्राम, सहसचिव नरेश रामटेके। कार्यकारिणी सदस्य - श्री धनराज सोनी, श्री भारत भूषण पांडे, श्री वीरेन्द्र झा, श्री नरेन्द्र यादव (गोलू) श्री नीतिन शर्मा, श्री दीपक सोनी, श्री टामेश्वर बंजारे है। उपलब्धियां - श्री डाकलिया ने बताया कि अल्प समय में संघ के खिलाड़ी श्री रोहन ठाकुर ने यूथ राष्ट्रीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता पटना में भाग लिया। कु. दीपा चन्द्रवंशी एवं गौरव राव ने विश्वविद्यालय टीम का प्रतिनिधित्व किया एवं शास. उच्च. माध्य. शाला सोमनी से बच्चो को जूनियर नेशनल में भाग लिये हिमांशु बघेल, लक्की, हेमन्त । श्री डाकलिया ने बताया कि बॉक्सिंग खेल के प्रति रूझान बढ़ाने के लिये भविष्य में राष्ट्रीय स्तर के खिलाडियो का प्रदर्शन मैच राजनांदगांव में कराया जायेगा।

### विप्र कॉलेज के विद्यार्थियों ने सिपेट का किया भ्रमण

**रायपुर 27 मई।** छत्तीसगढ़ युवा विकास संगठन संचालित विप्र कला, वाणिज्य एवं शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय के बी. बी. ए .एवं एम. कॉम .के पचास से अधिक विद्यार्थियों ने शैक्षणिक कार्यक्रम के अंतर्गत राजधानी के भनपुरी में स्थित सेंट्रल इंस्टीट्यूट आफ प्लास्टिक इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में भ्रमण किया। प्रशिक्षकों ने छात्रों को उद्यमिता में सिपेट की भूमिका के संबंध में प्रशिक्षण दिया । विद्यार्थी नवप्रवर्तन के साथ बाजार में उत्पाद विक्रय हेतु प्रवेश करना चाहते है तो सिपेट उत्पाद डिजाइन से लेकर निर्माण तक न्यूनतम लागत में उत्पादन की प्रक्रिया में साथ देती है। देश में 40 सिपेट है जिसमें से दो छत्तीसगढ़ में है। होम एप्लायंजेस, इलेक्ट्रॉनिक और ऑटोमोबाइल सेक्टर में प्लास्टिक का अहम रोल है। हर साल प्लास्टिक में इनोवेशन हो रहे हैं और नए सेगमेंट को ग्रहण किया जा रहा है । प्लास्टिक उद्योग की उपरोक्त जानकारी के साथ सिपेट के अधिकारियों ने उत्पादों के किस्म ,असेंबलिंग तथा प्रक्रिया उत्पादन की संपूर्ण जानकारी प्रदान की। छात्रों को इस वर्कशॉप से उद्यमिता के क्षेत्र में आवश्यक और नई जानकारी प्राप्त हुई।विद्यार्थियों ने डॉ. आराधना शुक्ला के निर्देशन में एवं निधि श्री शुक्ला ,डा.दीपशिखा शर्मा ,राजेश तिवारी और ज्ञानेंद्र भाई के सहयोग से शैक्षणिक भ्रमण पूर्ण किया।

### प्रोफेसर के सूने मकान से 5 लाख की चोरी

**बिलासपुर-रायपुर, 27 मई।** गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी के असिस्टेंट प्रोफेसर के सूने मकान का ताला तोड़कर चोरों ने धावा बोल दिया। इस दौरान चोरों ने उनकी आलमारी में रखे सोने-चांदी के गहने समेत करीब पांच लाख का माल पार कर दिया। शिकायत पर पुलिस केस दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। घटना कोनी थाना क्षेत्र की है। सेंदरी के अरपा ग्रीन कॉलोनी निवासी सूर्यभान सिंह गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी में असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर कार्यरत हैं। बीते 24 मई की शाम करीब पांच बजे परिवार सहित अपनी बहन से मिलने के लिए उत्तर प्रदेश के सोनभद्र गए थे। इस दौरान मकान सूना था और ताला बंद था। रविवार की सुबह उनके पड़ोसी यशवंत पटेल ने उन्हें फोन कर बताया कि उनके घर का दरवाजा खुला है और ताला टूटा हुआ है। खबर मिलते ही वह शाम को अपने घर पहुंचे। तलाशी लेने पर पता चला कि अंदर कमरों में सामान बिखरे पड़े थे और आलमारी का लॉक भी टूटा हुआ था।

# डाक मतपत्रों की गिनती के लिए मतगणना केंद्रों में की जा रही हैं आवश्यक व्यवस्थाएं

**रायपुर 27 मई।** लोकसभा आम निर्वाचन-2024 के अंतर्गत मतगणना 4 जून 2024 को की जाएगी। मतगणना के दौरान ईवीएम में दर्ज वोटों के साथ ही डाक मतपत्रों की भी गणना की जाएगी। डाक मतपत्रों की गणना 11 संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों के संबंधित रिटर्निंग अधिकारी के मुख्यालय जिलों में ही सम्पन्न होगी। इसके लिए सभी संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों में अन्य संबंधित जिलों से डाक मतपत्रों का परिवहन रिटर्निंग अधिकारी के मुख्यालय जिलों में पूर्ण कर लिया गया है।

छत्तीसगढ़ की मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती रीना बाबासाहेब कंगाले ने बताया कि प्रदेश में 25 मई की स्थिति में कुल 41 हजार 877 डाक मतपत्र प्राप्त हो चुके हैं। इनमें निर्वाचन ड्यूटी में तैनात कर्मचारियों-अधिकारियों के सुविधा केन्द्रों से अंतिम रूप से प्राप्त कुल 26 हजार 936 डाक मतपत्र, होम वोटिंग के अंतर्गत 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के मतदाताओं से प्राप्त कुल 2 हजार 761 और दिव्यांगजनों के कुल 1 हजार 453 डाक मतपत्र तथा अनिवार्य सेवा श्रेणी के 779 डाक मतपत्र भी शामिल हैं। इनके साथ ही सेवा मतदाताओं को जारी किए गए ईटीपीबी डाक के माध्यम से प्रत्येक दिवस प्राप्त हो रहे हैं और 25 मई की स्थिति में कुल 9 हजार 948 ईटीपीबी प्राप्त हो चुके हैं। डाक विभाग के माध्यम से ईटीपीबी की प्राप्ति मतगणना दिवस 4 जून को मतगणना प्रारम्भ होने के पूर्व तक की जाएगी। इस हेतु मतगणना स्थल में डाक विभाग के प्रतिनिधि द्वारा प्रातः 8 बजे के पूर्व तक प्राप्त सभी ईटीपीबी डिलीवर किए जाएँगे। मतगणना स्थल में प्रवेश के लिए डाक विभाग के प्रतिनिधि को आईडी कार्ड/पास जारी किया जाएगा।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती कंगाले ने बताया कि डाक मतपत्रों की गणना 11 रिटर्निंग अधिकारियों के मुख्यालय जिलों में 4 जून को प्रातः 8 बजे से प्रारम्भ हो जाएगी। इसके लिए आवश्यक व्यवस्था एवं तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। डाक मतपत्रों को जिला मुख्यालयों में ट्रेज़री स्थित स्ट्रांग-रूम में पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था के साथ रखा गया है। मतगणना दिवस को इन मतपेटियों का परिवहन प्रातः 6 बजे निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों/उनके प्रतिनिधियों की उपस्थिति में सम्पूर्ण सुरक्षा के साथ काउंटिंग सेण्टर में किया जाएगा। इन 11 जिलों में डाक मतपत्रों की मतगणना 8 बजे प्रारम्भ होने के आधे घंटे बाद अर्थात साढ़े 8 बजे से ईवीएम के मतों की गणना प्रारम्भ की जाएगी। इन 11 मुख्यालय जिलों को छोड़कर शेष 22 जिलों में 8 बजे से ही ईवीएम में दर्ज मतों की गणना प्रारम्भ कर दी जाएगी।

11 संसदीय क्षेत्रों के रिटर्निंग अधिकारियों के मुख्यालय जिलों में डाक मतपत्रों की गणना के लिए पृथक से काउंटिंग हॉल तैयार किए गए हैं, जिसमें एक टेबल में अधिकतम 500 डाक मतपत्रों की गणना की जाएगी। काउंटिंग हेतु प्रत्येक टेबल के लिए एक-एक अतिरिक्त सहायक रिटर्निंग अधिकारी भी अधिसूचित किए गए हैं। डाक मतपत्रों की गणना हेतु प्रत्येक टेबल में एक एआरओ के साथ एक मतगणना पर्यवेक्षक, दो मतगणना सहायकों एवं एक माइक्रो आब्जर्वर की भी नियुक्ति की जाएगी।

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार प्राप्त डाक मतपत्रों की जानकारी प्रत्येक दिवस सभी निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों को जिला स्तर पर प्रदान की जा रही है। लोकसभा आम निर्वाचन में प्रथम चरण के मतदान अंतर्गत बस्तर लोकसभा क्षेत्र में विभिन्न श्रेणी के मतदाताओं से कुल 3 हजार 264 डाक मतपत्र प्राप्त हुए हैं। वहीं द्वितीय चरण के मतदान अंतर्गत राजनांदगांव, महासमुंद और कांकेर लोकसभा क्षेत्रों से क्रमशः 1 हजार 568, 4 हजार 242 और 6 हजार 326 डाक मतपत्र अब तक प्राप्त हुए हैं। प्रदेश में तृतीय चरण में मतदान अंतर्गत सरगुजा लोकसभा क्षेत्र से 2 हजार 440 डाक मतपत्र, रायगढ़ से 3 हजार 585, जांजगीर-चांपा से 5 हजार 682, कोरबा से 2 हजार 789, बिलासपुर से 3 हजार 607, दुर्ग से 3 हजार 525 और रायपुर लोकसभा क्षेत्र से 4 हजार 849 डाक मतपत्र प्राप्त हुए हैं।

# घेराबंदी में फसें अवैध शराब बेचने व खुले में शराब पीने वाले

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 27 मई।** 25 मई को श्रीमान् पुलिस अधीक्षक महोदय श्री मोहित गर्ग के निर्देशन , अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा र एवं नगर पुलिस अधीक्षक श्री पुष्पेन्द्र नायक के मार्गदर्शन में अवैध शराब बिक्री,और गुंडा,बदमाश के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही हेतु मोटर सायकल पेट्रोलिंग, रक्षित केंद्र विशेष बल के साथ संयुक्त पार्टी द्वारा फ्लैग मार्च कर अंदरूनी , सुनसान अड्डेबाजी क्षेत्र में घेराबंदी कर असामाजिक तत्वों पर कार्यवाही किया गया जिसके तहत अवैध शराब बिक्री कर रहे आरोपी ओमप्रकाष ठाकुर पिता फेरूराम ठाकुर उम्र 42 साल साकिन गौरीनगर वार्ड नं. 14 का कब्जे से 18 पौवा डिल्कस व्हीस्की शराब कीमती 2340 रूपये एवं बिक्री रकम 250 रूपये को पकड़कर जप्त कर आरोपी के विरूद्ध धारा 34(1)आबकारी अधिनियम के तहत् कार्यवाही किया गया, इसी प्रकार आम जगह खुले मैदान पर शराब पीने वाले आरोपी 01. राजकुमार पिता देवदास भासगौरी उम्र 35 साल सकिन वार्ड नं. 45 रामकृष्ण वार्ड थाना बसंतपुर राजनांदगांव, 02. साकेत रामटेके पिता ओमप्रकाष रामटेके उम्र 33 साल साकिन अंबेडकर गली स्टेषनपारा वार्ड नं. 12 ओपी चिखली जिला राजनांदगांव के विरूद्ध धारा 36(च) आबकारी अधिनियम के तहत कार्यवाही किया गया एवं अभियान दौरान बेवजह घूमने, वाले वाहन को रोक कर चेक किया गया और बिना कागजात,बिना नंबर वाहन चालक पर मोटर व्हीकल एक्ट तहत कार्यवाही किया गया। नाबालिग वाहन चालक के वाहन चौकी में खड़ी कर ,बाद पालक को थाना तलब कर, पुनः वाहन चलाने देने पर कार्यवाही संबंध में समझाईश दिया गया,। अभियान में दिनांक 26.05.24 को आदतन बदमाश शुभम यादव पिता रेखु यादव उम्र 22 साल साकिन रमन बाजार चिखली द्वारा अपने ससुराल वालो को सार्वजनिक स्थान पर महिला से लड़ाई विवाद करने पर संघेय अपराध होने की प्रबल आशंका पर शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु प्रतिबन्धक धारा 151, जा.फौ. के तहत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश कर आदेशानुसार जेल भेजा गया। उपरोक्त कार्यवाही मे चौकी चिखली प्रभारी उप निरी0 नरेश कुमार बंजारे, सउनि इब्राहिम खान , प्र0आर0अरुण नेताम, समारूराम सर्पा, आर0 राजकुमार , सिन्धु सिन्हा, मिर्जा असलम,कमल साहू,म0आर0 कौशल्या साहू, गायत्री साहू और बाइक पेट्रोलिंग पार्टी सऊनि साहू व टीम ,रक्षित केंद्र विशेष बल का कार्य महत्वपूर्ण एवं सराहनीय रहा ।

# मोहंदी में आयोजित जल जगार उत्सव में ग्रामीणों ने ली शपथ

■ बूंद बूंद से बनता सागर हर बूंद की करो बचत

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**मगरलोड / मोंहदी 27 मई।** आगामी 15 जून तक जिले में आयोजित होने वाले जल जगार उत्सव की कड़ी में आज की मगरलोड विकासखण्ड के ग्राम मोहंदी में जल संरक्षण संबंधी कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर बूंद बूंद से बनता सागर हर बूंद की करो बचत, बूंद बूंद की बचत करना अपना फर्ज ही मानो, बचत की आदत है ये दौलत सबक हमे पढ़ाया, का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में ग्रामीणों ने भी एकसाथ कहा कि हम सभी को मिलकर पानी बचाना पड़ेगा। पानी बचाने के लिए उन्होंने वृक्षारोपण सहित गांवों में जलस्त्रोतों की साफ-सफाई, रूफटॉप स्ट्रक्चर, रैन वाटर हार्वेस्टिंग और वेस्ट वाटर रिचार्ज संरचना बनाने की भी संकल्प लिया। कार्यक्रम में जल प्रहरी श्री नीरज वानखेड़े ने विभिन्न स्ट्रक्चर और रैन वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम की जानकारी दी। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारी, कर्मचारी और ग्रामीणों ने जल को संरक्षित करने की शपथ भी ली। शपथ में कहा गया कि हम पानी बचाने और उसके सही इस्तेमाल, पानी की हर बूंद का ख्याल रखेंगे, ''कैच द रेन'' अभियान को बढ़ावा देंगे, पानी को अनमोल संपदा मानेंगे और इसका सही इस्तेमाल करेंगे., हम अपने परिवार, पड़ोसियों और अधिकारियों को भी पानी का सही इस्तेमाल करने और उसे बर्बाद न करने के लिए प्रेरित करेंगे, यह ग्रह हमारा है और हम ही इसे बचा सकते हैं और अपना भविष्य सुरक्षित कर सकते हैं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।



# कवर्धा हादसे के बाद जिला प्रशासन अलर्ट, 25 से अधिक मालवाहकों पर कार्रवाई

**रायपुर 27 मई।** कवर्धा हादसे के बाद प्रदेश में मालवाहकों पर सवारी ले जाने वाहनों पर आरटीओ की ओर से कार्रवाई की जा रही है. कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह के निर्देश एवं आरटीओ आशीष देवांगन के मार्गदर्शन पर ज़िले भर में सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है. मालवाहक वाहनों में यात्रियों को बैठाने वाली गाड़ियों पर आरटीओ लगातार कार्रवाई कर रहा है. 21 मई से शुरू जांच अभियान में अभी तक पच्चीस से अधिक वाहनों पर कार्रवाई की जा चुकी है. इसमें पिकअप, मेटाडोर, मैजिक तथा ट्रक शामिल है. इनमें यात्रियों का परिवहन किया जा रहा था. इन सभी पर कार्रवाई की गई. इसमें समन शुल्क एवं जब्ती की कार्रवाई की गई. इन वाहनों से 93,400 रुपये तक का जुर्माना वसूला है. ग़ौरतलब है कि मालवाहनों से यात्री परिवहन ग़ैरक़ानूनी है. कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह ने इस विषय पर गंभीरता दिखाते हुए यातायात विभाग को निर्देशित कर यातायात नियमों के पालन में मुस्तैदी लाने को कहा है. मालवाहकों को मालवाहन से यात्री परिवहन नहीं करने की समझाइश भी दी जा रही है।



# यादव ठेठवार समाज का वार्षिक अधिवेशन 16 जून को

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**रायपुर 27 मई।** यादव ठेठवार समाज मुख्य कार्यकारणी का बैठक राज मुख्यालय महादेवघाट रायपुर में समपन्न हुआ, जिसमे समाज के विकास एवँ उत्थान के लिए मुख्य रूप से परिचर्चा किया गया एवँ समाजहित में तत्काल प्रभाव सकारात्मक कदम उठाये गए। जिसमे मुख्य रूप से आने वाले 16 जून 2024 को वार्षिक अधिवेशन, समाज के मेघावी छात्र-छात्राओं का सम्मान, नवनिर्मित भवनों का लोकार्पण, एवँ वार्षिक अधिवेशन को सफल बनाने हेतु 17 पार अध्यक्षों को अपने अपने परिचेत्र से 2 नग चारपहिया वाहन व्यवस्था करने का अपील किया गया। ज्ञात हो यादव ठेठवार समाज रायपुर राज समाज के विकास एवँ उत्थान के लिए हमेशा नवाचार करते आ रही है, इसी कड़ी में समाज प्रमुखों एवँ स्वजातीय कुटुंभजनो द्वारा समाज के विकास, उत्थान, एवँ स्वजतीयजनों को रोजगार मुहैया कराने के उद्देश्य से समाजिक भूमि पर 17 दुकान नवनिर्माण करने हेतु भूमिपूजन किया गयाए, जो कि समाजिक व्यवसायिक गतिशीलता में वृद्धि एवँ विकास मार्ग में सहायक सिद्ध होगा। वहीं शिक्षा समाज विकास के किस स्तर पर है,यह शैक्षणिक स्तर निर्भर करता है, शिक्षा का प्रमुख कार्य मनुष्य के बौद्धिक, शारीरिक, समाजिक,भावनात्मक का समुचित विकास करना है, शिक्षा के बढ़ता हुआ प्रभाव समाजिक विकास में हमेशा सहायक रहा है इसलिए समाज द्वारा दसवीं एवँ बारहवीं के मेघावी छात्र-छात्राएँ जो 75 प्रतिशत से अधिक अंक दर्ज कर उत्तीर्ण हुए है उन्हें सम्मानित किया जाएगा। बैठक के अवसर पर 17 राजपार के प्रमुख पदाधिकारी एवँ कुटुंभजन मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

■ जिला पंचायत सीईओ ने जिला-राजनांदगांव, मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी एवं खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई तीनों जिले में किया दौरा

# गंदगी पाये जाने पर तीन सचिवों पर जुर्माने की कार्रवाई की गई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 27 मई।** जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह द्वारा जिला राजनांदगांव, मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी एवं खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई तीनों जिले में कार्यो में गति एवं प्रगति लाने हेतु ग्रामीण क्षेत्रों का निरन्तर दौरा एवं निरीक्षण किया जा रहा है। इसी कड़ी में जिला पंचायत सीईओ ने विकासखण्ड जनपद पंचायत क्षेत्र राजनांदगांव एवं डोंगरगांव के ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा कर आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने राजनांदगांव विकासखण्ड के ग्राम भंवरमरा के ऑक्सीजोन में स्वच्छता बनाये रखने हेतु सामुदायिक शौचालय निर्माण हेतु स्थल का चयन किया गया एवं कार्ययोजना के संबंध में ग्रामीणों से चर्चा की। जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह ने ग्राम भोडिया में ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन का कार्य जल्द से जल्द प्रारंभ कराये जाने हेतु निर्देश दिए तथा ग्राम स्तर पर कचरे का ढेर पाये जाने पर ग्राम पंचायत सचिव के ऊपर 250 रूपए पंचायत राज अधिनियम के तहत जुर्माना लगाने की कार्रवाई की गई तथा भविष्य में इसकी पुनरावृत्ति पाये जाने पर कठोर दण्डात्मक कार्रवाई हेतु सचेत किया गया। जिला पंचायत सीईओ ने तालाब गहरीकरण का निरीक्षण किया। उन्होंने डोंगरगांव विकासखण्ड के ग्राम-खुर्सीपार में नाली से निकलने वाले ग्रेवाटर रोड में बहने के कारण तथा साफ-सफाई नहीं होने से गहरी नाराजगी व्यक्त की और ग्राम पंचायत सचिव पर तत्काल 250 रूपए का जुर्माना लगाने की कार्रवाई की। उन्होंने ग्राम नदिया में अमृत सरोवर का निरीक्षण किया, जिसमें इनलेट एवं आउटलेट के सुधार एवं वृक्षारोपण की तैयारी हेतु निर्देश दिया। साथ ही गंदगी पाये जाने के कारण ग्राम पंचायत सचिव के ऊपर 250 रूपए का जुर्माना लगाने की कार्रवाई की गई । जिला पंचायत सीईओ ने ग्राम भाखरी (रातापायली) का निरीक्षण किया गया । जहां उन्होंने वृक्षारोपण का अवलोकन किया । साथ ही गेप-फिलिंग की जगह पर वृक्ष लगाने हेतु निर्देश दिए। जिला पंचायत सीईओ ने ग्राम किरगी में कचरा संग्रहण कर रहे स्वच्छागग्राहियों को और अच्छे से कार्य करने हेतु प्रोत्साहित किया। साथ ही ग्रामीण स्तर पर गंदगी पाये जाने पर ग्राम पंचायत सचिव के ऊपर 250 रूपए का जुर्माना लगाने की कारईवाई किया। उन्होंने ग्राम अमलीडीह में प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन केन्द्र का अवलोकन किया। यहां एकत्र हो रहे प्लास्टिक के प्रसंस्करण, प्रबंध एवं उपयोग के संबंध में जानकारी प्राप्त की। प्लास्टिक अपशिष्ट के संग्रहण एवं प्रसंस्करण के प्रयास और अच्छे से करने हेतु निर्देश दिया गया। इस दौरान जिला पंचायत एवं जनपद पंचायत के संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी तथा ग्रामवासी उपस्थित थे।

## समाचार संक्षेप

### भावेश बैद के पिता का हाल-चाल जानने उनके घर पहुंचे डॉ. रमन



**राजनंदगांव 27 मई।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह आज राजनांदगांव प्रवास के दौरान पार्टी के युवा नेता भावेश बैद के घर पहुंचे। वहां उन्होंने उनके पिता से मिलकर उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी लेने के साथ उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। दरअसल भावेश बैद के पिता पिछ्ले दो माह से बीमार चल रहे थे।

### सेजेस छुरिया में हुआ समर कैंप का आयोजन




**छुरिया 27 मई।** स्वामी आत्मानंद गवर्नमेंट इंग्लिश मीडियम स्कूल, छुरिया में कक्षा पहली से बारहवीं तक के बच्चों के लिए सात दिवसीय समर कैंप का आयोजन किया गया था। जिसमें बच्चों को विषय विशेषज्ञों द्वारा विभिन्न विधाएं जैसे ड्राइंग पेंटिंग, ओरिगेमी, क्राफ्ट, कर्सिव/हैंड राइटिंग, स्टोरी टेलिंग, ग्रीटिंग कार्ड एंड एनवेलप मेकिंग, जुंबा तथा डांस एंड म्यूजिक सिखाया गया। कैंप को लेकर बच्चो में भी बहुत उत्साह देखने को मिला जिसमें उन्होंने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया और खेलकूद एवम मनोरंजक गतिविधियों के माध्यम से विभिन्न विधाओं तथा पठन पाठन का हुनर सीखा। समर कैंप, प्राचार्य श्री धनेश सिन्हा जी की उपस्तिथि में प्रशिक्षण शिक्षक राहुल देवांगन, नावेद खान, मृदुल पाठक, शिक्षिका प्रीति सोनकुसरे, दीप्ति साखरे, श्वेता राठौर, लक्ष्मी यादव, , पी टी आई रवि जैन, व्याख्याता प्रज्ञा तिवारी, मोनिका साहू, रूपाली सारवा, आशा सुधाकर द्वारा दिया गया। प्रशिक्षण के साथ साथ बच्चों की करियर काउंसलिंग भी की गई जिसमें पालक समिति अध्यक्ष श्री जोधी राम साहू जी , प्राचार्य एवम शिक्षकों की उपस्तिथि में श्री कार्णिक साहू (मरीन इंजीनियर) जी भिलाई ने अपने अनुभवों को साझा करते हुए बच्चों को नेवी तथा मर्चेंट नेवी जैसे क्षेत्रों में भी करियर बनाने के लिए मार्गदर्शन देते हुए उन्हें प्रोत्साहित किया।

### झारखंड के कुख्यात अमन साहू गैंग के चार शूटर गिरफ्तार



**रायपुर 27 मई।** झारखंड के कुख्यात अमन साहू गैंग के चार शूटरों को रायपुर पुलिस ने राजस्थान पुलिस की मदद से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने राजस्थान से एक और रायपुर से तीन शूटरों को गिरफ्तार किया है। ये सभी शूटर छत्तीसगढ़ के किसी कारोबारी की हत्या के मंसूबे से रायपुर पहुंचे थे। पुलिस ने इन शूटरों के कब्जे से एक पिस्टल, एक खाली मैग्जीन और 4 मोबाइल फोन जब्त किया है। रायपुर आइजी ने पत्रकारों के समक्ष मामले का खुलासा करते हुए बताया कि जेल में बंद गैंगस्टर लारेंस विश्नोई और अमन साहू की गैंग से जुड़े चार अंतरराज्यीय शूटरों को 72 घंटे तक चले अभियान के बाद गिरफ्तार किया गया है। इनमें से तीन शूटरों को रायपुर से और एक को राजस्थान से दबोचा गया है। चारों शूटर कोयला कारोबारियों से वसूली करते थे। किसी कोयला कारोबारी द्वारा वसूली राशि देने से मना करने पर ये सभी शूटर उसकी हत्या करने रायपुर पहुंचे थे। शूटरों की तलाश में छत्तीसगढ़ एसआइबी की टीम भी जुटी हुई थी। पुलिस की जांच में सामने आया है कि चारों को अमन सिंह गैंग से जुड़ा मयंक सिंह मलेशिया में बैठकर निर्देश दे रहा था। बतादें कि अमन सिंह गैंग के शूटरों ने ही पूर्व में बालीवुड एक्टर सलमान खान के घर में फायरिंग की घटना को अंजाम दे चुके हैं।

## संपादकीय

# 3 नक्सली ढेर तो 33 ने किया सरेंडर,संदेश साफ है

बस्तर में नक्सलियों का सफाया रोज-रोज हो रहा है,सांय-सांय हो रहा है तो बस्तर की जनता जहां इससे उम्मीद कर रही है कि उसे नक्सलियों के आतंक से जल्द मुक्ति मिल जाएगी तो वही लगताहै कांग्रेस को यह पसंद नहीं आ रहा है। हो सकता है कि कुछ कांग्रेस नेताओं के मन में नक्सलियों के लिए सहानुभूति हो,वह उनको बचाना चाहते हो, वह मानते हो कि भटके हुए लोगों को मुख्यधारा में शामिल होने का मौका देना चाहिए। उन्हे इस तरह घेर कर मारना नहीं चाहिए। पहले कहीं भी पुलिस नक्सली मुठभेंड होते ही मानवाधिकार संगठन, बस्तर मे नक्सली समर्थक एनजीओ सक्रिय हो जाते थे, देश व बस्तर के लोगों को यही बताने की कोशिश करते थे कि पुलिस नक्सलियों के नाम पर आदिवासियों को मार रही है, पुलिस आदिवासियों को गिरफ्तार कर रही है तथा उन पर अत्याचार कर रही है। इसका परिणाम यह होता था कि पुलिस नक्सलियों से मुठबभेड़ से ही बचती थी। मुठभेड़ हो जाए तो नकसलियों का मारने से डरती थी, पुलिस जवानों की तब संख्या कम होने के कारण भी मुठभेड़ होने पर नक्सली भाग जाने में सफल हो जातेथे। यानी छत्तीसगढ़ में एक वक्त था नक्सलियों का मारना मतबल मुसीबत मोल लेना था। इसलिए नक्सली बहुत कम मारे जाते थे। अब जब से साय सरकार आई है तो नक्सलियों का सफाया इतनी तेजी से हो रहा है कि जिसकी कल्पना न तो नक्सलियों को थी और न ही कुछ कांग्रेस नेताओं को थी। बीजापुर में तीन नक्सलियों का मार गिराया गया है और 33 नक्सलियों ने शनिवार के सरेंडर किया है तो इसका संकेत क्या है। इसका संकेट साफ है कि जितने नक्सली मारे जा रहे है उससे तीन गुना ज्यादा नक्सली सरेंडर कर रहे हैं। सरेंडर इसलिए कर रहे हैं कि हर मुठभेड़ में पुलिस व जवान नक्सलियों का मार रहे हैं यानी नक्सलियों के लिए सरकार की तरफ से साफ संदेश है कि सरेंडर करो नही तो मारे जाने का इंतजार करो। मारे जाने का डर बड़े नक्सली नेताओं को भले न हो लेकिन निचले स्तर पर जो छोटे नक्सली नेता है, उनमें तो डर बढ़ रहा है और इस बात का पता इससे चलता है कि एक लाख, दो लाख ईनाम वाले नक्सली ज्यादा सरेंडर कर रहे हैं। मारे जाने का डर बढ़ रहा है इसलिए अब पांच लाख वाले नक्सली भी सरेंडर करने लगे हैं। जिन 33 नक्सलियो ने शनिवार को सरेंडर किया है, उनमें तीन पांच लाख वाले ईनामी लक्सली हैं। तीन मारे जाएंगे और 33 नक्सली सरेंडर करने लगेंगे तो नक्सलियों का सफाया तो जल्द हो जाएगा। ऐसे में नक्सलियों के समर्थकों का चिंतित होना स्वाभाविक है। नक्सली समर्थक अब खुलकर को यह नहीं कह सकते कि सरकार नक्सलियों का सफाया कर गलत कर रही है। क्योंकि राज्य में हर कोई चाहता है कि नक्सलियों का राज्य से जल्द से जल्द सफाया हो। इसलिए नक्सली समर्थक वही नीति काम में ला रहे हैं कि जो नक्सली काम में लाते थे कि पुलिस नक्सलियों को नहीं आदिवासियों का मार रही है। आदिवासियों को गिरफ्तार कर रही है। इसलिए जनता अब समझ जाती है कि कौन नक्सली समर्थक हैं और कौन नक्सलियों का सफाया करना चाहता है। मुठभेड़ के बाद जो भी नेता बयान देता है कि मुठभेड़ में सिर्फ नक्सली नहीं मारे गए है, ग्रामीण भी मारे गए है, राज्य की जनता समझ जाती है यह नक्सली समर्थक है,



यह नक्सलियों का सफाया नहीं चाहता है।सीएम साय के समय सांय सायं नक्सली मारे जाएंगे तो सांय सांय नक्सलियों को सफाया होगा तो सांय सांय नक्सली समर्थक भी पहचाने जाएंगे।

## चर्चित मुद्दा

तनवीर जाफरी

# अब 'रेवड़ी आवंटन'में भी प्रतिस्पर्धा ?



भारतीय जनता पार्टी के रणनीतिकारों का मानना है कि 2019 के लोकसभा चुनावों में उसे समर्थन देने वाला एक बड़ा वर्ग उन 'लोगों का भी था जिन्हें केंद्र सरकार ने 'प्रधानमंत्री ग़रीब कल्याण अन्न योजना के अंतर्गत 'मुफ़्त राशन बांटना शुरू किया था। भाजपा ने ग़रीब मतदाताओं के इस नये वर्ग को 'लाभार्थी वर्ग' के नाम से सम्बोधित किया था। इस योजना में पूरे देश में प्रधानमंत्री मोदी की फोटो छपे मजबूत थैलों में राशन बांटा गया था। देश में तमाम जगहों पर ढोल बजे व तमाशे के साथ इस योजना के तहत राशन बांटकर देश के ग़रीबों की ग़रीबी का न केवल मजाक़ उड़ाया जाता था बल्कि इसके बदले में उन ग़रीबों से वोट की उम्मीद भी रखी जाती थी। चुनावों के दौरान कई सत्ताधारी दबंग नेताओं को यह कहते भी सुना गया कि 'खायेंगे मोदी का तो वोट भी मोदी को ही देना होगा'। गोया सरकारी मुफ़्त राशन के बदले में वोट पर अधिकार जताने का दावा ? ऐसे ही एक 'राशन वितरण समारोह में मुझे भी मेरे एक परिचित राशन डिपो होल्डर ने ग़रीबों को राशन बांटने के लिये 'मुख्य अतिथि ' के रूप में आमंत्रित किया था। मैंने न केवल जाने से इंकार किया बल्कि उसे ''प्रवचन ' भी दे डाला कि वह अपनी दुकान के लाइसेंस के चक्कर में ग़रीबों की ग़रीबी का मजाक़ उड़ाने वालों की पंक्ति में न खड़ा हो तो बेहतर है। परन्तु वह तो एक सुनियोजित सरकारी प्रोपेगंडा मशीनरी का हिस्सा था लिहाजा मैं नहीं गया तो उसे राशन बांटने के लिये कोई दूसरा मिल गया।

बहरहाल, प्रधानमंत्री ग़रीब कल्याण अन्न योजना अप्रैल 2020 से प्रारंभ की गयी थी। इसका उद्देश्य देश में कोविड-19 के अचानक फैलने से हुए आर्थिक व्यवधानों के कारण ग़रीबों और जरूरतमंदों को होने वाली कठिनाइयों को दूर करना बताया गया था। जिस समय यह योजना शुरू की गयी थी तभी से यह विपक्षी दलों के निशाने पर थी। परन्तु जैसे जैसे सरकार को जनता की ओर से इसका सकारात्मक फीडबैक मिलता गया,सरकार इस मुफ़्त राशन योजना को आगे बढ़ाती गयी। परन्तु जब किसी राज्य में विपक्षी दाल की सरकार राज्य के नागरिकों को मुफ़्त बिजली,मुफ़्त स्वास्थ्य,मुफ़्त शिक्षा,क़र्ज मुआफी या बेरोजगारी भत्ता आदि देने की बात करती तो उसे स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 'मुफ़्त की रेवड़ी ' बांटने का नाम देते। जबकि केंद्र सरकार बड़े गर्व के साथ ग़रीबों के वोट बैंक की लालच में छाती ठोककर दावा करती कि केंद्र की मोदी सरकार देश के 80 करोड़ लोगों को मुफ़्त राशन दे रही है। परन्तु जब इसी दावे के साथ यही सरकार यह दावे भी करती कि हमने करोड़ों लोगों को ग़रीबी रेखा से बाहर निकाला,यही सरकार जब देश को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के दावे करती,देश में प्रगति व खुशहाली की बातें करती तब यही विपक्ष केंद्र सरकार के उन्हीं दावों को शस्त्र के रूप में इस्तेमाल करते हुये यह पूछता कि जिस देश में 80 करोड़ लोग राशन खरीदने की स्थित में नहीं हैं उस देश को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के दावे में भला कैसी सच्चाई ? उस सरकार के करोड़ों लोगों को ग़रीबी रेखा से बाहर निकालने व देश में प्रगति व खुशहाली के दावों में कितनी सच्चाई ? परन्तु आज जब वही विपक्ष 2024 के लोकसभा चुनावों में एन डी ए ,विशेषकर उसके सबसे बड़े घटक भाजपा से दो दो हाथ कर रहा है तो उसने भी जनता से अनेक लोकलुभावन वादे किये हैं। इण्डिया गठबंधन के सबसे बड़े दल कांग्रेस ने तो 48 पन्नों का एक विस्तृत घोषणापत्र जारी किया है जिसमें 5 न्याय, 25 गारंटी, के साथ जनता से 300 से अधिक वादे किये गए हैं। कांग्रेस को उम्मीद है कि उसकी 5 न्याय, व 25 गारंटी की घोषणा उसे चुनाव जीतने की 'गारंटी' देगी। कांग्रेस के घोषणा पत्र में न्यूनतम मजदूरी 400 रुपए प्रति दिन करने, ग़रीब परिवार की महिला को साल में 1 लाख रुपए देने, टरढ को क़ानून बनाने,अग्निवीर योजना को समाप्त करने और जाति जनगणना कराने जैसी बातें तो काफी हद तक ठीक लगती हैं। परन्तु चुनाव के बीचो बीच जिसतरह इण्डिया गठबंधन व कांग्रेस के अपने चुनाव घोषणा पत्र से अलग हटकर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे व समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने 15 मई को लखनऊ में यह घोषणा कर डाली कि इण्डिया गठबंधन सत्ता में आने के बाद ग़रीबी रेखा से नीचे के लोगों को मिलने वाले 5 किलो राशन की जगह उससे दो गुना यानी 10 किलो राशन देना शुरू करेगी। इस घोषणा ने दो मायने में आश्चर्यचकित किया। एक तो यह कि यदि इण्डिया गठबंधन की तरफ से यह घोषणा होनी ही थी तो पहले फेस के चुनाव से पूर्व ही इसकी घोषणा क्यों नहीं की गयी ? यदि चुनाव से पूर्व इस 'रेवड़ी वितरण ' को दोगुना किया जाना घोषित हो जाता तो विपक्ष को इसका और अधिक लाभ मिल सकता था। परंतु चूंकि इसकी घोषणा ठीक समय पर नहीं हुई इसका अर्थ यही है कि इण्डिया गठबंधन दलों में इस 'रेवड़ी वितरण ' को लेकर पूर्ण सहमति नहीं थी।

परन्तु चुनाव के बीच 5 किलो की जगह 10 किलो राशन देने की बात करना वह भी उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में इसकी घोषणा करना और इस घोषणा के बाद कांग्रेस,अखिलेश यादव की सपा व राष्ट्रीय जनता दाल के तेजस्वी यादव द्वारा इस 'रेवड़ी वितरण ' को दोगुना किये जाने का जोर शोर से प्रचार किया जाना यही दिखाता है कि चूँकि जनता को मुफ़्त की रेवड़ी की आदत डाली जा चुकी है इसलिये क्यों न ब्रह्मास्त्र के रूप में इस्तेमाल किया जाये ? भारतीय जनता पार्टी भी कांग्रेस व सपा द्वारा इण्डिया गठबंधन की ओर से की गयी इस घोषणा से बौखला गयी है तथा इस वादे को झूठ का पुलिंदा बता रही है। बेशक चुनाव परिणाम निर्धारित करेंगे कि भविष्य में ग़रीबों को पांच किलो मुफ़्त राशन मिलेगा या दस किलो, परन्तु भाजपा व इण्डिया गठबंधन की इस तरह की 'रेवड़ी वितरण ' जैसी घोषणाओं से एक बात तो अब साबित हो ही गयी है कि सत्ता हो या विपक्ष, ''रेवड़ी आवंटन ' में भी अब प्रतिस्पर्धा मची हुई है।

# टूथपेस्ट का ऐसे करें इस्तेमाल, कुछ दिनों में गोरे दिखने लगेंगे आपके घुटने और कोहनी

त्वचा में नमी न होने की वजह से त्वचा रूखी होकर काली पड़ने लग जाती है. कभी-कभी घुटने और कोहनी बहुत ज्यादा काले दिखने लगते हैं, जो शर्मिंदगी का कारण बन जाते हैं. काले घुटने की वजह से अवसर लोग शॉर्ट कपड़े नहीं पहन पाते हैं, तो वही कोहनी के कालेपन की वजह से लोगों को हाफ और स्लीवलेस कपड़े पहनने में परेशानी होती है. ऐसे में लोग कोहनी और घुटने को गोरा करने के लिए काफी प्रयास करते हैं, कुछ लोग तो इसके लिए मेडिकल ट्रीटमेंट की भी मदद लेते हैं. लेकिन फिर भी उन्हें कोई असर नहीं होता है. अगर आप भी कोहनी के कालेपन से परेशान है, तो यह खबर आपके लिए है. आज हम आपको टूथपेस्ट के इस्तेमाल के बारे में बताएंगे.

**टूथपेस्ट के फायदे**-टूथपेस्ट वैसे तो धातु की सफाई के लिए इस्तेमाल होता है लेकिन आप इसका उपयोग कोहनी और घुटने के कालेपन को दूर करने के लिए भी कर सकते हैं. जानकारी के मुताबिक टूथपेस्ट डेड स्किन को हटाने में मदद करता है और त्वचा के पीएच लेवल को संतुलित रखता है. जिससे त्वचा का कालापन दूर होता है. यही नहीं टूथपेस्ट एक ब्लीचिंग एजेंट है, जो त्वचा को हल्का करने में भी मददगार माना गया है.

**टूथपेस्ट का इस्तेमाल**-टूथपेस्ट का इस्तेमाल करने के लिए आपको सबसे पहले एक साफ बर्तन में एक चम्मच टूथपेस्ट के साथ नारियल तेल, नमक और नींबू का रस मिलना होगा. इन तीनों का पेस्ट बनाकर आप इसे कोहनी और घुटने पर सर्कुलर मोशन में लगाएं. इसे 5 से 10 मिनट के लिए छोड़ दें, फिर ठंडे पानी से धो लें. आप इसका हफ्ते में 2 से 3 बार इस्तेमाल कर सकते हैं. ऐसा करने पर आपको कुछ ही दिनों में फर्क देखने को मिलेगा.

**इन चीजों का करें इस्तेमाल**-टूथपेस्ट के अलावा आप और भी कई चीजों का इस्तेमाल कर अपनी कहानी और घुटने को गोरा बना सकते हैं जैसे नियमित रूप से मॉइश्चराइजर का इस्तेमाल करें डेट स्कीम हटाने के लिए हफ्ते में एक से दो बार कहानी और घुटने पर स्क्रब करें इसके अलावा नींबू के रस और दही का कोहनी और घुटने पर इस्तेमाल करें.

**इन बातों का रखें ध्यान**-हल्दी में एंटी इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं, जो त्वचा को हल्का करने में मदद करते हैं और गोरा बनाते हैं. इसलिए आप कोहनी और घुटने पर हल्दी का भी इस्तेमाल कर सकते हैं. यह घरेलू उपचार आपके घुटने और कोहनी के कालेपन को साफ कर सकते हैं. लेकिन ध्यान रहे कुछ लोगों को इससे एलर्जी हो सकती है. अगर ऐसा होता है, तो डॉक्टर से बात जरूर करें और उनकी सलाह ले.

## आज का राशिफल

मेष राशि- आज का दिन नया बदलाव लाने वाला है। प्रॉपर्टी डीलर के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा अचानक धन लाभ होगा। आज आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। स्वास्थ्य आज फिट रहेगा। इस राशि की महिलाओं को आज जीवनसाथी से सरप्राइज मिल सकता है जिससे पूरे दिन आपका मन प्रसन्न रहेगा। आज ऑफिस में आपके काम की तारीफ होगी। आपके जूनियर आपसे काम सीखने आएंगे।

वृष राशि-आज का दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज व्यापारियों के लिए दिन शुभ हैं। धनलाभ होने के आसार नजर आ रहे हैं। साझेदारी करना आज आपके लिए फायदेमंद रहेगा। जमीन से जुड़ा कोई बड़ा मामला सुलझ जायेगा। आज ऑफिस में नई पहल करने के लिए दिन अच्छा है। लाभ होने की संभावना बन रही है। करियर में आज कुछ बदलाव होने वाला है, तरक्की के नये रास्ते खुलेंगें। आपके मान-सम्मान में बढ़ोत्तरी होगी।

मिथुन राशि-आज का दिन खुशियां लेकर आने वाला है। पहले किया हुआ काम आज पूरा हो जायेगा। जिसका सकारात्मक परिणाम आपको मिलेगा। आज अपना धैर्य बनाये रखें और समय के साथ चलें। अपने जज़्बात क़ाबू में रखें फायदा होगा। आज आपको तरक्की के नये रास्ते मिलेंगे। दिक्कतों का तेजी से मुकाबला करने की क्षमता आपको ख़ास पहचान दिलाएगी। इस राशि के लोगों को आज जीवनसाथी से किसी जरूरी काम में मदद मिलेगी। जिससे काम सरलता से पूरा हो जाएगा।

कर्क राशि-आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आपके काम में आत्मविश्वास की झलक दिखाई देगी। आज दूसरों को बातों से अपनी ओर आकर्षित कर लेंगे। कोई रूका हुआ काम अपनों की मदद से पूरा हो जायेगा। इस राशि के छात्रों को आज प्रतियोगी परीक्षा से संबंधी कोई शुभ समाचार मिलने वाला है, जिसे सुनकर आपके चेहरे खिल उठेंगे। आज जीवनसाथी की राय आपके लिए कारगर साबित होगी। विरोधी पक्ष आज आपसे दूरियां बनाकर रहेंगे। आज कुछ अनुभवी लोगों से आपकी मुलाकात होगी।

सिंह राशि-आज का दिन ठीक-ठाक रहेगा। इस राशि के कारोबारी अपनी प्लानिंग गुप्त रखेंगे, तो सफलता जरूर हासिल होंगी। आज आपके सोचे हुए काम पूरे हो जायेंगे। किसी काम में निवेश करने से पहले अच्छी तरह से जांच-पड़ताल कर लें। इससे आप नुकसान से बचे रहेंगे। फालतू की शॉपिंग से बचे और अपनी आर्थिक स्थिति को मज़बूत करें। शाम को बच्चों के साथ खेलने से मानसिक तनाव कम होगा। दोस्तों के साथ बाहर घूमने जा सकते हैं।

कन्या राशि-आज का दिन अनुकूल रहने वाला है। कई उलझे सवालों के जवाब आज आपको मिल जायेगा, कन्फ्यूजन की स्थिति खत्म होगी। किसी काम से आज आपको बड़ा फायदा होने वाला है, साथ ही अधूरा काम पूरा हो जायेगा। आज खर्च में इजाफा बचत को ज्यादा मुश्किल बना देगा। आज कुछ निजी काम में बहन का सहयोग मिलने वाला है। नवविवाहित आज किसी अच्छी जगह पिकनिक के लिए जायेंगे। आज जीवनसाथी आपको कोई खूबसूरत तोहफा दे सकते हैं। इससे रिश्तों में मधुरता बढ़ेगी। ऑफिस में आज आपकी परफॉरमेंस देखकर बॉस आपके प्रमोशन पर विचार करेंगे।

तुला राशि-आज किस्मत आपका पूरा साथ देगी। जीवनसाथी आज कुछ ऐसा काम करेगे, जिसे देखकर आपका मन प्रसन्न हो जायेगा। कारोबार में आज कुछ ऐसी बाते सामने आएंगी, जो भविष्य में फायदेमंद रहेगी। आज आपका स्वास्थ्य बेहतरीन रहने वाला है। किसी नये काम की शुरूआत करना आपके लिए फायदेमंद रहेगा। धनलाभ के नये आसार बनेंगें। इस राशि के इंजीनियर्स के लिए आज का दिन अच्छा है। आज किसी कॉलेज से आपको टीचिंग के लिए ऑफर मिलने वाला है।

वृश्चिक राशि-आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। अगर आज कहीं यात्रा पर जा रहे है तो फायदा होने वाला है। यात्रा पर जाने से पहले सभी जरूरी दस्तावेज साथ रखना न भूलें। आज थोड़ा आलस्य महसूस हो सकता है। आज आपका कठिन परिश्रम फलदायी सिद्ध होगा। आपका आकर्षक व्यक्तित्व लोगों का ध्यान अपनी तरफ़ खींचेगा। आज दूर का कोई रिश्तेदार आपसे मिलने घर आ सकता है, जिससे पूरे घर में खुशी का माहौल बनेगा।

धनु राशि-आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहेगा। इस राशि के लोग आज समझदारी से काम करेंगें तो आपको फायदा जरूर होने वाला है। बैंकिंग सेक्टर से जुड़े लोगों के लिए दिन अच्छा है। पदोन्नती का अवसर मिलने के आसार बन रहे हैं। आज आपके मन में अधिक पैसे कमाने के नये विचार आएंगे। मुश्किल परिस्थिति में आज किसी मित्र का सहयोग प्राप्त होगा। जिससे दोस्ती में और भी मजबूती आयेगी। आज का दिन समझ-बूझ के साथ क़दम उठाने का है, इसलिए तब तक अपने विचार व्यक्त न करें जब तक आवश्यकता न हो।

मकर राशि-आज का दिन नई सौगात लेकर आयेगा। कारोबार में वृद्धि के लिए आज का दिन शुभ है। पहले से बनी योजनाओं को लागू करना आज ठीक रहेगा। आस-पास के लोग आज आपसे खुश रहेंगें। पुरानी उलझन आज खत्म होगी। इस राशि के जो लोग पयर्टन के क्षेत्र से जुड़े हैं, उन्हें आज आर्थिक लाभ मिलने वाला है। आज आप काम के प्रति सचेत रहें कोई विरोधी आपके व्यापार को नुकसान पहुंचाने की नाकामयाब कोशिश कर सकता है। छात्रों को आज प्रोजेक्ट पूरा करने में बड़ी बहन का सहयोग मिलेगा।

कुंभ राशि-आज आपका मन अध्यात्म में अधिक लगा रहेगा। आज ऑफिस में आपका प्रभाव बढ़ेगा। इस राशि के नवविवाहित दंपत्ति को आज किसी सामाजिक समारोह में जाना पड़ सकता है। जहां किसी ऐसे व्यक्ति से मुलाकात होगी जिससे मिलकर मन प्रसन्न हो जायेगा। किसी नये व्यापार में माता-पिता की राय कारगर साबित होने वाली है। स्टूडेंट्स का पढ़ाई में मन लगेगा। घर से बाहर रहकर शिक्षा ग्रहण कर रहे छात्रों को आज कोई बड़ी सफलता मिलने वाली है। लवमेट आज एक दूसरे की भावनाओं को समझेंगे।

मीन राशि-आज आपका दिन खुशहाल रहेगा। आज आपकी सेहत पहले से बेहतर रहेगी। कॉलेज में दोस्तों के साथ हंसी-मजाक होगा साथ ही बीच में किसी बात को लेकर चर्चा भी करेंगे। आज खुद को व्यर्थ के कामों से दूर रखें वरना आपका अधिक समय फिजूल के कामों में निकल जायेगा। आज आप किसी जरूरतमंद की मदद करेंगें, जिससे आप अपने आप को बेहतर महसूस करेंगे। इससे आपको प्रसन्नता मिलेगी।

# भारतीय संस्कृति में पाश्चात्य का घालमेल

संजीव ठाकुर

वर्तमान में आधुनिकता की अंधी दौड़ में हम इस तरह तेज भाग रहे हैं कि हमारी सनातनी परंपराएं धीरे-धीरे पीछे छूट रही हैं और हम आधुनिकता तथा परंपराओं के बीच त्रिशंकु बंद कर लटक रहे हैं। भारतीय वैदिक, सनातनी संस्कृति हमें अपने भारतीय होने का एहसास कराती है। जो हमें विश्व के अन्य देशों से विकास की दौड़ में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती है। भारत में अनेक परंपराएं ऐसी हैं जो सामाजिक जीवन को अधिक सभ्य एवं अच्छा इंसान बनाए रखने में योगदान देती है। जिनसे मनुष्यता का जीवन जीने की प्रेरणा भी मिलती है। यांत्रिक उपकरणों की तरह जिंदगी जीना भी कोई जीना है। यह भारतीय संस्कृति में पाश्चात्य का घालमेल ही है जो मनुष्य के जीवन को यंत्रवत बना देता है। जो आने वाले कल के लिए घातक भी हो सकती है। वहीं दूसरी ओर पाश्चात्य दर्शन की कुछ विशेषताएं भी हैं, जो हमारे विचारों को अधिक तार्किक तथा बौद्धिक बनाती है। जिससे हम अपना जीवन कार्तिक तथा बौद्धिक बना सकते हैं। जिन्हें हम अपने जीवन में क्रियान्वित कर अपने मनुष्य जाति के जीवन को अधिक सार्थक एवं सुलभ बना सकते हैं। निसंदेह हमें रूढ़ीवादी या एकदम पुरातन पंथी संस्कृति से लगाव न रखकर पाश्चात्य संस्कृति के जो फायदे हैं, उन्हें अपनाकर अपना जीवन सरल सार्थक एवं सुगम बना सकते हैं। परंतु आज वर्तमान में हमने पश्चिम दर्शन से खोखला आधुनिकवाद ओढ़ लिया है ,हम ना अत्यंत आधुनिक ही हो सके हैं और ना ही सही-सही संस्कारित परंपरावादी ही बन पाए हैं हम हम पाश्चात्य दर्शन और भारतीय संस्कार और परंपरा के बीच त्रिशंकु बन कर झूल रहे हैं' विवेकानंद जी ने कहा है कि वीणा के तार को ईतना भी ना कसो कि वह टूट जाए, और इतना भी ढीला छोड़ो कि वह बज भी ना पाए, मूलतः हमें दोनों संस्कृतियों की समग्र अच्छाइयों को आत्मसात कर उनकी बुराइयों को त्यागना होगा तब ही जीवन सफल हो सकेगा।

भारतीय संस्कृति अध्यात्म प्रधान है। जबकि पश्चिमी सभ्यता भौतिकता लिए होती है, और उसमें भौतिकता की प्रधानता होती है। आध्यात्मिक प्रधान संस्कृति से तात्पर्य भौतिकता वादी दृष्टिकोण से दूर रहकर भौतिकता वादी होने का ही है। प्राचीन काल से ही भारत देश में 'अतिथि देवो भव' और 'वसुधैव कुटुंबकम' वाली संस्कृति रही है। भारत की सांस्कृतिक धरोहर, विश्वास, भावना,आस्था, धर्म, रीति रिवाज जैसे तथ्यों से भरी पड़ी है। धर्म प्रधान संस्कृति होने के कारण ही इसे आध्यात्मिक प्रवृत्ति वाला देश माना गया है। स्वामी रामकृष्ण परमहंस के शब्दों में यदि कहें तो ईश्वरत और त्याग पर्यायवाची शब्द है। संस्कृति और सदाचार उसकी बाह्य अभिव्यक्तियाँ है। परंपरागत दृष्टिकोण से हम अपने धार्मिक तथा अध्यात्मिक दर्शन को लेकर बहुत हद तक अपने आप को एवं देश को महिमामंडित करने में लगे रहते हैं। किंतु आज आवश्यकता इस बात की है कि हमें पूर्ण रूप से आध्यात्मिक ना होकर वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाकर इस तथ्य का मूल्यांकन किया जाना चाहिए कि 21 सदी में पांचवी एवं छठवीं सदी की मान्यताएं तथा परंपराएं जारी रख उन्हें अपना सकते हैं क्या?, आज जब दुनिया वैज्ञानिक चमत्कारों से भरी पड़ी है। दुनिया विज्ञान की प्रगति से चांद तो क्या सूर्य को भी खंगालने का प्रयास कर रही है। मानव का क्लोन बनाकर ईश्वर की सत्ता को चुनौती देने का प्रयास किया जा रहा है। ऐसे में धार्मिक संस्कृति तथा आध्यात्मिकता को आवश्यकता से अधिक महत्व एवं परंपरा में लाना प्रासंगिक एवं तार्किक होगा। निसंदेह नहीं।

पाश्चात्य दर्शन भौतिकता प्रधान एवं वैज्ञानिक संस्कृति है। भौतिकता प्रधान युग से तात्पर्य ऐसी परंपरा जो यथार्थवादी दृष्टिकोण को सर्वाधिक महत्व देती है। वैसे ही भौतिकता का सामान्य मतलब इंद्रिय बोध से साक्षात संबंध रखने वाली वस्तु से है, अर्थात जो वास्तविकता है एवं यथार्थ है वही पाश्चात्य दर्शन है। पाश्चात्य संस्कृति को इसलिए भी वैज्ञानिक एवं वस्तु परख माना जाता है क्योंकि इसमें सूक्ष्म जांच पड़ताल कर वस्तु स्थिति का सही मूल्यांकन अपनाकर एक सामान्य सिद्धांत एवं नियम बनाया जाता है। जिससे भविष्य की बातों को जानकर जीवन को और अच्छा तथा बेहतर बनाने में मदद मिल सके।

पारिवारिक वातावरण संघर्ष तथा तनावपूर्ण होते जा रहा हैं। पाश्चात्य संस्कृति की नकल कर लोग परिवार से अलग होकर स्वतंत्र जीवन यापन करना पसंद करते हैं। उनमे विवाह विच्छेद और अन्य विसंगतियां जन्म लेने लगी हैं। धर्म तथा आध्यात्मिक के प्रति आमजन की सूची धीरे धीरे कम होते जा रही है। ऐसो आराम के सामान खरीदने के कारण लोगों के खर्चे अनाप-शनाप बढ़ चुके हैं। बुजुर्गों की इज्जत तवज्जो होनी कम हो गई है। जिससे वैवाहिक संबंध टूटने के कगार पर आ जाते हैं। पर दूसरी तरफ पाश्चात्य सोच के कारण स्त्री सशक्तिकरण को बढ़ावा भी मिला है महिलाएं जहां पहले अपने घरों में कैद थी अब उन्मुक्त होकर शिक्षित होकर समाज में सफल होकर पुरुषों से कंधे से कंधा मिलाकर व्यवसायिक दृष्टिकोण अपनाकर बड़े-बड़े पदों में कार्य कर रही हैं।

समाज में खुलापन भी आ गया है। विकास रोजगार एवं मानवीय सोच में भी काफी विस्तार आया है, जो विश्व की सभ्यताओं में आज मौजूद है,जो भारत के विकास में सहायक भी हैं। कुल मिलाकर बात यह है कि हमें आध्यात्मिक भारतीय परंपरा संस्कृति तथा पाश्चात्य दर्शन तथा पाश्चात्य संस्कृति की सकारात्मक बातें आत्मसात कर विकास की एक नई राह खोजनी होगी, एवं सदैव अच्छी बातों के लिए अपने मस्तिष्क को खुला रखना होगा और पाश्चात्य संस्कृति की विसंगतियों को दूर रख भारतीय संस्कृति को बढ़ावा देना चाहिए।

## विश्लेषण

किशन सनमुखदास भावनानी

# सांसद जी स्वागतम! लोकतंत्र का मंदिर आपका इंतजार कर रहा है



वैश्विक स्तरपर पूरी दुनियां में लोकसभा के सबसे बड़े महापवर्का आयोजन भारत में शुरू है,जिसका अंतिम चरण 1 जून 2024 को होगा जिसमें 57 लोकसभा सीटों के लिए चुनाव होने के साथ ही इस महापर्व का समापन होगा और इसके नतीजे 4 जून 2024 को सुबह से ही आने शुरू हो जाएंगे,जिसपर पूरी दुनियां की नजरे एकटक लगी हुई है, क्योंकि मुझे ऐसा लगता है की पूरी दुनियां को उम्मीद है कि यहीं से दुनियां के विकास की गाथा लिखने का नया अध्याय शुरू होगा, क्योंकि पूरी दुनियां के बड़े-बड़े नेतृत्व इसका इंतजार कर रहे हैं, फिर भारत से अपनी पहल शुरू करेंगे। चूंकि अभी पिछले दो माह से चुनावी तैयारीयों का पारा चढ़ा हुआ है, व हर पार्टी का नेतृत्व इस महापर्व की चुनावी सेवा मस्ती में मस्त है, परंतु 4 जून 2024 के बाद हम देखेंगे कि बहुत तेजी से विकास की गाड़ी पटरी पर दौड़ेगी,अनेक देशों के साथ फ्री ट्रेड एग्रीमेंट की प्रक्रिया तेजी से आगे बढ़ेगी मेरा ऐसा मानना है कि, मंत्रिमंडल की पहली बैठक में ही अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लेने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता, परंतु सबसे बड़ा पल अभी यह है कि भिन्न-भिन्नसांसदों का नवांगुत संसद भवन में स्वागत और लोकतंत्र के मंदिर की धूल अपने माथे पर लगाने के लिए सभी उम्मीदवार अति उत्सुक हैं, परंतु चूंकि हजारों उम्मीदवार हैं और सीटें केवल 544 हैं,इसीलिए सबकीनजरें लगी हुई है कि कौन है वह भाग्यशाली जो पवित्र मंदिर की दहलीज पर सांसद बनकर कदम रखेंगे।हालांकि इसके लिए चुनाव आयोग और संसद भवन के अधिकारियों की चर्चा होकर लोकसभा भवन में तैयारी का दौर शुरू है हो चुका है इसलिए अधिकारियों की एक समिति का गठन भी कर दिया गया है जो तैयारी कर रहे हैं, इस तरह नए सांसदों को खासकर जो पहली बार चुनकर आ रहे हैं उनको कोई तकलीफ ना हो उनके लिए दिल्ली आने पर एयरपोर्ट रेलवे स्टेशन वह अन्य महत्वपूर्ण स्थान पर सचिवालय की तरफ से काउंटर बनाए जा रहे हैं, ताकि शालीनता से उन्हें गंतव्य स्थान पर पहुंचा जा सके। मेरा मानना है कि हर उम्मीदवार इसकी चाहत लगा बैठा है। परंतु चुंकि 18वीं लोकसभा के गठन का दिन बहुत नजदीक आ गया है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,लोकतंत्र के पवित्र मंदिर लोकसभा भवन में जनता के नुमाइंदों के स्वागत की तरह तैयारी स्वागत योग्य है।

साथियों बात अगर कर हम 18वीं लोकसभाकी तैयारीयों वआगंतुक सांसदों के स्वागत की करें तो,देश में लोकसभा चुनाव के छह चरण पूरे हो चुके है। अखरी सातवें चरण का चुनाव बचा हैं और चार जून को देश में किसकी सरकार बनेगी यह तय हो जायेगा।चुनाव के बीच ही 18वींलोकसभा को लेकर संसद में तैयारियां शुरू हो गयी है। नये सांसदों को सुविधा मुहैया कराने के लिए अधिकारियों की विशेष टीम का गठन किया गया है और सांसदों के लिए विशेष काउंटर बनाए गए हैं।नये सांसदों के दिल्ली आने पर विशेष काउंटर पर लाने के लिए,एयरपोर्ट रेलवे स्टेशन और प्रमुख जगहों पर विशेष टीम तैयार रहेगी और सांसदों को पंजीकरण के लिए काउंटर पर लाने का काम करेगी, इस काम के लिए लोकसभा सचिवालय के अधिकारियों को तैनात किया जायेगा। जो सांसद पहली बार चुनकर आयेंगे, उसपर विशेष ध्यान रखा जायेगा, जिससे उन्हें किसी भी तरह की असुविधा का सामना नहीं करना पड़े। नये सांसदों को पहले दिन काउंटर पर स्मार्ट कार्ड जारी किया जायेगा। साथ ही उनके ठहरने की उचित व्यवस्था भी होगी। गैर हिंदी भाषी क्षेत्र के सांसदों के लिये उस भाषा के जानकार अधिकारियों को तैनात किया जायेगा।नये सांसदों को आवास के साथ फोन कनेक्शन, सांसद के वाहन के लिए फास्टैग, संसद भवन आने के लिए स्मार्ट कार्ड, सांसदों का बैंक खाता खोलने, डिप्लोमेटिक पासपोर्ट के लिए आवेदन,स्वास्थ्य सुविधा और अन्य जरूरी सेवा काउंटर पर उपलब्ध होगी पालियामेंटके एनेक्सी यासंविधान सदन में इस बाबत एक बड़ा काउंटर बनाया जायेगा, जहां सभी तरह की आधुनिक सुविधा उपलब्ध है। नये सांसदों के लिए दिल्ली के विभिन्न राज्यों के भवन सहित सरकारी गेस्ट हाऊस जैसे वेस्टर्न कोर्ट आदि में कमरे बुक कराने की व्यवस्था की जा रही है। देखा जाए तो पिछले लोकसभा चुनाव के बाद कई सांसदों के लिए अशोका होटल में कमरे बुक करवाये गये थे, लेकिन अब सरकार खर्च को कम करने के लिए अशोका होटल में सांसदों को नहीं ठहरायेगी। सांसदों के लिए कई नये आवास का निर्माण हुआ है और बहुत हद तक आवास की समस्या कम हुई है। लेकिन अगर आवास की दिक्कत होती है तो सांसदों को राज्यों के भवन में ठहराने का निर्णय लिया गया है। साथ ही वेस्टर्न कोर्ट जैसे सरकारी गेस्ट हाउस को भी बुक कराया जायेगा, जिसमें सांसद आराम से रह सकें। पांच सितारा होटल अशोका में नहीं ठहराने का निर्णय इसलिये भी लिया गया है कि कई बार सांसद एक सप्ताह के लिये रूकते हैं, लेकिन आवास की सुविधा उपलब्ध हो जाने के बाद भी वह वहीं जमे रहते हैं, जिससे सरकारी खजाने पर वेबजह का बोझ पड़ता है। साथियों बात अगर हम 18वीं लोकसभा के लिए संसद परिसर की करें तो,आम चुनाव के बाद जब 18वीं लोकसभा का पहला सत्र शुरू होगा तो संसद परिसर एक नए रूप में दिखेगा।दरअसल अलग-अलग इमारतों वाले पूरे परिसर को एकीकृत करने का काम चल रहा है। मीडिया में संसद सूत्रों ने बताया कि बाहरी क्षेत्रों के पुनर्विकास के तहत महात्मा गांधी, छत्रपति शिवाजी और महात्मा ज्योतिबा फुले सहित राष्ट्रीय महापुरुषों की प्रतिमाओं को पुराने संसद भवन के गेट नंबर पांच के निकट एक लॉन में ले जाया जाएगा। जिसे संविधान नाम दिया गया है। यह गज द्वार के सामने एक विशाल लॉन के निर्माण का मार्ग प्रशस्त करेगा। जिसका इस्तेमाल राष्ट्रपति और पीएम द्वारा नए संसद भवन में प्रवेश करने के लिए करते हैं। लॉन का इस्तेमाल आधिकारिक समारोहों के लिए भी किया जा सकता है, जैसे कि आमतौर पर बजट सत्र के दौरान संसद की संयुक्त बैठक में राष्ट्रपति का संबोधन। मीडिया को एक सूत्र ने कहा, लक्ष्य नई लोकसभा की बैठक से पहले पुनर्निर्मित संसद परिसर को तैयार करना है। संसद परिसर में चार इमारतें संसद भवन, संविधान सदन, संसद पुस्तकालय और संसदीय उपभवन शामिल हैं। जिनमें से प्रत्येक ढांचे का अपना अलग परिवेश और सुरक्षा व्यवस्था है। मीडिया में सूत्र ने कहा कि पूरे परिसर को एक इकाई मानकर चल रहे सुधार प्रयासों की योजना बनाई जा रही है, जिससे वाहनों और लोगों की निर्बाध आवाजाही हो सकेगी। उन्होंने कहा, परिसर के भीतर वाहनों की आवाजाही से मुश्किल होती है, खासकर संसद सत्र के दौरान। जिससे परिसर के भीतर जाम लग जाता है। संसद पुस्तकालय की इमारत और उपभवन (एनेक्सी) को एक सड़क से अलग किया गया है। जिसमें एक स्वागत कार्यालय और बैरक हैं। एक परिसर की दीवार के साथ आवास सुरक्षा कार्यालय है।बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा संसद परिसर के भीतर स्थित है। हजारों आगंतुक उनकी जयंती और पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि देने के लिए परिसर में आते हैं। मीडिया में संसद के एक सूत्र ने बताया कि संसद परिसर के बाहर रेड क्रॉस रोड भी परिसर का एक हिस्सा बन जाएगा। दरअसल, उस जगह पर लोकसभा और राज्यसभा सदस्यों के लिए एक कार्यालय बनाने की योजना है, जहां पर अभी अंतरराष्ट्रीय रेड क्रॉस सोसायटी है। बैरकों की कतार को खाली कराया जा रहा है। संसद भवनों को उपभवन से अलग करने वाले परिसर की दीवार को भी ध्वस्त करने की योजना बनाई जा रही है। इन कार्यालयों को नए संसद भवन के नॉर्थ यूटिलिटी ब्लॉक में स्थानांतरित कर दिया गया है।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि सांसद जी स्वागतम ! लोकतंत्र का मंदिर आपका इंतजार कर रहा है।18 वीं लोकसभा को लेकर संसद भवन में सांसदों के स्वागत की तैयारीयां शुरू-अधिकारियों की विशेष टीम का गठन।नए सांसदों के दिल्ली आनेपर एयरपोर्ट,रेलवे स्टेशन अन्यप्रमुख जगहों पर सचिवालय की ओर से काउंटर बनेंगे।लोकतंत्र के पवित्र मंदिर लोकसभा भवन में जनता के नुमाइंदों के स्वागत की तैयारी, स्वागत योग्य है।

# स्कूलों में ड्रॉपआउट बच्चों की वजह जानने टीम बनाकर करें सर्वे: कलेक्टर

**■ कलेक्टर ने आरटीई के संबंध में अशासकीय स्कूल संचालकों की बैठक लेकर दिए निर्देश**



**उत्तर बस्तर कांकेर, 27 मई।** कलेक्टर श्री अभिजीत सिंह ने आज अशासकीय स्कूलों के संचालक, प्राचार्य एवं प्रधान अध्यापकों की बैठक लेकर निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत प्रवेश प्रक्रिया एवं ड्रॉपआउट (शाला त्यागी) विद्यार्थियों की स्थिति की जानकारी लेते हुए विस्तृत समीक्षा की। बैठक में कलेक्टर ने बच्चों के ड्रॉपआउट के कारणों को जानने के लिए टीम बनाकर सर्वे कराने और उनका यथासंभव समाधान कर पुनः स्कूलों में प्रवेश दिलाने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने अध्ययनरत् बच्चों का नियमित रूप से मॉनिटरिंग करते हुए सत्यापन कराने को भी कहा। उन्होंने अशासकीय स्कूल संचालकों से कहा कि देश में गुरू-शिष्य की परंपरा का पालन करते हुए शिक्षा का अधिकार (आर.टी.ई.) अधिनियम के तहत प्रवेशित बच्चों को दूसरे बच्चों की तरह बेहतर शैक्षणिक माहौल प्रदान करें। उनके साथ किसी भी प्रकार का भेदभाव न करें।

जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित बैठक में उन्होंने कहा कि जिले में ड्राप आउट बच्चों की संख्या बहुत ज्यादा है। ऐसे में ड्रापआउट के कारणों को जानने एवं उसके समाधान के लिए कारगर योजना बनाने की आवश्यकता है। उन्होंने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक बच्चे का कक्षावार सर्वे कराएं और उनके शैक्षणिक माहौल, पारिवारिक स्थिति सहित सभी पहलुओं पर जानकारी प्राप्त करते हुए ड्रापआउट के वास्तविक कारणों का पता लगाएं। उन्होंने स्कूल संचालकों से कहा कि आर.टी.ई. के तहत अध्ययनरत बच्चों के प्रति सकारात्मक रवैया अपनाएं। एडमिशन के बाद उन्हें पुस्तक समय पर मिल जाए। कक्षा में पढ़ाई के दौरान में अध्यापकों द्वारा उनके साथ अन्य विद्यार्थियों के भांति समान व्यवहार करें। स्कूल प्रबंधन के किसी भी प्रकार के व्यवहार से ड्रॉप आउट की स्थिति नहीं आनी चाहिए। इस पर कलेक्टर ने आर.टी.ई. के तहत स्कूलों में अध्ययनरत बच्चों की उपस्थिति की हर तीन महीने में सत्यापन कराने के भी निर्देश दिए।

जिला शिक्षा अधिकारी श्री अशोक पटेल ने कहा कि आर.टी.ई. के तहत द्वितीय चरण में शेष सीट हेतु 15 जून से प्रवेश प्रारंभ हो रहा है। सभी स्कूल शैक्षणिक वर्ष 2024-25 के लिए प्रवेश प्रक्रिया निर्धारित समयावधि में पूरी कर लें, प्रवेश प्रक्रिया की मॉनिटरिंग की जाएगी। उन्होंने बताया कि इस वर्ष पुस्तक जिला मुख्यालय से वितरित की जाएगी।

## एक नजर

### आईईडी विस्फोट 2 महिलाएं गंभीर रूप से घायल

**सुकमा 27 मई।** जिले के जगरगुंडा थाना क्षेत्र अंर्तगत नक्सल प्रभावित भीमापुरम गांव में नक्सलियों ने एक घर में जबरदस्ती आईईडी छिपाकर रखने कहा था। रविवार सुबह घर में छिपाकर रखे गये आईईडी में जोरदार विस्फोट हो गया, विस्फोट की चपेट में आने से 02 ग्रामीण महिलाएं गंभीर रूप से घायल हैं। मिली जानकारी के अनुसार एक महिला के पैर के चिथड़े उड़ गए हैं। बताया जा रहा है कि नक्सलियों ने बंदूक के बल पर एक ग्रामीण के घर में आईईडी रखी थी, इसके लिए गांव वालो ने मना भी किया था। लेकिन नक्सलियों ने जबरदस्ती रख दिया, इस आईईडी में अचानक जोर का विस्फोट हुआ विस्फोट की चपेट में आने से एक महिला के पैर के चिथड़े उड़ गए हैं, वहीं दूसरी महिला घायल है। घायल को अस्पताल लाने की कवायद की जा रही है। सुकमा पुलिस का कहना है कि विस्फोट की जानकारी मिली है, इसकी तस्दीक की जा रही है।

### मतगणना पर्यवेक्षक एवं सहायकों का हुआ प्रथम रैण्डमाइजेशन

**उत्तर बस्तर कांकेर, 27 मई।** लोकसभा आम निर्वाचन-2024 अंतर्गत मतगणना कार्य हेतु आज कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अभिजीत सिंह की उपस्थिति में जिले के तीनों विधानसभा के मतगणना पर्यवेक्षक एवं मतगणना सहायकों का प्रथम रैण्डमाइजेशन संपन्न हुआ। इस दौरान पोस्टल बैलेट के 20 मतगणना पर्यवेक्षक एवं 40 मतगणना सहायक तथा ई.व्ही.एम. के 51 मतगणना पर्यवेक्षक एवं 51 मतगणना सहायक का रैण्डमाइजेशन हुआ। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अशोक मारबल उपस्थित थे।

### वन्य प्राणी भालू के हमले से 1 महिला घायल

**कोंड़ागांव 27 मई।** जिले के केशकाल वन परिक्षेत्र के अंतर्गत ग्राम खालेबेदी निवासी बिरोबाई पति सोमारू मंडावी पर वन्य प्राणी भालू ने हमला कर दिया, घायल बिरोबाई को जिला अस्पताल कांकेर में उपचार के लिए भर्ती करवाया गया है। घायल महिला का आधार कार्ड राशन कार्ड स्मार्ट कार्ड के अभाव में आपरेशन नही होने से परिजन परेशान हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार अपने घर से खेत की ओर जाने के दौरान भालू ने उस पर हमला कर दिया और एक हांथ को बुरी तरह से जख्मी कर दिया। गंभीर रूप से घायल हुई बिरोबाई मंडावी का उपचार कांकेर के जिला अस्पताल में चल रहा है। घायल बिरोबाई मंडावी का कहना है कि डाक्टर ने आपरेशन जरूरी बता रहे हैं, वहीं घायल महिला का आधार कार्ड राशन कार्ड स्मार्ट कार्ड की मांग कर रहे हैं, पर बिरोबाई का राशनकार्ड स्मार्ट कार्ड नहीं बना है, राशनकार्ड में भी नाम नहीं जुड पाया है। आवश्यक दस्तावेजों के नही मिलने पर आपरेशन नही हो पा रहा है। परिवार वालों की आर्थिक स्थिति ठीक नही होने आपरेशन भी नहीं करवा पा रहे हैं।



### 500 करोड़ कोयला घोटाले का ईओडब्ल्यू जल्द करेगी बड़ा खुलासा

**रायपुर 27 मई।** छत्तीसगढ़ रायपुर में 500 करोड़ के चर्चित कोयले घोटाले मामले को लेकर ईडी के बाद?? अब ईओडब्ल्यू जांच में जुटी हुई है। कोयला स्कैम मामले में ईओडब्लू की टीम ने निलंबित आईएएस रानू साहू के भाई पीयूष साहू और सौम्या चौरसिया के भाई अनुराग चौरसिया से पूछताछ करने के बाद उनका बयान दर्ज किया है। वहीं दूसरी तरफ इस पूछताछ के बाद निलंबित आईएएस रानू साहू के भाई पीयूष साहू और सौम्या चौरसिया के भाई अनुराग चौरसिया को गिरफ़्तार होने की खबरें भी सामने आ रही? हैं। लेकिन उच्च पदस्थ अधिकारी ने गिरफ़्तारी की सूचनाओं को सिरे से खारिज किया है। उच्च पदस्थ सूत्रों ने यह स्पष्ट किया है कि, पीयूष साहू और अनुराग चौरसिया दोनों से पूछताछ की जानी थी और दोनों का बयान लिया जाना था। निलंबित आईएएस रानू साहू के भाई पीयूष साहू और राज्य प्रशासनिक सेवा की अधिकारी सौम्या चौरसिया के भाई अनुराग चौरसिया को पूछताछ के लिए लगातार नोटिस जारी हुए थे। लेकिन दोनों ही पूछताछ के लिए नहीं आ रहे थे। दोनों के नहीं आने से विवेचना में प्रभाव पड़ने की आशंका को देखते हुए दोनों को ही ईओडब्लू की टीम ने दबिश देकर पकड़ा। अनुराग चौरसिया और पीयूष साहू को ईओडब्लू के कार्यालय लाया गया जहां उनसे पूछताछ के बाद बयान दर्ज किया गया है। कोयला घोटाला मामले में आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो की हिरासत में निलंबित आईएएस रानू साहू और राज्य प्रशासनिक सेवा की निलंबित अधिकारी सौम्या चौरसिया इस समय ईओडब्लू की हिरासत में हैं।

# इनरव्हील क्लब ने समर कैंप के बच्चों व प्रशिक्षकों का किया सम्मान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर 27 मई।** जगतु महारा बहु.शा.उ.मा. विद्यालय बस्तर हाई स्कूल मे 30 दिवसीय सांस्कृतिक प्रशिक्षण शिविर नई उड़ान समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। समर कैंप का समापन 06 जून को होना है। इस समर कैंप में योगाभ्यास, गीत गायन,डांस, ड्रामा,वॉल पेंटिंग,कैलीग्राफी,आर्ट एंड क्राफ्ट,स्पोकन इंग्लिश जैसे विधाएं शामिल है, 100 से अधिक बच्चे इस समर कैंप में भाग ले रहे हैं, 17 प्रशिक्षक अपना योगदान दे रहे हैं। इनरव्हील क्लब ऑफ़ जगदलपुर की अध्यक्षा ममता सिंह राणा के नेतृत्व में क्लब के सदस्यों द्वारा प्रशिक्षण ले रहे बच्चों एवं प्रशिक्षकों को इस समर कैंप में सम्मानित किया गया। इनरव्हील क्लब की तरफ से प्रशिक्षण ले रहे 100 से अधिक बच्चों को उपहार एवं प्रशिक्षकों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। प्रशिक्षक ऋतू बाला ने समर कैंप के बारे में विस्तार से अपनी बातें रखी।इनरव्हील क्लब की अध्यक्षा ममता सिंह राणा ने समर कैंप में विविध कला का प्रशिक्षण दे रहे प्रशिक्षकों में धीरज कश्यप, केतन महानदी, भूमिका निषाद, संगीता महानदी, सुलता महाराणा, रैनु बाला, गायत्री बढकस, रजनी उपाध्याय, अतुल शुक्ला, कुलविंदर सिंह, अजय पाल सिंह, योगेश कुमार साहनी,सविता देवांगन, भावेश निषाद, हिमांशु दास, श्रेयांश ठाकुर, ऋषि निषाद सम्मान किया। इनरव्हील क्लब की सचिव डॉ सरिता थॉमस ने भी अपनी बातें रखी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से इनरव्हील क्लब ऑफ़ जगदलपुर से डॉ. ज्योति चिखलीकर, उषा गोंदी, अलका गुप्ता, सारिका चिंचोलकर,लाइबा चामडिया़, सीमा गुप्ता,रेणुका सहित क्लब के मेंबर एवं रतन व्यास, रामनरेश पांडेय,संग्राम सिंह राणा सहित बच्चों के माता-पिता उपस्थित थे।




## पेट्रोल पम्प मैनेजर से 14 लाख की लूट,आरोपी फरार

**राजनांदगांव 27 मई।** चिचोला के नजदीक पेट्रोल पंप के एक मैनेजर के साथ लाखों रुपए की लूटपाट की घटना हुई है। मैनेजर पर कथित रूप से धारदार हथियार से हमला भी किया गया है। सीसीटीवी फुटेज में एक सफेद रंग की कार कैद हुई है। पुलिस ने नेशनल हाईवे के अलावा आसपास के प्रमुख रास्तों में नाकेबंदी कर दी है। सोमवार सुबह लगभग 10.30 बजे मैनेजर के साथ उस वक्त लूटपाट की घटना हुई, जब वह पंप की रकम जमा करने बाईक से राजनांदगांव आ रहा था। पीछे से आ रही एक कार में सवार तीन लोगों ने मैनेजर पर हमला कर दिया और बैग में रखे 14 लाख से ज्यादा रकम लेकर फरार हो गए। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

आईजी दीपक झा ने पूरे मामले की बारीकी से जांच करने के निर्देश दिए हैं। वहीं डोंगरगढ़ एसडीओपी आशीष कुंजाम मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी ले रहे हैं। मिली जानकारी के मुताबिक घोरतलाव स्थित मारूति फ्यूल के मैनेजर राजाराम विश्नोई 14 लाख रु. बैंक में जमा करने के लिए बाईक से राजनांदगांव निकले थे। जैसे ही वे चिचोला से लगभग 5 किमी दूर झंडातालाब-भरकाटोला के बीच स्थित एक बायो डीजल पंप के पास पहुंचे। पीछे से आ रही एक ब्रेजा कार में सवार तीन लोगों ने मैनेजर पर हमला कर दिया और बैग में रखे 14 लाख से ज्यादा रकम लेकर फरार हो गए। वारदात की खबर जैसे ही पुलिस तक पहुंची, नेशनल हाईवे के अलावा आसपास के प्रमुख रास्तों में नाकेबंदी कर दी गई। बताया जा रहा है कि पुलिस को घटना को लेकर कुछ अहम जानकारियां भी मिली है। मैनेजर पर हमले के निशान भी मिले हैं।

## राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने विशेष अदालत में 3 नक्सलियों के विरुद्ध चार्जशीट किया दाखिल



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर 27 मई।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने हत्या के एक मामले में 3 नक्सलियों सन्नू राम अटलामी उर्फ सुनील, सुरेश कटलामी उर्फ कचलामी और शंकर नूरेटी उर्फ शंकर के खिलाफ जगदलपुर के विशेष अदालत में चार्जशीट दाखिल किया है। इन नक्सलियों पर तीन ग्रामीणों की बेरहमी से हत्या करने का आरोप है। मिली जानकारी के अनुसार कांकेर जिले के मोरखनदी गांव से नक्सलियों ने ग्रामीणों का अपहरण करने के बाद जन अदालत लगाकर मोडेमार्का के जंगलों में निर्मम हत्या कर दी थी, मामले में नक्सलियों की पहचान सन्नू राम अटलामी उर्फ सुनील, सुरेश कटलामी उर्फ कचलामी और शंकर नूरेटी उर्फ शंकर के रूप में की गई है। एनआईए ने आईपीसी की विभिन्न धाराओं के साथ ही यूए(पी) अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया था। जिन तीन नक्सलियों के खिलाफ एनआईए ने चार्जशीट दाखिल किया है, वे तीनों नक्सली क्रांतिकारी समिति, महिला मुक्ति मंच, रेवोल्यूशनरी पीपुल्स सहित अन्य नक्सली संगठनों से जुड़े हैं।

## आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए 29 एवं 30 मई को महाअभियान का आयोजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर, 27 मई।** आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना अंतर्गत छूटे हुए समस्त हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु 29 एवं 30 मई 2024 को दो दिवसीय महाअभियान का आयोजन जिले के समस्त ग्राम पंचायतों में किया जा रहा है। आयुष्मान कार्ड के माध्यम से एपीएल राशन कार्डधारी परिवार को 50 हजार रुपए तथा बीपीएल राशन कार्डधारी परिवार को 05 लाख रुपए तक के निःशुल्क उपचार की सुविधा प्रदान की जाती है। योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए आयुष्मान कार्ड होना आवश्यक है। वर्तमान में जिले में 183676 हितग्राहियों आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु शेष हैं। जिला प्रशासन ने जिले के आम जनता को महाअभियान के दौरान अपने और अपने परिवार के समस्त सदस्यों का आयुष्मान कार्ड अवश्य बनाने की अपील की है। योजना से संबंधित अन्य जानकारी के लिए अपने क्षेत्र के स्वास्थ्य कार्यकर्ता व मितानिन से संपर्क कर सकते हैं। महाअभियान में एनआरएलएम अंतर्गत समस्त महिला स्व सहायता समुह के सदस्यों व उनके परिवार के प्रत्येक सदस्य मनरेगा जॉब कार्डधारी समस्त हितग्राही व उनके परिवार के प्रत्येक सदस्य, समस्त आगनवाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका व उनके परिवार के प्रत्येक सदस्य तथा समस्त नितानीन व उनके परिवार के प्रत्येक सदस्य का शत-प्रतिशत आयुष्मान कार्ड पंजीयन करवाने के लिए कहा गया हैं। ग्राम पंचायतों में सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी, महिला एवं पुरुष स्वास्थ्य कार्यकर्ता,पंचायत सचिव, रोजगार सहायक और बीसी सखी के द्वारा ग्राम पंचायतों में पंजीयन सम्बन्धी कार्यवाही की जाएगी। वहीं प्रचार-प्रसार व हितग्राहियों को शिविर स्थल तक लाने हेतु मितानीन, आंगनबाडी कार्यकर्ता एवं सहायिकाएं मदद करेंगी। रिपोर्टिंग व पर्यवेक्षण का कार्य सम्बंधित क्षेत्र के आरएमए एवं सेक्टर सुपरवाईजर द्वारा किया जाएगा।

## समाचार संक्षेप

### नारायणपुर के रेकावाया मुठभेड़ में मारे गये 31 लाख के ईनामी 8 नक्सली की हुई पहचान

**नारायणपुर 27 मई।** जिले के अबूझमाड़ इलाके के रेकावाया के जंगल में गुरुवार 23 मई को नक्सलियों के बटालियन प्लाटून नंबर 16 और इंद्रावती एरिया कमिटी के साथ हुई मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने 8 नक्सलियों को ढेर कर दिया था। कुल 8 नक्सलियों के शव के साथ एक थ्री नॉट थ्री, 315 बोर 02 नग, एक बारह बोर, चार भरमार के साथ ही टिफिन बम, वर्दी, जिंदा कुकर बम, पिट्ठू, दवाईयां, मल्टीमीटर, बीजीएल सेल आदि बरामद किये थे। आज रविवार को नारायणपुर के एसपी प्रभात कुमार ने मारे गये सभी 8 नक्सलियों की शिनाख्तगी होने के बाद उनकी सूचि जारी कर बताया कि मारे गये सभी नक्सली 31 लाख के ईनामी थे। अबूझमाड़ इलाके के रेकावाया मुठभेड़ में मारे गये 8 नक्सलियों में विद्या गावड़े (उत्तर बस्तर डिवीजन) एरिया कमेटी सदस्या इनामी 5 लाख निवासी कुरूसबोड़े थाना कोयलीबेड़ा जिला कांकेर, अर्जुन मण्डावी (पूर्वी बस्तर डिवीजन) आमदई एरिया कमेटी सदस्य इनामी 5 लाख निवासी ग्राम सालेपाल थाना मालेवाही, जिला बस्तर, रामबती कोवासी (पूर्वी बस्तर डिवीजन) आमदई एरिया कमेटी सदस्या इनामी 5 लाख निवासी ग्राम बेड़मा थाना मरदापाल, जिला कोण्डागांव, मंगली परसा उर्फ आशमती 16 नंबर प्लाटून ए सेक्शन कमाण्डर इन्द्रावती एरिया कमेटी इनामी 5 लाख निवासी ग्राम बोडग़ा (कोन्दोड़पारा) थाना भैरमगढ़, जिला बीजापुर, तुलसी कश्यप (पूर्वी बस्तर डिवीजन) आमदई एरिया कमेटी सदस्या इनामी 5 लाख निवासी ग्राम कचनार थाना मालेवाही, जिला बस्तर, सुखदेव इन्द्रावती एरिया कमेटी लोकल गोरिला स्कॉड सदस्य इनामी 2 लाख निवासी ग्राम वांगेल थाना जांगला, जिला बीजापुर, बुगूर जुरी लोकल गोरिला स्कॉड इन्द्रावती एरिया कमेटी सदस्य इनामी 2 लाख निवासी ओरछा, ग्राम आलवाड़ा थाना नारायणपुर व मंगलू जुर्री ग्राम पड़की (तुलतुली) 16 नंबर प्लाटून सदस्य इन्द्रावती एरिया कमेटी इनामी 2 लाख निवासी चाना ओरछा, जिला नारायणपुर के रूप में सभी 8 नक्सलियों की पहचान हो गई है।

### 7 रेत खदानों के लिए कलेक्टर ने जारी किए आदेश व निर्देश

**कांकेर 27 मई।** छत्तीसगढ़ गौण खनिज साधारण रेत का उत्खनन एवं व्यवसाय नियम के तहत् जिले में कुल 07 रेत खदान चारामा तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत भिरौद, माहुद, भुईगांव, भिरौद, तेलगुड़ा, करिहा तथा दुर्गूकोंदल तहसील के ग्राम पंचायत पित्तेफुलचुर स्वीकृत एवं संचालित हैं। कलेक्टर अभिजीत सिंह ने उक्त रेत खदानों हेतु अपर कलेक्टर जितेन्द्र कुर्रे को अध्यक्ष नियुक्त किया है, तथा जिला अंकेक्षक प्रभारी बृजलाल देवा को नोडल एवं करारोपण अधिकारी नारायण सिंह कुरेटी, दिलदार सिंह मरकाम और रमेश कुमार किशोरे को सहायक नोडल अधिकारी बनाया है। सहायक नोडल अधिकारी के साथ खनिज विभाग से ज्ञानी प्रकाश कोसले अनुरेखक जांच दल को सहयोग प्रदान करेंगे। कलेक्टर अभिजीत सिंह ने उक्त स्वीकृत एवं संचालित रेत खदानों के लिए आदेश एवं निर्देश जारी किए हैं। कलेक्टर द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि सभी रेत खदानों में रेत की खुदाई श्रमिकों द्वारा की जाए तथा रिवर बेड में भारी वाहनों को प्रवेश न दिया जाए। लीज क्षेत्र में स्थित रेत खुदाई गढ्ढे से लोडिंग प्वाईंट तक रेत का परिवहन ट्रैक्टर ट्राली के माध्यम से किया जाए। उन्होंने रेत खनन कार्य में लगे सभी श्रमिकों के बैंक खाते खुले हैं या नहीं, यह सुनिश्चित करने कहा है। साथ ही यह भी निर्देशित किया है कि यदि खाते नहीं खुले हैं तो खुलवाया जाए एवं श्रमिकों को भुगतान ग्राम पंचायत के खाते से किया जाए। नाकों से परिवहन होने वाले रेत वाहनों की अभिवहन पार पत्र का शत-प्रतिशत जांच की जाए एवं वाहनों में ओव्हर लोड पाए जाने पर आरटीओ. एवं पुलिस विभाग को सूचित कर कानूनी कार्यवाही किया जाए। नाकों में संधारित पंजी में वाहन तथा खनिज का पूर्ण विवरण जैसे वाहन मालिक का नाम, वाहन चालक का नाम, वाहन क्रमांक, वैध अभिवहन पार पत्र, की जानकारी आदि रखा जाए। कलेक्टर ने जारी आदेश में कहा है कि पंजी में दर्ज वाहनों की ग्राम पंचायत से जारी पंजी से प्रति सप्ताह मिलान किया जाकर विसंगति होने की स्थिति में ग्राम पंचायत, वाहन मालिकों से स्पष्टीकरण प्राप्त किया जाकर कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत किया जाए। गैर स्वीकृत खदान से अवैध परिवहन करने वाले वाहनों में खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) नियम, 1957, छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम, 2015 के अतिरिक्त भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 247 के तहत भी कार्यवाही प्रस्तावित किया जाए। खनिज, राजस्व एवं पुलिस विभाग द्वारा जिन क्षेत्रों में अवैध रेत खनन की शिकायतें प्राप्त हो रही है उन क्षेत्रों में निरंतर निगरानी रखा जाए तथा उल्लंघन पाए जाने पर कार्यवाही किया जाए।



### हटकेश्वरनाथ वालीबाल संघ दे रहा है 32 बच्चों को प्रशिक्षण

**रायपुर 27 मई।** जिला प्रशासन खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा विभिन्न खेलों के लिए 22 मई से 11 जून तक ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में श्री हटकेश्वर नाथ वालीबाल संघ महादेव घाट रायपुर द्वारा वॉलीबॉल का प्रशिक्षण राष्ट्रीय रेफरी दुर्गा प्रसाद पटनायक एवं कोच द्वारा 32 बच्चों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। वैसे तो हटकेश्वर नाथ बालीवाल संघ के सौजन्य से 1 अप्रैल से निरंतर प्रशिक्षण जारी है । छत्तीसगढ़ खेल एवं युवा कल्याण विभाग के निर्देशानुसार निशुल्क योजना के अंतर्गत पुन~ पंजीयन कराकर वॉलीबॉल प्रशिक्षण का आयोजन किया जा रहा है। रमाकांत निषाद सचिव द्वारा बताया गया कि अभी तक 37 बच्चों को पंजीयन फॉर्म का वितरण किया गया है जिसमें से 32 बच्चों का फॉर्म जमा हो चुका है। वर्तमान में इस वॉलीबॉल के प्रशिक्षण कार्यक्रम में 32 बच्चें आ रहे हैं। बच्चों का यहां आना निरंतर जारी है शेष बच्चों द्वारा शीघ्र ही फॉर्म जमा करने की जानकारी दी गई।



## ■ 4 जून को मतगणना : आदर्श महाविद्यालय धरमपुरा स्थित मतगणना केन्द्र का किया निरीक्षण

# अतिरिक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने स्ट्रांग रूम-मतगणना तैयारियों का किया अवलोकन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर 27 मई।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत परिणामों के लिए आगामी 04 जून को मतगणना की जाएगी। इसी कड़ी में रविवार को अतिरिक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर ने जगदलपुर के धरमपुरा स्थित मॉडल कॉलेज में स्ट्रांग रूम का जायजा लेकर मतगणना की तैयारियों का अवलोकन किया ।

आदर्श महाविद्यालय धरमपुरा स्थित मतगणना केन्द्र में निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री क्षीरसागर ने मतगणना स्थल सहित मतगणना स्थल के परिसर में सुरक्षा व्यवस्था और मतगणना कक्षों का अवलोकन किया और निर्वाचन अभिकर्ताओं की सुविधा के लिए इसे मतगणना स्थल में प्रदर्शित करने को कहा, जिससे अभिकर्ता अपने निर्धारित मतगणना कक्ष तक आसानी से पहुंच सकें। उन्होंने मतगणना स्थल में विधानसभावार मतगणना कक्ष तक पहुंचने के लिए बनाए गए प्रवेश एवं निकास द्वार का भी अवलोकन किया। इस मौके पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विजय दयाराम ने विधानसभावार मतगणना कक्षों,मतगणना दलों की ड्यूटी,अभ्यर्थियों और उनके गणना अभिकर्ताओं की बैठक व्यवस्था, प्रवेश पास, सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से मॉनिटरिंग, मतगणना के लिए वीडियोग्राफी, सुरक्षा व्यवस्था, बैरिकेटिंग, वीवीपैट पर्ची की गिनती की व्यवस्था, उदघोषणा स्थल,मीडिया सेंटर आदि की जानकारी दी। वहीं पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा ने सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। अतिरिक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के निरीक्षण के दौरान मतगणना स्थल में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महेश्वर नाग,उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रवीण वर्मा, सहायक रिटर्निंग अधिकारी भरत कौशिक,लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता एके सिंह सहित निर्वाचन दायित्व से जुड़े अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## शिव महापुराण कथा: यातायात व्यवस्था को देखते हुए ट्रैफिक एडवाइजरी जारी

**रायपुर 27 मई।** छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिला अंतर्गत अमलेश्वर में अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा (सिहोर वाले) का शिव महापुराण कथा आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन 26 मई से दो जून तक चलेगा। इस दौरान श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ने की संभावना है। ऐसे में यातायात व्यवस्था को देखते हुए पुलिस ने ट्रैफिक एडवाइजरी जारी किया है। कथा स्थल थाना अमलेश्वर के सामने मुख्य मार्ग से लगा हुआ है। सामान्य दिनों में भी रायपुरा चौंक से महादेव घाट रोड में यातायात का अत्यधिक दबाव रहता है। श्रद्धालुओं के सुगमता और व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए रायपुर शहर की ओर से कथा स्थल तक आने-जाने के लिए ट्राफिक चार्ट जारी किया गया है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय क़ी धर्म पत्नी कौशल्या देवी को शिव महापुराण कथा सुनने के लिए आमंत्रित किया गया। इस दौरान उन्होंने सातों दिन कथा स्थल पहुंचने क़ी बात कही हैं। साथ ही शिव महापुराण के विशाल आयोजन के लिये बधाई दी हैं। साथ ही शिक्षामंत्री बृजमोहन अग्रवाल को शिव महापुराण के लिये आमंत्रण पत्र सौंप कर आमंत्रित किया गया।

# पिछड़ा वर्ग मोर्चा ने फूंका पश्चिम बंगाल की सीएम ममता का पुतला

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**महासमुंद,27 मई।** भाजपा प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर पिछड़ा वर्ग मोर्चा एवम भाजपा के कार्यकर्ताओं द्वारा स्थानीय बरोंडा चौक में पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का पुतला दहन किया गया। पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष तुमगांव नगर पंचायत अध्यक्ष राकेश चंद्राकर ने बताया कि वोट बैंक की ओछी राजनीति के चलते पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने 2010 से 2024 तंक बंगला देशी घुसपैठियों, रोहिंग्याओं सहित एक विशेष वर्ग को ओबीसी प्रमाण पत्र दिया था, जिसे रद्द कर कोलकाता हाइकोर्ट ने ओबीसी वर्ग के अधिकारों को सुरक्षित रखा है। राकेश ने कहा कि जो सुविधा वास्तविक पिछड़ों, एससी, एसटी को मिलना था, वो ममता बनर्जी की सरकार ने बंगलादेशी घुसपैठियों को दिया था, जिससे एक विशेष वर्ग का जनमत टीएमसी पार्टी को मिलता रहे। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने जिस तरह हाइकोर्ट के आदेश का पालन नही कर ,न्यायालय की अवमानना किया, कोर्ट के आदेश की अवहेलना कर ममता का दिया बयान वास्तविक पिछड़ा वर्गों का अपमान है। प. बंगाल की सीएम ममता बनर्जी के तानाशाही रवैये के विरोध में पूरे प्रदेश में भाजपा संगठन के आह्वान पर पिछड़ा वर्ग मोर्चा द्वारा ममता बनर्जी का पुतला दहन किया जा रहा है।पुतला दहन कार्यक्रम में उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए भाजपा जिला महामंत्री प्रदीप चंद्राकर ने कहा कि संविधान में यह स्पष्ट किया गया है कि किसी को भी धर्म के आधार पर आरक्षण नही दिया जाएगा। ममता बनर्जी तुष्टिकरण की राजनीति को बढ़ावा दे रही है। ममता बनर्जी ने अपनी पार्टी का वोट बैंक बढ़ाने बंगलादेशी घुसपैठियों को ओबीसी सर्टिफिकेट जारी किया था, जिसे कोर्ट ने संज्ञान में लेते हुए रद्द किया है। प्रदीप ने कहा कि ममता की सरकार द्वारा असंवैधानिक रूप से जारी किए ओबीसी प्रमाण पत्र को रद्द का हाईकोर्ट के फैंसले का भाजपा स्वागत करती है।



### यह रहे प्रदर्शन के दौरान मौजूद

पुतला दहन के दौरान प्रमुख रूप से सतपाल सिंह पाली शहर मंडल अध्यक्ष महासमुंद, धरम पटेल झलप मंडल अध्यक्ष, श्याम सावरकर ग्रामीण मंडल अध्यक्ष, दुली किशन साहू पिछड़ा वर्ग जिला महामंत्री, भाउराम साहू जिला उपाध्यक्ष पिछड़ा वर्ग मोर्चा, सुधा साहू जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा, प्रेम चंद्राकर, प्रलय थिटे, रमेश साहू, संदीप घोष, राहुल चंद्राकर, शंकर चंद्राकर, मुन्ना साहू, महेंद्र जैन, मीना वर्मा, गोपाल वर्मा, शुभ्रा शर्मा, गोविंद ठाकुर, मनीष शर्मा, भूपेंद्र चंद्राकर, विष्णु चंद्राकर, नागेंद्र नशीने, माखन पटेल, हेमलता यादव, भगत निषाद, राजेंद्र साहू, भगत निषाद, यशवंत साहू, अमन वर्मा, डिगेश साहू, आकाश पांडेय, कुशाल ठाकुर, अमित साहू, अभिषेक पांडेय, बादल मक्कड़, पूनम निषाद, कमल नरायण साहू, प्रतीक नामदेव, सोमेश दावड़ा, रामेश्वर पटवा, कमल साहू, नरेश नायक, राम खिलावन, ध्रुव तबोली, प्रेमलाल यादव, ताराचंद पटेल, राजेंद्र खड़गे, अंकित सोनी, अंकित साहू, विजय राजपूत, संजय यादव, सुमित बग्गा, रोशन साहू, खुशाल साहू, गोपी कन्नौज़े सहित भाजपा एवं पिछड़ा वर्ग मोर्चा के पदाधिकारी और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## एक नजर

### व्यक्ति के निर्माण से ही राष्ट्र का निर्माण संभव है: पूरन लाल साहू



**राजिम, 27 मई।** अखिल विश्व भारतीय गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के निर्देश पर पूरे देश में गृहे गृहे यज्ञ कार्यक्रम का आयोजन बुद्ध पूर्णिमा 23 मई से 26 मई तक किसी भी दिन गायत्री विधि विधान मंत्र के आधार पर किया जाना है.इसी तारतम्य में समीपस्थ ग्राम परसदा में लोक कल्याण एवं सशक्त भारत के निर्माण हेतु गृहे गृहे यज्ञ कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस अवसर पर प्रज्ञा मंडल परसदा के वरिष्ठ सदस्य पूरन लाल साहू ने बताया कि गायत्री परिवार का मूल उद्देश्य व्यक्ति एवं राष्ट्र निर्माण है व्यक्ति के निर्माण से ही राष्ट्र का निर्माण संभव है.भारतीय संस्कृति में हवन का बहुत महत्व है.यज्ञ करने से सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह होता है वही वातावरण को शुद्ध करने में अहम भूमिका निर्वहन करता है. हवन के साथ किसी भी मंत्र का जाप करने से सकारात्मक ध्वनि तरंगित होती है.साथ साथ शरीर में ऊर्जा का संचार होता है. हवन करने से देवी देवताओं का आशीर्वाद हमेशा बना रहता है. सनातन धर्म में कोई भी धार्मिक अनुष्ठान बिना हवन के अधूरा माना जाता है. इस अवसर पर पूरनलाल साहू,मौसमी माला साहू, हिरमत साहू, लोभांशु साहू,मुस्कान साहू,खुशबू साहू उपस्थित थे।

### मंगल स्टोन क्रशर पर हाथ तक नहीं रख पा रहा खनिज विभाग

**रायगढ़, 27 मई।** खरसिया के बानीपाथर में श्री मंगल स्टोन क्रशर संचालक ने अवैध खनन के जरिए करोड़ों की काली कमाई अर्जित कर ली है। अवैध खदान में खनिज विभाग कार्रवाई तक नहीं कर पा रहा है। भ्रष्टाचार के विरुद्ध कार्रवाई का दावा करने वाली सरकार यहां बेबस नजर आ रही है।बानीपाथर में श्री मंगल स्टोन क्रशर संचालक को 2017 से 2047 तक 30 साल के लिए खनिपट्टा स्वीकृत किया गया है। खनं 541/2, 571/2, 572/1, 572/3, 575/2, 572/4, 571/4, 571/1ख, 572/5, 543, 571/3, 571/4, 544/1, 540, 571/4, 573 और 574 कुल रकबा 1.524 हे. में खनिपट्टा मिला है। इसी भूमि पर ही लाइमस्टोन निकालकर गिट्टी का कारोबार किया जा सकता है। इस सीमा के बाहर खनन नहीं किया जा सकता जबकि मंगल स्टोन क्रशर ने दस हेक्टेयर में अवैध खदान बना ली है। स्वीकृत खनिपट्टे के आसपास की जमीनों को भी खदान बना दिया गया है। इसकी जानकारी खनिज अधिकारी को है लेकिन एक बार भी जांच नहीं की गई है। सालाना खनन और डिस्पैच की लिमिट तय की गई है। इसी के अनुसार रॉयल्टी पर्ची जारी की जाती है। वर्ष में दो बार असेसमेंट किया जाता है, तब भी खनिज विभाग ने गड़बड़ी नहीं पकड़ी है। इस वजह से अवैध खनन जारी है। प्रदेश की भाजपा सरकार ने भ्रष्टाचार पर कार्रवाई का दावा किया है लेकिन यहां सब चुप्पी साध लेते हैं। क्रशिंग यूनिट में भी सात हजार टन तक ही भंडारण अनुमति दी गई है। आसपास की निजी जमीनें खदान में बदली जा चुकी हैं। पास की जमीन खनं 576/1, 576/2, 544/1, 543, 376, 377, 368/1, 370/2, 368/2, 364/2, 364/1, 550, 362/1, 400, 399/2, 399/1, 372/1, 437/3, 398 पर भी खनन किया गया है।

#### कार्रवाई क्यों नहीं करते साहब?

जिले के पूर्व खनिज अधिकारी योगेंद्र सिंह ने मंगल स्टोन क्रशर के अवैध खनन पर पर्दा डाले रखा। अब रायगढ़ में नए अधिकारी की पोस्टिंग की गई है। मौके में अवैध खनन के पर्याप्त प्रमाण होने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं की गई। तय गहराई से अधिक खनन कर पत्थर निकाले जा रहे हैं। करोड़ों की रॉयल्टी चोरी हो रही है। इस पर अब भी कार्रवाई नहीं हो रही है।

### ई.व्ही.एम. के मतगणना के लिए विधानसभावार व टेबलवार 152 कर्मचारियों की लगाई ड्यूटी

**महासमुंद 27 मई ।** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 अंतर्गत संसदीय निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 09 महासमुंद के लिए 04 जून को कृषि उपज मंडी परिसर पिटियाझर में ई.व्ही.एम. मशीनों के मतगणना कार्य संपादन के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री प्रभात मलिक द्वारा विधानसभावार व टेबलवार भृत्य एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। जिसमें विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 39-सरायपाली, 40-बसना, 41-खल्लारी एवं 42-महासमुंद के लिए 14-14 टेबल लगाए गए है। प्रत्येक टेबल पर दो-दो कर्मचारी कुल 112 कर्मचारी तथा प्रत्येक विधानसभा के लिए 10-10 कर्मचारी कुल 40 कर्मचारी रिजर्व रखा गया है। इस तरह कुल 152 कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। इस संबंध में 02 जून 2024 को प्रातः 10:00 बजे से कृषि उपज मंडी पिटियाझर परिसर महासमुंद में प्रशिक्षण आयोजित किया गया है। उक्त प्रशिक्षण में सभी कर्मचारियों को अनिवार्य रूप से उपस्थित होने निर्देशित किया है। डाक मतपत्र के कार्य में सहयोग हेतु 5 कर्मचारियों की लगाई गई ड्यूटी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के डाक मतपत्र मतगणना के लिए नोडल अधिकारी डाक मतपत्र के कार्य में सहयोग हेतु 5 कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। इस संबंध में प्रशिक्षण 02 जून को प्रातः 11:00 बजे रखा गया है। उक्त प्रशिक्षण में सभी कर्मचारियों को अनिवार्य रूप से उपस्थित होने कहा है।

### ईव्हीएम एवं डाक मतपत्र की मतगणना के लिए माइक्रो ऑब्जर्वर नियुक्त

**महासमुंद 27 मई ।** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 अंतर्गत संसदीय निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 09 महासमुंद के ई.व्ही.एम. मशीन एवं डाक मतपत्र के मतगणना कार्य के लिए रिटर्निंग ऑफिसर श्री प्रभात मलिक ने 94 अधिकारियों को माइक्रो आब्जर्वर के रूप में नियुक्त किया है। उक्त माइक्रो आब्जर्वर का प्रशिक्षण मंगलवार 28 मई 2024 को अपराह्न 03:00 बजे वन विद्यालय परिसर में आयोजित किया गया है।

## श्रीमद भागवत कथा:कृष्ण जन्मोत्सव में झूम उठे श्रद्धालुजन

**महासमुंद।** स्थानीय गुडरुपारा में दिग्विजय साहू परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद भागवत कथा के चौथे दिन कृष्ण जन्मोत्सव मनाया गया। जीवंत झांकी और भक्ति संगीत से माहौल भक्तिमय रहा।कथा व्याख्या करते पं शेखर शर्मा ने मानव जीवन की चार अवस्थाओं के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि मनुष्य को अपने आयु के अनुसार व्यवहार में परिवर्तन ले आना चाहिए। उन्होंने दानशीलता में सबसे बड़ा दान कन्या दान को बताया। उन्होंने कहा कि आज मनुष्य धन के मोह में जकड़ा हुआ है। हर कोई संतान के रूप में केवल पुत्र ही चाहता है। पुत्र के विवाह में दहेज की कामना करता है। उन्होंने कहा कि बहू के रूप में आपको एक पिता ने अपनी पुत्री को सौंप दिया, जो आपके कुल आपके वंश को आगे बढ़ाती। आपके कुल की यश और कीर्ति को बढ़ाती है, इससे बड़ा दहेज और क्या हो सकता है। आप उस पिता के ऋण से कैसे मुक्त होंगे जिसने आपको अपनी बेटी का दान किया। इसलिए यदि आपकी कोई पुत्री नहीं है तो किसी निर्धन कन्या का विवाह कराकर कन्यादान कर दीजिए। इससे बड़ा दान व पुण्य कर्म और कुछ भी नहीं है।शर्मा ने भगवान कृष्ण के जन्मोत्सव पर कहा कि कृष्ण ने लीलाओं के माध्यम से समाज को संदेश दिया है। जिन पर भगवान श्रीकृष्ण की कृपा होती है, उन्हें ही भागवत कथा सुनने का सौभाग्य मिलता है। महासमुंद की पुण्य भूमि पर आयोजित श्रीमद् भागवत कथा का लाभ केवल साहू परिवार को ही नहीं अपितु, यहां कथा सुनने पहुंच रहे समस्त भक्तों मिल रहा है। साहू परिवार के पुण्य कर्मों का लाभ पंडाल में उपस्थित समस्त श्रोताओं को मिल रहा है। कथा श्रवण के लिए सैकड़ों भक्तजन उपस्थित थे। भक्तिपूर्ण भजनों में माताएं, बहनें, बुजुर्ग, युवा सभी झूमते नजर आए। यहां प्रतिदिन दोपहर तीन बजे से कथा शुरू हो रही है।

### यादव ठेठवार समाज का वार्षिक अधिवेशन 16 जून को

**रायपुर,27 मई।** यादव ठेठवार समाज मुख्य कार्यकारणी का बैठक राज मुख्यालय महादेवघाट रायपुर में समपन्न हुआ, जिसमे समाज के विकास एवँ उत्थान के लिए मुख्य रूप से परिचर्चा किया गया एवँ समाजहित में तत्काल प्रभाव सकारात्मक कदम उठाये गए। जिसमे मुख्य रूप से आने वाले 16 जून 2024 को वार्षिक अधिवेशन, समाज के मेघावी छात्र-छात्राओं का सम्मान, नवनिर्मित भवनों का लोकार्पण, एवँ वार्षिक अधिवेशन को सफल बनाने हेतु 17 पार अध्यक्षों को अपने अपने परिचेत्र से 2 नग चारपहिया वाहन व्यवस्था करने का अपील किया गया। ज्ञात हो यादव ठेठवार समाज रायपुर राज समाज के विकास एवँ उत्थान के लिए हमेशा नवाचार करते आ रही है, इसी कड़ी में समाज प्रमुखों एवँ स्वजातीय कुटुंभजनो द्वारा समाज के विकास, उत्थान, एवँ स्वजतीयजनों को रोजगार मुहैया कराने के उद्देश्य से समाजिक भूमि पर 17 दुकान नवनिर्माण करने हेतु भूमिपूजन किया गया।

### लक्ष्मी लॉज में चल रहा था गर्म गोश्त का धंधा, दो युवक, दो युवतियां और होटल संचालक गिरफ्तार

**रायगढ़, 27 मई।** खरसिया स्थित एक होटल में रविवार को पुलिस ने छापेमारी की है, जहां दो अलग-अलग कमरे में संदिग्ध अवस्था में दो युवक-युवती के जोड़े पकड़े गए हैं। पुलिस ने होटल संचालक को भी हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। मामला सेक्स रैकेट से जुड़ा है या प्रेमी जोड़े हैं, इसकी पुष्टि नहीं हो पाई है। जानकारी के अनुसार, खरसिया पुलिस चौकी को लंबे समय से शिकायत मिल रही थी कि खरसिया के कन्या भवन के पास स्थित लक्ष्मी लॉज में संदिग्ध गतिविधियां चलती हैं। लक्ष्मी लाज में बगैर किसी पुख्ता पहचान पत्र से लोगों को आसानी से रूम उपलब्ध हो जाता है। इस सूचना को गंभीरता से लेते हुए खरसिया पुलिस ने रविवार दोपहर को दबिश दी। लॉज के अलग-अलग कमरों में दो जोड़े संदिग्ध अवस्था में पाए गए। खरसिया पुलिस ने इस मामले में दोनों जोड़े सहित लॉज संचालक को भी हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। जिले में कई ऐसे लॉज हैं, जिसमें संदिग्ध गतिविधियां चलती रहती है। कभी क्रिकेट सट्टा तो कभी अन्य आरोपी पकड़े जाते हैं। इसके बाद भी होटल लॉज पर पुलिस लगाम नहीं लगा पा रही है। पिछले दिनों रायगढ़ शहर के शिवम लॉज में भी इस तरह की लगातार शिकायतें आ रही थी। पुलिस ने यहां भी दबिश दी

## केलो नदी किनारे मरीन ड्राईव में बच्ची की लाश मिलने से सनसनी

**रायगढ़, 27 मई।** बेलादुला मरीन ड्राईव में केलो नदी किनारे 11 वर्षीय बालिका की संदिग्ध परिस्थिति में लाश मिलने से आसपास क्षेत्र में हडकम्प मच गई थी। मृतिका की शिनाख्त निगमकर्मी नीरज सिंह की पुत्री गुंजन सिंह के रूप में हुई है। गुंजन की मौत किन कारणों से हुई है इस बात का खुलासा नहीं हो पाया है। प्रथम दृष्ट्या पुलिस पानी में डूबने से मौत होना मान रही है। वहीं पीएम के बाद ही वास्तविकता सामने आयेगी। फिलहाल चक्रधरनगर पुलिस मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार रविवार की सुबह बेलादुला के लोग मरीन ड्राईव से केलो नदी में नहाने गये तो नदी किनारे एक 11 वर्षीय बालिका का शव देख आसपास हड़कम्प मच गया। मामले की सूचना मिलने पर चक्रधर नगर थाना प्रभारी प्रशांत राव आहेर भी अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। बच्ची के शव का मुयाअना किया गया तो कोई चोट के निशान तो नहीं थे परंतु बताया जा रहा है कि मुंह से झाग निकल रहा था। वहीं मृतका की शिनाख्त कबीर चौक निवासी नगर निगम के सफाई सुपरवाईजर नीरज सिंह की पुत्री गुंजन सिंह के रूप में हुई।चुंकि नीरज वर्तमान में अपनी पत्नी आशा सिंह के कैंसर का इलाज कराने मुंबई गया हुआ है लिहाजा शव को जिला अस्पताल में रखा गया है। वहीं नीरज के आने पर पोस्टमार्टम की कार्रवाई की जाएगी। चक्रधर नगर पुलिस ने मर्ग कायम कर प्रथम दृष्ट्या पानी में डूबने से मौत होना मानते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है। वहीं गुंजन की मौत किन कारणों से हुई है इसका खुलासा पीएम रिपोर्ट के आने के बाद ही हो पायेगा।

#### कई सवाल है अनसुलझे

बेलादुला वासियों के अनुसार सुबह किसी के दरवाजा खटखटाने की आवाज आ रही थी, वहीं पास में ही नदी में बच्ची की लाश मिलने पर संभावना व्यक्त की जा रही है कि कहीं गुंजन ही किसी मुसीबत में तो नहीं थी और मदद के लिए दरवाजा खटखटा रही थी। अफसोस यह भी है कि किसी ने भी दरवाजा खोल कर वास्तविकता जानने की जहमत नहीं उठाई। वहीं दूसरी ओर गुंजन सुबह पूजा के लिए फूल लेने जाती थी और आज भी सवेरे 5 बजे से पहले ही वह फूल तोडने घर से निकली थी तो बेलादुला मरीन ड्राईव कैसे पहुंची?गुंजन की किसी ने हत्या कर लाश नदी किनारे फेंक दी है अथवा नदी में डूबने से उसकी मौत हुई है इस बात की वास्तविक खुलासा नहीं हो पाया है। इस तरह के कुछ सवाल है जो अनसुलझे है और पुलिस जांच के बाद ही तस्वीर साफ हो पायेगी। बताया जा रहा है कि फोरेंसिक एक्सपर्ट द्वारा मौका मुआयना कर जांच की गई है। वहीं अन्य बिंदुओं पर भी पुलिस जांच कर रही है।

## कुम्हारों की स्थिति सुधारने सरकारी योजनाओं का क्रियान्वन सही नहीं हो रहा

### स्वर्ण जयंती ग्राम योजना पंचायतों में आकर हुई बेकार

**पत्थलगांव, 27 मई।** कुम्हारो की आर्थिक स्थिती सुधारने के लिए शासन ने अनेक महत्वपूर्ण योजनायें क्रियान्वन कर रखी है,परंतु कुम्हारो तक सरकारी योजनायें ना पहुंच पाने के कारण उनकी स्थिती आज भी पूर्व की भांति ही बनी हुयी है। यही कारण है कि क्षेत्र के कुम्हार आज भी अपने द्वारा निर्मित मिटटी के सामान को बेचने के लिए घर-घर की चौखट झांकने के अलावा सप्ताह मे लगने वाले हॉट बाजार पर निर्भर रहते है। सुबह से शाम तक बाजार मे कडी मशक्कत करने के बाद उन्हे उनकी मेहनत की सही रकम नही मिल पाती,शाम ढलते ही ग्राहक के मुंह मांगी कीमत पर कुम्हार अपना सामान बेचकर मायुस घर लौट जाते है। क्षेत्र मे पांच सौ से भी अधिक कुम्हार मिटटी के घडे,दीये एवं अन्य सामान बनाकर अपना गुजर बसर कर रहे है। महंगाई के दौर मे जहा अधिकांश सामानो के दर मे काफी वृद्धि हो चुकी है,वही कुम्हारो द्वारा निर्मित मिटटी के सामान आज भी लोगो को पुराने दाम पर ही चाहिये होते है। कुम्हार ग्राहक के मनचाहे दर पर अपना सामान बेचने को मजबुर है,उनके लिए सही प्लेटफार्म ना रहने के कारण आज भी कुम्हारो को गली-गली घुमकर ही अपना सामान बेचना पडता है। कुम्हारो का एक बडा तबका ग्रामीण क्षेत्र मे निवास करता है। शासन की अधिकांश योजनायें शहरी क्षेत्र मे ही प्रचार प्रसार होकर सिमट जाती है,ऐसी योजनायें ग्रामीण क्षेत्र मे निवासरत जरूरतमंद लोगो तक नही पहुंच पाती। कुम्हारो के साथ भी कुछ ऐसे ही हालत बने हुये है। उन्हे सरकार की ओर से मिलने वाले संसाधन के अलावा सरकारी लोन की जानकारी ना रहने के कारण पुराने संसाधनो से ही उन्हे अपना व्यवसाय संचालित करना पड रहा है,जिसकी लागत अधिक एवं कीमत कम मिल पाती है।।



**ग्राम स्वर्ण जयंती योजना संचालित-**कुम्हारो की स्थिती मे सुधार लाने के लिए शासन ने ग्राम स्वर्ण जयंती योजना संचालित कर रखी है,इस योजना मे ग्राम पंचायतो के माध्यम से कुम्हारो को शासकीय योजना का लाभ समझाकर उनकी आर्थिक स्थिती मे सुधार लाना है। शासन की इस योजना के तहत कुम्हारो को एक लाख रूपये तक का लोन एवं काम करने के लिए विद्युत चाक उपलब्ध कराना है,परंतु ग्रामीण क्षेत्र तक शासन की ऐसी महत्वकांक्षी योजनायें पहुंचने से पहले ही दम तोड देती है। बताया जाता है कि शासन की योजनायों का क्रियान्वन ग्रामीण क्षेत्रो मे ग्राम पंचायतो के माध्यम से कराया जाना है।।

**माटी कला बोर्ड की स्थापना-** :कुम्हार अपने परंपरागत व्यवसाय के जरिये मिट्टी का सामान बनाकर जीवन व्यतीत कर रहे है,उनकी आर्थिक स्थिती मे सुधार लाने वाले माटी कला बोर्ड की स्थापना हुये 9 वर्ष व्यतीत हो चुके है,परंतु किसानो को इस बोर्ड का समुचित लाभ नही मिल पा रहा,जिसके कारण कुम्हारो का जीवन मे आज भी कोई बदलाव नही आ पाया है,वे माटी के सामानो को कडी मशक्कत कर बनाने के बाद उसे बेचने के लिए गली-गली ग्राहक की तालाश मे घुम रहे है। तिलडेगा के रहने वाले जयपाल कुम्हार ने बताया कि उन्हे शासन की किसी भी योजना के संबंध मे किसी प्रकार की जानकारी आज तक नही मिली।

## नक्सलियों के बंद के आह्वान को बीजापुर के लोगों ने सिरे से नकारा

### साप्ताहिक बाजार बीजापुर में दिखी रौनक



**बीजापुर 27 मई ।** प्रतिबंधित माओवादी संगठन द्वारा आज 26 मई को बंद का आह्वान किया जिसका असर बीजापुर जिले में नहीं पड़ा जिले के नागरिकों/व्यापारियों ने स्वस्फूर्त अपनी दुकानें अन्य दिनों की तरह संचालित की यातायात एवं यात्री बसे, आटो रिक्शा इत्यादि आवागमन के साधन भी सुचारू रूप से संचालित हुआ, वहीं आम नागरिकों ने भी उत्साहपूर्वक सहयोग किया। प्रतिबंधित संगठनों द्वारा इसके पूर्व भी दो बार बंद का असफल आह्वान कर चुके है। और आज भी जिले के नागरिकों ने नक्सलियों के उम्मीदों पर पानी फेरते हुए बंद को पूरी तरह असफल किया।वहीं आज बीजापुर मुख्यालय का साप्ताहिक बाजार का दिन होने के कारण बीजापुर के सुदूर गांवो सहित अन्य जिले के नागरिक एवं व्यापारी भी पूर्व की भांति बाजार पहुंचे। बाजार मे रौनक देखने को मिला। अब बीजापुर की नागरिक नक्सलियों के भय और आतंक को नकारते हुऐ शासन-प्रशासन पर भरोसा कर जिले में शांति व्यवस्था के लिए प्रयास कर रही है और इनके आंतक और भय के माहौल के विरूद्ध खड़ी हुई दिखाई पड़ रही है। बीजापुर जिला मुख्यालय सहित भोपालपटनम, भैरमगढ़, उसूर सहित अन्य अंदरूनी क्षेत्रों में नागरिकों एवं व्यापारियों ने भयमुक्त होकर अपनी व्यवसाय चालू रखा।कलेक्टर एवं जिला दंण्डधिकारी श्री अनुराग पाण्डेय ने जिले के जनमानस की सहयोग और हौसला के लिए शुभकामनाएं एवं बधाई देते हुऐ किसी भी प्रकार के डर भय बिना इन विकास विरोधी तत्वों के विरूद्ध इसी तरह एकजुट रहकर जिले की शांति व्यवस्था और विकास के लिए तत्पर रहने की अपील की हैं।उल्लेखनीय है कि इस बार प्रशासन द्वारा बंद को असफल कराने की पहल नही करनी पड़ी बल्कि जिले के आम नागरिकों ने स्वस्फूर्त होकर इस बंद को असफल किया।



## शिक्षा के साथ संस्कार भी आवश्यक





**महासमुंद, 27 मई।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय महासमुंद में चल रहे प्रांतीय आचार्य दक्षता प्रशिक्षण वर्ग में आचार्यों को शिक्षा के साथ बच्चों के शारीरिक, मानसिक, नैतिक एवं आध्यात्मिक विकास के लिए प्रशिक्षित किया जा रहा है। संवाद सत्र में भालचंद्र रावले संगठन मंत्री विद्या भारती मध्य क्षेत्र ने अपने वक्तव्य में कहा कि विद्या भारती सरस्वती शिशु मंदिर का संचालन केवल पुस्तक की ज्ञान नहीं है, बल्कि बच्चों में समग्र रूप से विकास हो एवं समाज में नैतिक गुणों से परिपूर्ण समाज का निर्माण हो सके। इसलिए उन्हें हमारे भारतीय शिक्षा ज्ञान परंपरा के अनुसार रामायण, महाभारत एवं लव-कुश, प्रहलाद जैसे बनने की शिक्षा प्रदान किया जाता है। विद्या-भारती राष्टीय सह संगठन मंत्री राम आरावकर ने स्व का बोध विषय पर अपने वक्तव्य में कहा कि हमें अपने भारतीय संस्कृति, भारतीय शिक्षा, भारतीय जीवन मूल्य अपने भारतीय समाज भारतीय रीति-रिवाज पर गर्व करने की आवश्यकता है। हम अपने गौरव को न भूले और अपने भैया बहनों में रामकृष्ण विवेकानंद जैसे महापुरुषों के गुणों का विकास करें। उक्त जानकारी दक्षता वर्ग प्रशिक्षण के प्रचार प्रसार विभाग ने दी है।

## टेकारी सिंचाई पंचायत के नहर - नालियों की मरम्मत न होने से 4000 एकड़ खेतों की सिंचाई मुश्किल

**रायपुर।** सिंचाई विभाग के उदासीनता के चलते टेकारी सिंचाई पंचायत के अधीन आने वाले 9 ग्रामों के लगभग 4000 एकड़ खेतों को सिंचाई पानी पहुंचाने वाले नहर - नालियों के मरम्मत व साफ - सफाई न होने से आसन्न खरीफ फसल की सिंचाई मुश्किल है । ग्रामीणों से रूबरू हो चर्चा करने व नहर - नालियों के हालत की जायजा लेने अभी तक किसी विभागीय अधिकारी के इन ग्रामों में नहीं पहुंचने से किसानों में आक्रोश है । सिंचाई पंचायत क्षेत्र के? ग्रामों के किसानों से मिलने निकले संस्था के पूर्व अध्यक्ष भूपेन्द्र शर्मा को यह जानकारी देते हुये किसानो ने इन नहर नालियों का अवलोकन भी कराया । श्री शर्मा ने विभागीय अधिकारियों को ज्ञापन प्रेषित कर आसन्न खरीफ फसल सिंचाई के पूर्व नहर नालियों के मरम्मत व साफ सफाई सुनिश्चित कराने का आग्रह किया है अन्यथा संभावित किसान आक्रोश के प्रति आगाह किया है । महानदी जलाशय परियोजना के जल प्रबंध संभाग क्रमांक 1 के उपसंभाग क्रमांक 4 के अधीन आता है टेकारी सिंचाई पंचायत । इसके वितरक शाखा नंबर 24 से 5 ग्राम टेकारी , कुंडा , कठिया , अमेरी व सकरी सहित सोनभट्ठा ग्राम के कुछ खेतों को मिला लगभग 2700 एकड़ खेतों को , सोनभट्ठा माइनर से खौली , सोनभट्ठा व बुडेनी के लगभग 800 एकड़ को व कठिया आऊटलेट से कठिया के करीबन 400 एकड़ खेतों को गंगरेल से सिंचाई पानी मिलता है । किसानों से मुलाकात व जमीनी हालत का जायजा लेने के बाद श्री शर्मा ने जल प्रबंध संभाग क्रमांक 1 के कार्यपालन अभियंता ललित रावते व उपसंभाग क्रमांक 4 के अनुविभागीय अधिकारी प्रदीप पाल को व्हाट्स ऐप के माध्यम से ज्ञापन प्रेषित कर नहर नालियों का प्राथमिकता के आधार पर आवश्यक मरम्मत व साफ - सफाई सुनिश्चित कराने का आग्रह किया है और इसके अभाव में सिंचाई पानी पहुंचना मुश्किल ठहराते हुये संभावित किसान आक्रोश का जिम्मेदार विभागीय अधिकारियों के होने के प्रति आगाह किया है । ज्ञापन की प्रति मुख्य अभियंता कुबेर सिंह गुरुवर व अधीक्षण अभियंता एस के सहारे को भी सुनिश्चित व्यवस्था कराने के आग्रह के साथ व्हाट्स ऐप के माध्यम से भेजा गया है ।

### छत्तीसगढ़ की साय सरकार ने गोवंश अभयारण्य योजना क्रियान्वित करने निर्देश जारी

# भाजपा नेता पवन साहू, राकेश यादव ने किया स्वागत

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बालोद, 27 मई।** छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी की सरकार के मुखिया विष्णु देव साय ने स्वामी विहीन गोवंश जो सड़कों में विचरण करने मजबूर हैं उनकी शुध लेते हुए गौवंश अभ्यारण योजना ला रही है, जिसको लेकर बालोद जिला भाजपा अध्यक्ष पवन साहू ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को धन्यवाद व्यापित करते हुए कहा कि प्रदेश के संवेदनशील मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सड़कों पर खुले में घूमने वाले स्वामी विहीन गौवंश की सुरक्षा और दुर्घटना पर अंकुश लगाने के लिए गोवंश अभ्यारण योजना लेकर आ रही है। मुख्यमंत्री ने राज्य में पशुधन विकास विभाग, पंचायत, राजस्व एवं वन विभाग के समन्वय से संचालित करने संयुक्त रूप से कार्य योजना बनाने हेतु निर्देशित किया है सड़कों पर घूम रहे स्वामी विहीन पशुधन यातायात के लिए बाधा बनते है इसके कारण आए दिन दुर्घटना होती है जिससे बड़ी मात्रा में जान माल की क्षति होती है, साथ ही भूख से बेहाल पशु धन द्वारा कूड़ा- कचरा और प्लास्टिक पॉलीथीन खाने से गोवंश के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर पड़ता है, गोवंश अभ्यारण योजना इसको रोकने की दिशा में सकारात्मक कार्य होगा।



- ■ इस योजना से स्वामी विहीन गौ माता को भूख प्यास से बचाने चिकित्सा सुविधा एवं समुचित आहार एवं सड़क दुर्घटनाओं में अंकुश लगेगा : पवन
- ■ छत्तीसगढ़ के संवेदनशील मुख्यमंत्री के निर्देश पर भ्रष्टाचार मुक्त, सेवा, सुरक्षा के साथ गौमाता का संवर्धन होगा : राकेश यादव



जिला भाजपा महामंत्री राकेश छोटू यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सरकार का संवेदनशील निर्णय का स्वागत व धन्यवाद व्यापित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में गोवंश के लिए यह योजना वरदान साबित होगी पूर्ववर्ती सरकार द्वारा रोका- छेका योजना, गौठान योजना भ्रष्टाचार का केंद्र बिंदु रहा किंतु भारतीय जनता पार्टी के संवेदनशील मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने ठोस कार्य योजना के माध्यम से प्रदेश सरकार भ्रष्टाचार मुक्त, सेवा, सुरक्षा और संवर्धन का ध्येय वाक्य लेकर काम करेगी इसके तहत प्रदेश में स्वामी विहीन पशुधन के लिए गोवंश अभ्यारण की रूपरेखा बनाने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया है, इस कार्य योजना के शुरू होने के बाद सड़कों पर भूखे प्यासे भटकने वाले गोवंश को न केवल नियमित आहार मिलेगा बल्कि उनकी उचित देखभाल और चिकित्सा सुविधा भी उपलब्ध होगी इससे सड़क दुर्घटना में भी कमी आएगी तथा निरपराध गोवंश तथा लोगों को जान माल के नुकसान से भी बचाया जा सकेगा।

## एक नजर

### जंगल से भटककर गांव पहुंचे सूअर ने ग्रामीण को किया घायल

**कोरबा, 27 मई।** जंगल से भटककर हरदीबाजार कालेज के पीछे नर्सरी पहुंचे जंगली सूअर ने शनिवार को मलगांव नवासी एक गामीण को घायल कर दिया। गांव में सूअर के आने से ग्रामीणों में भय का माहौल देखा जा रहा है। हरदीबाजार से लगे ग्राम अमगांव निवासी दिलराज सिंह तंवर उम्र 58 वर्ष हरदीबाजार शासकीय ग्राम्य भारती महाविद्यालय में कार्यरत है। प्रतिदिन की तरह वे सुबह लगभग 6ण्30 बजे गाय के लिए बाड़ी में पैरा निकाल रहे थे। इसी दौरान एक जंगली सुअर कालेज के पीछे लगे नर्सरी की तरफसे तेज गति से दौड़ते हुए आयाए दिलराज सिंह कुछ कर पाता सुअर ने उसपर जानलेवा हमला कर दिया। दिलराज सिंह अपनी जान बचाने के लिए उस जंगली सुअर से भिड़ गयाए जंगली सुअर ने अपने मुंह से दिलराज सिंह के दोनो हाथों की उंगलियों को बुरी तरह काट लिया, इस दौरान अन्य लोग भी आ गए। इस दौरान सुअर हमला कर कालेज पीछे नर्सरी की ओर भाग गया। घायल ग्रामीण को हरदीबाजार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाकर भर्ती किया जहां उपचार जारी है। बताना होगा कि रेकीए अंडीकछार, नेवसा जंगल जो हरदीबाजार से लगे हुऐ हैं इनका क्षेत्र कटरा, अद्राली, चोढ़ा, खोंदरा जंगल से जुड़ा हुआ है। वहीं जंगली सुअर, बंदर, हिरन बीच-बीच में आबादी क्षेत्र में भोजन पानी की तलाश में भटकते हुए पहुंच जाते हैं। संतोष रात्रे डिप्टी रेंजर वन परिक्षेत्र दीपका ने बताया कि जंगली सूअर से हमले से घायल ग्रामीण के उपचार के लिए तत्काल शासन की ओर से 500 रूपये दिया गया है।

### भारी वाहन की चपेट में आने से दो मवेशियों की मौत

**कोरबा, 27 मई।** कुसमुंडा क्षेत्र अंतर्गत इमलीछापर चैक पर अज्ञात भारी वाहन की चपेट में आने से दो मवेशियों की मौत हो गई। घटना शनिवार देर रात हुई। हादसे में मृत एक गाय गर्भवती थी। घटना को लेकर गौ सेवको में काफी आक्रोश है। आक्रोश वाहन चालकों और गायों के पालक के खिलाफभी जो गायों को सडको पर छोड़ देते हैं। जिस वजह से वे ऐसी स्थिति में पहुंच जाते हैं। इमलीछापर चैक पर भारी वाहनों की बड़ी आपाधापी रहती है, यहां भारी वाहन कुसमुंडा खदान की ओर जाने के लिए चैक को चारो तरफ से घेर लेते है, एक ही दिशा में जाने के लिए 7 से 8 भारी वाहनों की लेन लगी रहती है, यहां इन भारीवाहनों के बीच से एक पैदल चलने वाला व्यक्ति भी नहीं निकल पाता, बाकी दुपहिया चार पहिया वाहन की बात ही छोड़ दीजिए। मजबूरन लोग बायपास का प्रयोग करते, वहां भी भारी वाहन घुस आते हैं। गौ सेवक प्रकाश शर्मा अपने साथियों के साथ चैक पंहुचे हुए है, अपने साधन से मृत गायों को उठाकर उनका अंतिम संस्कार करेंगे। प्रकाश शर्मा और उनकी टीम बीते लगभग 8 से 10 वर्षों से पूरे निरूस्वार्थ भाव से गायों की सेवा करने का कार्य कर रही है। किसी भी समय जब उन्हें इस तरह की स्थिति की सूचना मिलती है वे दौड़े चले आते हैं और सेवा कार्य में जुट जाते है।

### खंभे से टकराई बेकाबू ट्रैक्टर-ट्राली

**कोरबा, 27 मई।** अंचल के सीतामढ़ी क्षेत्र स्थित शनि मंदिर गेट के सामने लगे लोहे की खंभे से टकरा गई। हादसा इतना जबरदस्त था कि लोहे की खंबा झुक गया। जोरदार आवाज सुनकर पूजा कर रहे श्रद्धालु बाहर आ गए और आसपास के लोग भी जुट गए। मंदिर में पूजा करने पहुंचे श्रद्धालुओं ने जानकारी देते हुए बताया नगर निगम क्षेत्र के कचरा फेंकने वाला एक ट्रैक्टर शनि मंदिर तिराहे के पास विपरीत दिशा से आ रहे ऑटो को बचाने के चक्कर शनि मंदिर के सामने मंदिर के दीवाल से 1 मीटर दूरी पर लगे लोहे के खंबे पर टकरा गया। यदि खंबा नहीं रहता तो ट्रैक्टर शनि मंदिर अंदर घुस जाता और एक बड़ा हादसा होने से इंकार नहीं किया जा सकता था। हादसे के वक्त शनि मंदिर के अंदर बड़ी संख्या में श्रद्धालु पूजा कर रहे थे, इस हादसे के समय शनिवार होने की वजह से बड़ी संख्या में मंदिर पहुंचे श्रद्धालु, मंदिर के सामने बैठे भिक्षुक व मंदिर के बगल में नारियल दुकान का संचालक बाल-बाल बच गए। स्थानीय लोगों ने जानकारी देते हुए बताया की कई बार इस तिराहे पर घटना घट चुकी है पर आज तक किसी तरह की जनहानि की खबर सामने नहीं आई है। आज भी भगवान शनि देव लोहे के खंभे के रूप में आकर एक बड़ा हादसा घटित होने से बचा लिया। यह स्थान डेंजर जोन है क्योंकि तिराहे के साथ-साथ एक बड़ी ढलान भी है शनिवार को बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं पूजा करने पहुंचते हैं साथ ही रेलवे स्टेशन मार्ग होने के कारण ट्रेन के समय वाहनों की लंबी कतार लग जाती है वही ट्रैक्टर चालक सहित अन्य वाहन चालक चढ़ाई होने के कारण तेज रफ्तार से चलते हैं। इससे कभी भी कोई गंभीर घटना घटने की संभावना बनी रहती है।

### टीपी नगर रेल्वे क्रासिंग पर दो घंटे फंसी मालगाड़ी

# आवाजाही बाधित होने से लोग परेशान

■ तीसरे इंजन का मिला सहारा तब हुई गंतव्य को रवाना

**कोरबा, 27 मई।** कोरबा क्षेत्र में रेल सुविधा किस स्तर पर है, यह काफी समय से लोगों के लिए सिरदर्द बना हुआ है। गिनती की यात्री गाडियां अनियमित रूप से चल रही हैं। इसके ठीक उल्टे मालगाडियों की अबाध आवाजाही के कारण शहर के हर हिस्से में परेशानियां हैं। कोयला लोड कर बालको प्लांट जा रही मालगाड़ी एक बार फिर ट्रांसपोर्ट नगर क्रासिंग पर फंस गई। इससे दो घंटे आवाजाही बाधित रही। तीसरे इंजन को रिलिफ के लिए मौके पर भेजा गया तब मालगाड़ी गंतव्य को रवाना हो सकी। इस दौरान तीन दिशा में नागरिक परेशान होते रहे।



दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने कोरबा का उपयोग कुल मिलाकर कोयला लदान को अधिकतम मात्रा में करने का निर्णय ले लिया है। इसके चलते समस्याएं लगातार बढ़ रही है। कोरबा से हर 30 मिनट के भीतर मालगाडियों को रवाना किया जा रहा है जो जिले में स्थित एसईसीएल की विभिन्न परियोजनाओं से कोयला लोड करने के साथ अपने अंतिम प्वाइंट के लिए भेजी जाती है। देश के विभिन्न राज्यों के बिजली सहित दूसरे उद्योगों की जरूरत को पूरा करने के लिए स्थानीय एसईसीएल की खदानों को जिम्मेदारी मिली हुई है। अधिकतम कोयला सप्लाई और ट्रांसपोर्टिंग के लिए एसईसीएल व रेलवे के बीच एमओयू है। दोनों ही प्रतिष्ठान इसके माध्यम से भारी-भरकम कमाई करने में लगे हैं। इस पूरी प्रक्रिया में अनेक मौकों पर नियमों की अनदेखी की जा रही है और इसकी कीमत चुका रही है जिले की जनता।

गर्मी के मौसम में मालगाडियों के साथ कई प्रकार की समस्याएं निर्मित हो रही है और वे सही तरीके से ट्रैक पर रन करने में समर्थ नहीं हो पा रही है। एक सप्ताह में दूसरी बार बालको की मालगाड़ी के पहियों ने ट्रांसपोर्ट नगर रेलवे क्रासिंग पहुंचने तक जवाब दे दिया। रविवार को सुबह 10 बजे स्टेशन से दो इंजन के साथ रवाना हुई मालगाड़ी बालको प्लांट को जा रही थी।

शारदा विहार क्रासिंग के बाद ही इसने अपने रंग-ढंग दिखाने शुरू कर दिये। ट्रांसपोर्ट नगर क्रासिंग आने तक यह थम गई। यह सिलसिला पूरे दो घंटे जारी रहा। इसके कारण ट्रांसपोर्ट नगर मुख्य मार्ग पर जहां आवागमन का दबाव बढ़ा वहीं एसईसीएल कार्यालय, मुड़ापार की दिशा में आवाजाही बाधित रही। यही हाल शारदा विहार मार्ग का रहा। 43 डिग्री के तापमान में लोग अतिरिक्त चक्कर लगाने को मजबूर रहें। वहीं संबंधित दिशा में दबाव बढने से लोगों की परेशानी बढ़ी। कई स्तर पर फोन होने के बाद रेलवे ने तीसरे इंजन को भेजा जिसके जरिए फंसी हुई मालगाड़ी को यहां से आगे बढ़ाने का काम पूरा हो सका।

रेलवे के एक अधिकारी ने इस तरह की समस्या को लेकर बताया कि शारदा विहार से ट्रांसपोर्ट नगर क्रासिंग के बीच का ट्रैक कुछ पेचिदा है। यहां अप ग्रेडिएंट की उपस्थिति है इस वजह से भी पावर इंजन को अधिक क्षमता दिखानी होती है। हालांकि रेलवे अपनी मात्रा के हिसाब से मालगाडियों में वैगन भेज रहा है। इसके बावजूद अलग-अलग कारणों से अप ग्रेडिएंट ने बैलेंसिंग और पावर के समन्वय की कमी से आधे रास्ते पर समस्याएं खड़ी हो जाती है।

निश्चित रूप से इसके चलते हमारे स्टाफ के साथ-साथ नागरिकों को दिक्कतें होती है। रेलवे का यह भी कहना है कि कई मौकों पर नए लोको पायलट ऐसी गाडियों को संचालित करते हैं। इस रास्ते की समझ की कमी के चक्कर में वे उतना मूवमेंट नहीं कर पाते जो अपेक्षित होता है। इससे भी आगे के रास्ते में स्पीड स्लो हो जाती है और समस्या पेश आती है। जबकि शारदा विहार से आगे के रास्ते में लोगों के निकलने व मवेशियों के आने के कारण भी गति सीमा पर इसका असर पड़ता है।

# युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**कोरबा, 26 मई।** पति के शराब पीने से त्रस्त पत्नी दो वर्ष से अपने मायके में रह रही थी। मासूम बच्चों के साथ रहे शराबी पति ने अपने घर में फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना पर पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई की।

घटना मानिकपुर पुलिस चैकी अंतर्गत दादरबस्ती के प्रेमनगर की है। यहां निवासरत कृष्ण कुमार यादव 36 वर्ष गत रात शराब के नशे में घर पहुंचा थाए इसके बाद बिना खाना खाए वह अपने कमरे में सोने चला गया। सुबह जब काफी समय बीतने के बाद भी घर से बाहर नहीं निकलाए तो घर वालों को अनहोनी की आशंका हुई। दरवाजा तोड़कर अंदर घुसे स्वजनों ने कृष्ण कुमार को फांसी के फंदे पर लटका हुआ देखा। सूचना मिलने पर मानिकपुर चैकी पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। जांच अधिकारी अखिलेश यादव ने पंचनामा कार्रवाई करते हुए मृतक के स्वजनों का बयान दर्ज किया। इसके साथ ही शव को पोस्टमार्टम करा अंतिम संस्कार के लिए स्वजनों को सौंप दिया।

चैकी प्रभारी प्रेम साहू ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के साथ ही बयान लेने के बाद स्थिति स्पष्ट हो पाएगी। बताया जा रहा है कि कृष्ण कुमार शराब का आदी था और अक्सर नशे में धुत रहता था। इसके परेशान होकर पत्नी मायके में जाकर रहने लगी थी। पांच साल पहले शादी हुई थी और उनके दो बच्चे भी थेए जो अपने पिता कृष्ण कुमार के साथ रहते थे।

### कन्वेयर बेल्ट विस्तार की जद में आ रहे परिवारों को मुआवजा देने उद्योग मंत्री देवांगन ने मुख्यमंत्री, चेयरमैन को लिखा पत्र

**कोरबा, 27 मई।** सिंचाई विभाग की जमीन पर वर्षों से काबिज 80 परिवारों के मकान कनवेयर बेल्ट के विस्तार की जद में आ रहे हैं. वाणिज्य उद्योग और श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन ने प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, बिजली कम्पनी के चेयरमैन, मुख्य अभियंता, कलेक्टर कोरबा, सिंचाई विभाग के कार्यपालन अभियंता को पत्र लिखकर सभी काबिज लोगों को मुआवजा और व्यवस्थापन दिए जाने की मांग की है। गौरतलब है की उत्पादन कंपनी के कोरबा पश्चिम का विस्तार होना है। इसके लिए कन्वेयर बेल्ट का भी विस्तार किया जा रहा है। मंत्री देवांगन ने अपने पत्र में ध्यान आकृष्ट कराते हुए लिखा है की सिंचाई विभाग के दर्री स्थित जमीन पर कई वर्षों से लगभग 75 से 80 मकान बनाकर लोग बसे हुए हैं, ये प्रभावित हो रहे हैं। चुंकि कनवेयर बेल्ट के विस्तार से 98 शासकीय क्वार्टर भी प्रभावित हो रहे हैं, जिन्हे अन्य स्थान पर क्वार्टर बनाकर दिया जा रहा है। इसी तर्ज पर सिंचाई विभाग की जमीन पर बसे लोगों को भी मुआवजा व आवास की सुविधा दी जाए। अन्यथा इनके समक्ष आर्थिक तथा निवास करने की गंभीर समस्या उत्पन्न होगी। मंत्री देवांगन ने उक्त जनहित समस्या को देखते हुए जमीन पर बसे लोगों को मुआवजा व व्यवसथापन देने जाने की मांग की है।

# नवतपा शुरू: दिन भर तपने के बाद शाम को बरसे बादल

**कोरबा, 27 मई।** तेज धूप के साथ पहले ही दिन नवतपा का तेवर तेज रहा है। सूर्य की तेज किरणे आग झुलसाती गर्मी का एहसास दे गया। दोपहर को तापमान 42.2 डिग्री सेल्सियस से पर रहा। शाम को हुई बूंदा-बांदी के चलते उमस का असर हावी रहा। नवतपा शुरू होने के साथ ही गर्मी अपने चरम पर पहुंच गया है। चिलचिलाती धूप लोगों के लिए असहनीय हो गया है। तेज धूप के साथ लू का असर शुरू हो चुका है। दोपहर के समय लोग लंबी यात्राएं करने से परहेज कर रहे हैं। पानी में लोगों के प्राण बस गए है। बाजार में शीतल पेय की बिक्री बढ़ गई है। शहर के प्याऊ में लोगों की भीड़ देखी जा रही है। सूर्यास्त होने के बाद भी वातावरण में तापमान का एहसास जारी है। शनिवार की सुबह से धूप तेज हो गया। शाम ढलने से पहले हल्की बदली का भी असर रहा। कई स्थानों में बूंदाबांदी भी हुई। मौसम के जानकारों की माने तो मानसून आगमन तक मौसम में उतार चढ़ाव जारी रहेगी। तेज धूप के साथ गर्म हवा के अलावा बीच बीच में हल्की वर्षा से उमस की परेशानी रहेगी। नवतपा में तापमान से निजात पाने के लिए लोग तरह तरह की जतन कर रहे है। धूप का असर इतना तेज है कि सुर्योदय के बाद गर्मी का असर भारी पड़ने लगता है। दोपहर में सन्टा पसर जाता है। सरकारी व निजी कार्यालयों में अन्य मौसमों की अपेक्षा कामकाज प्रभावित है। सड़कों में शाम होने के बाद ही चहल पहल बढ़ती है। मौसमी उतार चढ़ाव के बीच बिजली आपूर्ति में बाधा से एसी कूलर भी उपयोगहीन साबित हो रहे हैं। नवतपा शुरू होने के बाद अब लोग बेसब्री से मानसून का इंतजार कर रहे हैं।



### ■ बारिश के मौसम तक एनजीटी की गाइडलाइन के तहत नदी-नालों से रेत खनन पर लग जाएगा प्रतिबंध

# खनिज विभाग की कार्रवाई, 200 ट्रिप अवैध रेत जब्त

**कोरबा, 27 मई।** प्रदेश सहित जिले में मानसून की दस्तक के साथ ही 3 सप्ताह बाद बारिश के मौसम तक एनजीटी की गाइडलाइन के तहत नदी-नालों से रेत खनन पर प्रतिबंध लग जाएगा। इसके साथ ही वैध रेत खदान बंद हो जाएंगे। प्रतिबंधित 4 महीने के लिए होने और इस दौरान वैध भंडारण स्थल से रेत का उठाव हो जाने से हर साल उक्त अवधि के दौरान रेत की किल्लत होती है, जिसके मद्देनजर अब जिले में रेत माफिया सक्रिय होकर आउटर में जंगल व अन्य सुनसान जगह पर अवैध रेत भंडारण करने लगे हैं। इसके लिए रात के अंधेरे में नदी-नाला किनारे से अवैध रेत खनन कराया जाता है। दिन के उजाले में अवैध भंडारण का काम बंद रहता है, जिससे किसी की नजर में न आये। रेत माफियाओं द्वारा सोनपुरी, बरबसपुर, बरमपुर, बांगो, कटघोरा क्षेत्र में ऐसे अवैध भंडारण किया जा रहा है। शहर से सतरेंगा की ओर जाने वाले सोनपुरी गांव के समीप जंगल में बड़े पैमाने पर अवैध रूप से रेत का भंडारण किया गया था। इसकी जानकारी मिलने पर जिला खनिज अधिकारी प्रमोद नायक के निर्देश पर सहायक खनिज अधिकारी उत्तम खूंटे ने खनिज निरीक्षक खिलावन कुल्हरिया को टीम सहित मौके पर कार्यवाही के लिए रवाना किया। टीम ने मौके पर छापा मारा तो वहां 200 ट्रिप रेत का भंडारण पाया गया। जिसे जब्त कर लिया गया हैं।



अब तक चल रहा भंडारण नए गाइडलाइन में अब शहरी क्षेत्र में नगरीय निकाय रेत खदान का संचालन कर रहे हैं तो ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायत को जिम्मेदारी सौंपी जा रही है। पोड़ी-उपरोड़ा के ग्राम पंचायत बांगो में हसदेव नदी के किनारे खुला रेत खदान पिछले साल बंद हो गया। लेकिन नदी के समीप ही मात्रा में रेत भंडारण किया गया है। लगातार हाइवा से ढुलाई के बाद भी भंडारण का रेत कम नहीं हो रहा है। सहायक खनिज अधिकारी उत्तम खुंटे ने बताया की कई जगह रेत के अवैध भंडारण की सूचना मिल रही है। बारिश के दौरान प्रतिबंधित अवधि में अवैध रेत खनन, परिवहन व भंडारण के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई की जा रही हैं।

## समाचार संक्षेप

### साइबर क्राइम से लोगों को बचाने एसबीआई की पहल, नुक्कड़ नाटक से दी समझाइश



**कोरबा, 27 मई।** तेजी से बढ़ता सायबर क्राईम बड़ी चुनौती बना हुआ है और लगातार लोग इसकी चपेट में आ रहे हैं। सायबर अपराध को रोकने तरह तरह के जतन किए जा रहे हैं बावजूद इसके ठग नए नए तरीके ईजाद कर लोगों को चूना लगाने का कोई भी मौका नहीं छोड़ते। बावजूद इसके लोगों को जागरुक करने का दौर जारी है। रविवार को भारतीय स्टेट बैंक निहारिका शाखा के सामने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को सायबर क्राईम से बचने का संदेश दिया गया। नुक्कड़ नाटक के जरिए जोगों को बताया गया, कि अपना सिक्रेट कोड, ओटीपी के साथ ही अनजान लिंक को टच भी ना करें। एसबीआई ने जागरूकता संबंधी कार्यक्रम के लिए कुछ संगठनों को अनुबंधित किया है जो इस प्रयास को आगे बढ़ाने में लगे हैं। बैंकिंग शाखाओं के अलावा अन्य स्थानों पर इस प्रकार का काम किया जा रहा है। लोगों को बताया जा रहा है कि वे क्या करें और क्या न करें।

### आबकारी विभाग ने की तीन महिलाओं से 102 लीटर शराब जब्त



**कोरबा, 27 मई।** अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए लगातार कोशिश की जा रही है। आबकारी विभाग की ओर से कटघोरा सबडिवीजन के अंतर्गत कार्रवाई की जा रही है। वित्त वर्ष 2024 में विभाग की ओर से बड़ी कार्रवाई करते हुए बड़ी मात्रा में शराब जब्त की गई। हरदी बाजार पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम रलिया मैं अब शराब बनाने के बारे में काफी समय से सूचना मिल रही थी जिस पर संज्ञान लेने के साथ इसकी पुष्टि कराई गई। उपरोक्तानुसार यहां की निवासी गीताबाई, प्रेमलता, एवं देवनबाई को आबकारी एक्ट के तहत जेल भेजा गया। इनके पास से लगभग 102 लीटर महुआ शराब जप्त किया गया। इस कार्रवाई में आबकारी उप निरिक्षक डाक्टर सुकांत पाण्डेय, दीपमाला नागदेव, मुख्य आरक्षक अजय तिवारी, शिव वैष्णव, नगर सैनिक राजेश दूबे, अंबिका सांडे, प्रजेश सिंह एवं दीपिका सिंह ने अपनी भूमिका निभाई। विभाग के अधिकारी ने बताया कि इससे पहले भी अनेक स्थानों पर कार्रवाई की गई है और अवैध शराब के साथ-साथ संबंधित सामग्री को जप्त करने व नष्ट करने की कार्रवाई की गई है। कोरबा जिले के पतरापाली गांव में महुआ शराब बनाने और बेचने का काम काफी समय से चल रहा है। कटघोरा विकासखंड के जंजीरा ग्राम पंचायत के आश्रित ग्राम पतरापाली मैं अधिकांश घरों में शराब बनाने का काम चल रहा है। सामूहिक एकजूटता से इस काम को करने की जानकारी मिली है। याद रहे 2 वर्ष पहले एक सूचना पर आबकारी विभाग की टीम ने यहां पर दबिश दी थी और कुछ लोगों को बड़ी मात्रा में शराब के साथ पकड़ा था। उसे दौरान ग्रामीणों ने आबकारी टीम को बंधक बना लिया था तब तत्कालीन थाना प्रभारी नवीन देवांगन को मौके पर दखल देकर हालात सामान्य कराए गए थे। यही कारण है कि इस गांव में अवैध शराब पर कार्रवाई करने से आबकारी टीम बचने का प्रयास कर रही है।

### कटघोरा में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित



**कोरबा, 27 मई।** कटघोरा के अटल बिहारी वाजपेयी ओपन रोवर क्रू व नर्मदा परमार्थ आश्रम जलेश्वर, अमरकंटक द्वारा में रक्तदान शिविर अयोजन गोपाल मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल मेला ग्राउण्ड तालाब कटघोरा में विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आज लगाया गया। शाम तक इसका संचालन होगा। 200 यूनिट रक्त का संग्रह इस शिविर से किया जाना है। जरूरतमंद जिंदगियों को इसे उपलब्ध कराया जाएगा। रक्तदान को बढ़ावा देने और लोगों में जागरूकता का वातावरण निर्माण करने के उद्देश्य से यह शिविर आयोजित किया गया। शिविर में नि:शुल्क चिकित्सा परीक्षण भी अनुभवी डॉक्टरों द्वारा किया गया। अटल बिहारी बाजपेयी ओपन क्रू मेंबर अधि. अमित धृतलहरे ने बताया कि रक्तदान शिविर में कटघोरा के डॉ.एस.एस सभरवाल एम.डी. मेडिसिन डॉ. चित्रसेन कांत एम.बी.बी.एस जनरल फिजिशियन डॉ. सपना खैरवखार गायनेकोलॉजिस्ट डॉ.जी.बी. गोस्वामी पी.टी. (बी.पी.टी.) डायरेक्टर गोपाल हॉस्पिटल द्वारा निरूशुल्क स्वास्थ संबंधी परामर्श दिया। ओपन क्रू संस्था द्वारा विगत कई वर्षों से रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। रक्तदाताओं को प्रोत्साहित करने के लिए कई उपयोगी उपहार भी दिए गए ताकि इसके माध्यम से बेहतर संदेश दिया जा सके। जन सामान्य की जानकारी के लिए स्वास्थ्य विभाग लगाता बताता रहा है कि कोई भी स्वस्थ व्यक्ति 18 से 55 वर्ष की आयु तक रक्तदान करने के लिए पात्र हैं। ऐसे लोग हर तीन महीने में रक्तदान कर सकते हैं। अर्थात वे वर्ष में 4 बार आपात स्थिति में रक्तदान करने की पात्रता रखते हैं। लोगों को बताया गया है कि रक्तदान को लेकर कई प्रकार की भ्रांतियों से बाहर निकलने और अपनी भूमिका निभाने की जरूरत है। शरीर में नए रक्त निर्माण की प्रक्रिया के साथ व्यक्ति कई प्रकार की बीमारियों के दायरे से मुक्त हो जाता है।

### बाइक से गिरकर घायल बालक की उपचार के दौरान मौत

**कोरबा, 27 मई।** बालको निवासी अरूण राठौर के 18 वर्षीय पुत्र की सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल होने पर मृत्यु हो गई। बताया जा रहा है कि निश्चय राठौर शुक्रवार को बाइक से बालको के सेक्टर वन क्षेत्र में गया था। जहां बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गई और निश्चय गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे उपचार के लिए बालको अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे कोरबा के एक निजी अस्पताल में रेफर कर दिया गया। यहां उपचार के दौरान शनिवार को निश्चय की मौत हो गई। घटना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर वैधानिक कार्रवाई के बाद शव स्वजनों को सौंप दिया। अंतिम संस्कार सेक्टर पांच स्थित मुक्तिधाम में किया गया। इस दौरान काफी संख्या में स्वजनए परिचित काफी संख्या में उपस्थित रहे।

# पेयजल की किल्लत से कई वार्डों में हाहाकार

## ग्रामीण क्षेत्रों में निस्तारी तालाब भी सूखने लगे

मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 27 मई।** राजधानी सहित पूरे प्रदेश में पड़ रही भीषण गर्मी के कारण पेयजल संकट गहराता जा रहा है। राजधानी के 70 वार्डों में से अधिकांश वार्डों में पेयजल का स्तर नीचे चला गया है। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में औद्योगिक इकाईयों द्वारा पानी नलकूप से लेने के कारण पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है। सिंचाई क्षेत्र वाले इलाकों में भी निस्तारी तालाबों को भरा जा रहा है।




नगर निगम के अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार पेंशनबाड़ा, विवेकानंद नगर, कुशालपुर, प्रोफेसर कालोनी सहित अनेक वार्ड भीषण पेयजल संकट से जूझ रहे हैं। 20 से अधिक वार्डों में टैंकर से पेयजल की आपूर्ति की जा रही है। नगर निगम आयुक्त ने इसके लिए भाटागांव फिल्टर प्लांट का निरीक्षण किया है। जल जीवन मिशन के काम में भी तेजी लाने के निर्देश दिए गए हैं। विभिन्न जोन के अध्यक्षों ने भी अपने-अपने वार्डों में पेयजल संकट होने की जानकारी दी है। इसके बावजूद भी यह समस्या जस की तस है। मुख्यमंत्री द्वारा विभिन्न तालाबों के सफाई कार्य को स्वीकृति दी गई है। गोंदवारा तालाब की सफाई की जा रही है। समता-चौबे कालोनी में आमातालाब, कारी तालाब तथा करबला तालाब होने के कारण पेयजल स्तर नीचे नहीं जा रहा है। रायपुर तालाबों का शहर है लेकिन भूमाफियाओं ने इसे पाट दिया है जिससे पेयजल स्तर काफी नीचे चला गया है। रायपुर में 70 वार्ड व 40 से अधिक गंदी बस्तियां हैं। यहां के लोगों को पानी के लिए टैंकर पर आश्रित रहना पड़ता है।

**ग्रामीण क्षेत्रों में नल-जल योजना फेल :** रायपुर जिले के अंतर्गत सरोरा और खरतोरा नामक औद्योगिक क्षेत्र के अंतर्गत 20 से अधिक गांव आते हैं। यहां पर औद्योगिक इकाईयों द्वारा सैकड़ों फुट गहरा नलकूप खोदा गया है। इसमें से प्रतिदिन लाखों लीटर पानी निकाला जा रहा है। जिसके कारण आसपास के बोर सूख गए हैं। जिला जनपद सदस्य राजू शर्मा ने बताया कि तिल्दा-धरसींवा क्षेत्र के अनेक गांव में नलजल योजना फेल हो गई है। इसके कारण पानी नहीं मिल पा रहा है। इस ब्लाक में निस्तारी के लिए तालाबों को नहर से भरा गया था वे भी अब सूखने लगे हैं। प्रदेश के मुंगेली, बेमेतरा तथा कवर्धा क्षेत्र में सर्वाधिक पेयजल संकट है। पीएचई विभाग इन क्षेत्रों के लिए विशेष कार्ययोजना बना रहा है।

## मास्टर ट्रेनर्स ने दी मतगणना की बारिकियों की जानकारी

**रायपुर, 27 मई(मुख्य नगर संवाददाता)।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय द्वारा नियुक्त किए गए मास्टर ट्रेनर्स द्वारा आज लोकसभा क्षेत्र रायगढ़ एवं जगदलपुर में मतगणना का प्रशिक्षण अधिकारियों को दिया गया। सीईओ कार्यालय द्वारा इसके लिए मास्टर ट्रेनर्स भेजे गए हैं। रायगढ़ लोकसभा क्षेत्र तीन जिलों में बंटा हुआ है। इसलिए यहां पर रायगढ़ शहर में ही मतगणना में तैनात कर्मचारी-अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया। रायगढ़ में जिला निर्वाचन अधिकारी के समक्ष डाकमतपत्रों की गणना पहले की जाएगी। इसके पश्चात जशपुर एवं सारंगढ़ जिले में सुबह आठ बजे से ईवीएम के मतों की गणना शुरू हो जाएगी। प्रत्येक टेबल में 550 मतों की गणना होगी। इसके लिए एक सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं एक तकनीकी अधिकारी नियुक्त किया जाएगा। अधिकारियों को कैल्कुलेटर का प्रयोग करने की इजाजत दी जाएगी।

# गर्म हवा के थपेड़ों से जनजीवन बेहाल

- समुद्री तूफान रिमेल खाड़ी से टकराने के बाद उत्तर दिशा की ओर
- रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर में गर्म हवा चलने से पारा पहुंचा 44 पर

मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 27 मई।** मानसून के ठीक पूर्व पहुंचा समुद्री तूफान रिमेल खाड़ी से टकराने के बाद उत्तर दिशा की ओर चला गया है। आज छत्तीसगढ़ के मध्य क्षेत्र रायपुर, बिलासपुर तथा दुर्ग संभाग में गर्म हवाएं आने के कारण तापमान में व्यापक वृद्धि हुई है। आज लोग दिनभर गर्म हवाओं के थपेड़ों से परेशान रहे।

मौसम वैज्ञानिक डॉ. चंद्रा के अनुसार समुद्री तूफान रिमेल बंगाल की खाड़ी में टकराने के बाद मेघालय, त्रिपुरा, नार्थ ईस्ट की ओर चला गया है। जिसके कारण वहां पर तेज वर्षा हो रही है। डॉ. चंद्रा के अनुसार समुद्री तूफान का मानसून पर कोई असर नहीं पड़ेगा। छत्तीसगढ़ में मानसून समयपूर्व आने की संभावना है। केरल में मानसून 31 मई को पहुंचा जाएगा। 13 जून के आसपास इसके छत्तीसगढ़ पहुंचने की संभावना है। राजधानी में आज गर्म हवा के थपेड़ों के कारण जनजीवन प्रभावित हुआ है। कई प्रमुख चौक-चौराहे सूने दिखाई पड़े। सूनसान सड़कों पर सिर्फ आवश्यक काम के लिए लोग निकले। गर्मी के कारण इस समय लोगों के स्वास्थ्य पर भी व्यापक असर पड़ रहा है।

मेकाहारा की पीआरओ के अनुसार सभी जिला अस्पतालों में लू से प्रभावित लोगों के इलाज के लिए विशेष वार्ड बनाए गए हैं। इस मौसम में डायरिया, हाइपरटेंशन एवं ब्लड प्रेशर बढ़ने की आशंका रहती है इसलिए मेकाहारा में भी ऐसे लोगों के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। नेत्र चिकित्सकों के अनुसार सूरज की अल्ट्रावायलेट किरणें आंखों पर सीधा प्रभाव डालती है इसलिए लोग धूप में निकलने से पहले रंगीन चश्मा पहनकर निकलें। चिकित्सकों के अनुसार बॉडी को हाइड्रेट करने के लिए खीरा, खरबूज, तरबूज, ककड़ी खाने व छाछ तथा पानी पीने की सलाह दी गई है। राजधानी में इस समय लीची, जामुन, खरबूज, तरबूज, ककड़ी की बिक्री जोरों पर हो रही है।

राजधानी से अन्य राज्यों व जिलों में जाने वाली यात्री बसों का अधिग्रहण कर लिया गया है। जिसके कारण महासमुंद, राजिम, बलौदाबाजार, बिलासपुर तथा आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में आने-जाने वालों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गर्मियों की छुट्टियां होने के कारण लोग विभिन्न स्थानों में जाना चाहते हैं लेकिन तकनीकी कारणों से ट्रेंने कैंसिल कर दी गई है। बड़ी संख्या में लंबी दूरी वाली यात्री गाड़ियां कैंसिल होने से ट्रेनों में भारी भीड़ है। समर स्पेशल ट्रेनें चलाई जा रही है। एसी कोच बढ़ाए गए हैं।

## गरीब, शोषित, वंचित और बुजुर्गों की सेवा ही ईश्वर की आराधना है: योगेश तिवारी

**रायपुर 27 मई।** शहीद स्मारक में आयोजित कार्यक्रम में निशक्तजनों का सम्मान एवं ट्राई साइकिल का होगा वितरण



रायपुर-राष्ट्रीय अध्यक्ष सर्व हिंदू सनातन संगठन योगेश तिवारी द्वारा अपने जन्मदिन को समर्थकों के साथ जन सेवा संकल्प दिवस के रूप में मनाया जाएगा। इस अवसर पर योगेश तिवारी के समर्थकों के द्वारा विविध कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिला मुख्यालय समेत ग्रामीण अंचल में समर्थकों के बीच केक काटकर जन्मदिन मनाएंगे। उन्होंने कहा कि गरीब, शोषित, वंचित और बुजुर्गों की सेवा ही ईश्वर की आराधना है। बेमेतरा विधानसभा के किसान, मजदूर समेत अन्य वर्गों के हितों के लिए हमेशा आगे रहूंगा। हमेशा क्षेत्र की जनता का आशीर्वाद मिला है, इसके लिए मैं उनका आभारी हूं। इस अवसर पर किसान नेता अपने समर्थकों के साथ वृद्धा आश्रम पहुंचकर माता पिता तुल्य बुजुर्गों के साथ भोजन करेंगे। इस दौरान किसान नेता ने बुजुर्गों को कपड़े का वितरण करेंगे। जिला अस्पताल में मरीजों को फल का वितरण किया जाएगा। वहीं उनके समर्थकों के द्वारा राम मंदिर प्रांगण में योगेश तिवारी की दीर्घायु होने की कामना को लेकर हवन पूजन किया जाएगा। 27 मई को दोपहर 2 बजे को शहीद स्मारक भवन में प्रतिभावान निशक्तजनों का सम्मान समरोह आयोजित हुआ। इस अवसर पर निशक्तजनों का सम्मान व ट्राईसाईकिल का वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बृजमोहन अग्रवाल मंत्री छग शासन, अध्यक्षता दयालदास बघेल मंत्री छग शासन, विशेष अतिथि राजेश मूणत विधायक रायपुर पश्चिम, मोतीलाल साहू विधायक रायपुर ग्रामीण, पुरंदर मिश्रा विधायक रायपुर उत्तर, संजय श्रीवास्तव भाजपा प्रदेश महामंत्री, रामू रोहरा भाजपा महामंत्री, जयंती पटेल रायपुर जिला अध्यक्ष,अशोक चतुर्वेदी संगठन प्रभारी, प्रमोद शर्मा पूर्व विधायक बलौदाबाजार आदि कार्यक्रम में शिरकत की।

## ट्रैफिक पुलिस ने 248 ऑटो चालकों का काटा चालान

**रायपुर, 27 मई ।** आटो और ई-रिक्शा के कारण शहर की यातायात व्यवस्था बाधित होने को लेकर नईदुनिया अभियान की खबर का शनिवार को बड़ा असर हुआ। एसएसपी संतोष सिंह ने आटो चालकों की मनमानी से बाधित हो रहे यातायात को गंभीरता से लेते हुए यातायात पुलिस को कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसके बाद शहर के प्रमुख चौक-चौराहों पर अभियान चलाकर नो पार्किंग और लेफ्ट टर्न पर खड़े कर सवारी बैठाते या उतारने वाले 248 आटो, ई रिक्शा चालकों का चालान काटकर जुर्माना वसूला गया। डीएसपी ने बताया कि शास्त्री चौक, जय स्तंभ चौक, फाफाडीह चौक, स्टेशन चौक, भनपुरी, टाटीबंध, भाठागांव, पचपेड़ी नाका, तेलीबांधा और पंडरी के चौक-चौराहों पर अभियान चलाकर यातायात बाधित कर रहे 248 आटो चालकों के विरुद्ध कार्रवाई की गई।

आवश्कता है

शिव धाम (अघोरेश्वर महादेव मंदिर) तुलसी (पाटन) में एक ऐसे परिवार, जो साफ-सफाई, रख-रखाव, भोजन व्यवस्था कर सके, की आवश्यकता है। राशन मंदिर समिति की ओर दिया जाता है। मासिक पारिश्रमिक 10000 रुपए।

संपर्क करें -98261 74789







कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26